सुप्रभात
रांची, बुधवार
31.12.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | पौष, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 13 । अंक : 168

06 विकसित राष्ट्र पर अटल जी की व्यापक दृष्टि

## न्यूज डायरी

### बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया का निधन

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और तीन दशकों से अधिक समय तक देश के राजनीतिक जीवन में सक्रिय रहीं बेगम खालिदा जिया का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 80 वर्ष की थीं। बेगम जिया ने नेतृत्व वाली बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी ने उनके निधन की पुष्टि की। बेगम जिया दो बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनीं, पहली बार 1991 से 1996 तक और फिर 2001 से 2006 तक और वह लोकतांत्रिक चुनाव के माध्यम से इस पद पर आसीन होने वाली देश की पहली महिला थीं।

### बाघिन मेघना ने दो शावकों को दिया जन्म

**पूर्वी सिंहभूम।** टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क की बाघिन मेघना ने दो स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। दोनों शावक पूरी तरह सुरक्षित हैं और उनकी सेहत स्थिर है। जू के पशु चिकित्सकों और केयर टीम द्वारा उनकी लगातार निगरानी की जा रही है। बाघिन मेघना का नाम जमशेदपुर के जू प्रेमियों की ओर से आयोजित सार्वजनिक नामकरण प्रतियोगिता के माध्यम से रखा गया था।

### वंदे भारत स्लीपर के ट्रायल में ग्लास से पानी नहीं छलका

**कोटा।** दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक पर मंगलवार को 180 की स्पीड पर वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल किया गया। यह ट्रायल मुख्य रेल संरक्षण आयुक्त जनक कुमार जैन की उपस्थिति में हुआ। 16 कोच की स्लीपर वंदे भारत ट्रेन कोटा से नागदा के बीच में दौड़ी। इस दौरान ट्रेन की स्थिरता तेज गति में जांचने के लिए गिलास में रखा पानी नहीं छलका।

## कार्टून कोना




### नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री विपक्ष पर जमकर बरसे

# विपक्ष ने अपने कार्यकाल में न कभी नौकरी दी, न रोजगार : हेमंत सोरेन

**रोजगार सृजन**

- परीक्षा हो रही है झारखंड में पेपर लीक हो रहा नेपाल में, हमलोग कहने पर नहीं करने पर करते हैं विश्वास

### सीजीएल के 26 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री ने प्रतीकात्मक रूप से सौंपा नियुक्ति पत्र

**समारोह में कुल नियुक्ति पत्र वितरण 1910**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बिना नाम लिये विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि परीक्षा हो रही है झारखंड में और क्वेश्चन पेपर लीक हो रहा है नेपाल में, गजब है.. उन्होंने कहा कि विरोधियों ने अपने कार्यकाल के दौरान न नौकरी दी न ही रोजगार दिया। हम आने वाले दिनों में नौजवानों के लिए अवसरों के कई दरवाजे खोलेंगे। कई सारी नियुक्तियां अलग-अलग चरणों में होंगी। उन्होंने कहा कि अब तक राजस्व निरीक्षक, वेटनरी अफसर, शिक्षक, अंचल निरीक्षक की बहाली हुई है। पॉलिटेक्निक में पहली बार हमारी सरकार ने प्रिंसिपल दिया। लाखों नौजवानों को अपने साथ जोड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 1910 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

इस अवसर पर उन्होंने सफल अभ्यर्थियों से कहा कि आप लोगों ने संघर्ष को जीतने के लिए जो परिस्थिति देखी, विरोधियों का षड्यंत्र भी देखा। वो भी ऐसा षड्यंत्र जो हमने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। इतने निचले स्तर पर जाकर नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना चाहते हैं। क्यूआर कोड से कोर्ट कचहरी के नाम पर चंदा इक्टठा कर रहे थे। ऐसा काम जो करेगा वो सीधे जेल जायेगा। नौजवान गरीब गुरबा बच्चों से करोड़ों का चंदा लिया। कई सारे ऐसे लोग हैं जो नये-नये षडयंत्र रचते हैं। चोर-पुलिस से भी एक कदम आगे रहते हैं। वैज्ञानिक तरीके से टेक्नोलॉजी का सपोर्ट लेते हुए परीक्षा बाधित करते हैं।

इस अवसर पर मंत्री राधा कृष्ण किशोर, दीपक बिरूआ, संजय प्रसाद यादव, शिल्पी नेहा तिर्की, रास सांसद महुआ मांझी, विधायक कल्पना सोरेन, सविता महतो, राजेश कच्छप, सुखराम उरांव, सुरेश कुमार बैठा आदि थे।

### झारखंड सुख, शांति और अमन चैन के साथ आगे बढ़ रहा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज झारखंड सुख, शांति और अमन चैन के साथ आगे बढ़ रहा है। राज्य के गांवों को हम काफी मजबूत करेंगे। सफल अभ्यर्थियों से कहा कि आपकी कार्यशैली से सरकार की छवि बनती है और बिगड़ती भी है। उन्होंने कहा कि 2019 में जब हम सत्ता में आये, तबसे हमारा कार्यकाल चुनौती भरा रहा। नौजवानों का विश्वास और सहयोग बना रहा। दुबारा सत्ता में आये, तो साल भर में एक लंबी गाढ़ी लकीर खींचते हुये नौजवानों को सरकार का अंग बनाया। करीब 9000 के करीब नियुक्ति पत्र दिया गया।

### कर्मियों की आकस्मिक मौत पर मिलेगा एक करोड़

सीएम ने कहा कि हमलोगों ने विभिन्न बैंकों से करार किया है कि हमारे कर्मचारी की अगर आकस्मिक मौत होती है तो उनके परिजनों को बैंक एक करोड़ रुपये देगी। यह अनुबंधकर्मियों को भी देय होगा। सब की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। सभी लोग राज्य के सर्वांगीण विकास में लगे। अभी इस राज्य में काफी क्षमता है।

### हजारों करोड़ का बकाया नहीं दे रही केंद्र सरकार

मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हमलोग केंद्र की बीजेपी सरकार की नजर में उनके विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है। आज हजारों करोड़ रुपये केंद्र के पास बकाया है। पैसा तो मिला नहीं नाम ठप्पा बदलकर नया नाम लागू करने का काम चालू है। व्हाट्सअप, इंस्टाग्राम, फेसबुक के जरीए ये लोग परीक्षा लेकर खबर फैलाते हैं कि सरकार के खिलाफ मोरचा खोलो। जबकि भाजपा शासित प्रदेशों में बिना लाठी डंडे के परीक्षा होती ही नहीं। ये लोग त्योहार में उन्माद फैलाते हैं।

### अंतरराज्यीय जन सांस्कृतिक समागम सह कार्तिक जतरा में हुईं शामिल

# विरासत व विकास के समन्वय से जनजाति समाज और देश को आगे बढ़ायें : राष्ट्रपति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**गुमला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को गुमला में रायडीह प्रखंड के मांझाटोली स्थित बेरियर बगीचा में आयोजित अंतरराज्यीय जन-सांस्कृतिक समागम कार्तिक जतरा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने जनजातीय समाज की अस्मिता और विरासत को संरक्षित रखने की जरूरत पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि विरासत व विकास के समन्वय से जनजाति समाज और देश को आगे बढ़ाना है। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रचार-प्रसार से ही समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

श्रीमति मुर्मू ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहते हुए आधुनिक शिक्षा, विज्ञान और तकनीक के माध्यम से आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि शिक्षा विकास की सबसे बड़ी पूंजी है और इसके विस्तार और प्रसार से ही समाज तथा राज्य का समग्र विकास संभव है।

राष्ट्रपति ने कहा कि पंखराज साहेब कार्तिक उरांव आदिवासी शक्ति स्वायतशासी विद्यालय निर्माण के लिए वे प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज आज भी पिछड़ा है। उन्हें आवास, खान-पान और आहार की सुविधा मिलनी चाहिए। कई आदिवासियों के पास आज भी घर नहीं है। सरकार मिशन मोड में आदिवासी समाज के विकास के लिए योजनाएं संचालित कर रही है।



### जनजातीय नायक पंखराज साहेब कार्तिक उरांव को किया नमन

राष्ट्रपति ने गुमला निवासी महान जनजातीय नायक पंखराज साहेब कार्तिक उरांव की स्मृति को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने विदेश में शिक्षा ग्रहण करने के बावजूद अपनी सोच को अपनी माटी और अपने लोगों के लिए समर्पित रखा और शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम माना। आज उसी भावना के साथ कार्तिक जतरा के माध्यम से लोग उन्हें याद कर रहे हैं, जो अपने आप में एक सार्थक पहल है।

### झारखंड आना तीर्थ यात्रा के समान, धरती आबा को किया याद

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि और कर्मभूमि झारखंड में आकर उन्हें तीर्थ यात्रा जैसा अनुभव होता है। बिरसा मुंडा आज पूरे देश में सामाजिक न्याय और जनजातीय गौरव के महान प्रतीक के रूप में सम्मानित हैं। इस अवसर पर लायंस नायक परमवीर अलर्बट एक्का, स्वतंत्रता सेनानी बख्तर साय मुंडल सिंह, जतरा टाना भगत जैसे विभूतियों पर चर्चा करते हुए उनके जीवन के आदर्शों को रेखांकित किया।

### आदिवासी समाज को दिखाना होगा विकास का रास्ता

राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी समाज को विकास का रास्ता दिखाना होगा। सरकारी नीति नियम की जानकारी उन्हें देनी होगी। आदिवासी समाज के लोग शिक्षा प्राप्त कर शहरों में रूक जाते हैं। उन्हें गांव जाना होगा और अपने समाज के उत्थान व विकास के लिए काम करना होगा। लोगों को संकल्प लेना होगा कि मेरा गांव मेरे लिये है।

राष्ट्रपति श्रीमति मुर्म ने कहा कि आदिवासी समाज के युवाओं के जीन में खेलकूद समाया हुआ है। संसाधनों के अभाव के बावजूद जुगाड़ तकनीक से वे बेहतर खेल का प्रदर्शन कर देश व समाज का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनजातियों के लिए झारखंड व छतीसगढ़ में म्यूजियम का निर्माण किया जा रहा है।

# रांची, धनबाद व कोडरमा के टाटा मोटर्स में एसीबी की रेड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड एसीबी ने मंगलवार की देर शाम धनबाद, रांची और कोडरमा में स्थित टाटा मोटर्स के शोरूम में एक साथ छापेमारी की। तीनों जिलों में संचालित टाटा मोटर्स की मालिक और डायरेक्टर आय से अधिक संपत्ति से जुड़े केस में आरोपी और एसीबी की नजरों में फरार चल रही स्निग्धा सिंह हैं।

एसीबी को सूचना मिली है कि रांची, धनबाद और कोडरमा में टाटा मोटर्स के शोरूम में करोड़ों रुपये का निवेश किया गया है, लेकिन निवेश के लिए पैसे कहां से आया और किसने दिया यह जानकारी एजेंसी को नहीं दी जा रही है। इससे पहले इसी महीने एसीबी ने निलंबित आईएएस विनय चौबे के करीबी श्रवण जालान और नवीन पटवारी के ठिकानों पर भी छापा मारा था।

### आइपीएस तदाशा मिश्र डीजीपी के पद पर नियुक्त, अधिसूचना जारी



**रांची।** झारखंड सरकार ने 1994 बैच की आइपीएस अधिकारी तदाशा मिश्र को डीजीपी के पद पर नियुक्त किया है। वर्तमान में वह प्रभारी डीजीपी थीं। गृह विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के मुताबिक तदाशा मिश्र को पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक (एचओएएफ) के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति झारखंड में पुलिस प्रमुख के चयन एवं नियुक्ति नियमावली 2025 के संशोधित प्रावधान के तहत किया गया है। बता दें कि सरकार ने पुलिस प्रमुख के चयन व नियुक्ति के लिए आठ जनवरी को आदेश जारी किया था। उसी आदेश के तहत तदाशा मिश्र की नियुक्ति डीजीपी के पद की गई है। वह अगले दो साल तक डीजीपी के पद पर काम करेंगी।

# पूर्वोत्तर भारत से 11 आतंकी गिरफ्तार

एजेंसी

**गुवाहाटी।** भारतीय सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों ने पूर्वोत्तर भारत, विशेषकर असम में सक्रिय एक कट्टरपंथी नेटवर्क का पदार्फाश किया है। यह नेटवर्क बांग्लादेश आधारित प्रतिबंधित आतंकी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) से जुड़े इमाम महमूदर काफिला (आईएमके) मॉड्यूल के तहत संचालित हो रहा था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 29 और 30 दिसंबर की मध्यरात्रि में असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने राज्य पुलिस के साथ मिलकर असम के बरपेटा, चिरांग, बाक्सा, दरंग जिलों और त्रिपुरा में एक साथ छापेमारी की। इस दौरान आईएमके से जुड़े 11 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि बांग्लादेशी नागरिक उमर और खालिद को असम में गतिविधियों के समन्वय की जिम्मेदारी दी गई थी। असम मॉड्यूल का नेतृत्व बरपेटा रोड निवासी नसीम उद्दीन उर्फ तमीम कर रहा था। संगठन की गतिविधियां एन्क्रिप्टेड सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए संचालित की जा रही थीं, जिनमें पूर्वा आकाश नामक समूह को मुख्य संचार और भर्ती मंच के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था।

### पीएम ने लेख शेयर किया, भारत वैश्विक स्तर पर बना आकर्षण का केंद्र

# भारत ने 2025 में पकड़ी सुधारों की तेज रफ्तार रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार हुआ देश: प्रधानमंत्री

**बहुआयामी सुधार**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2025 को सुधारों का वर्ष बताते हुए कहा है कि भारत ने विकास और समृद्धि की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ाते हुए रिफॉर्म एक्सप्रेस में सवार होकर तेज रफ्तार पकड़ ली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 में विभिन्न क्षेत्रों में किए गए ऐतिहासिक और दूरगामी सुधारों ने देश को त्वरित विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की मजबूत पटरी पर खड़ा किया है।



प्रधानमंत्री ने मंगलवार को अपने लिंक्डइन अकाउंट पर रिफॉर्म एक्सप्रेस 2025 पर एक लेख शेयर किया, जिसमें शासन के उस शांत लेकिन लगातार काम पर बात की गई है, जिसने हफ़्ते-दर-हफ़्ते रुकावटों को धीरे-धीरे दूर किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि 2025 में कई सेक्टरों में जबरदस्त सुधार हुए हैं, जिन्होंने हमारी ग्रोथ यात्रा को गति दी है। ये विकसित भारत बनाने के हमारे प्रयासों को भी बढ़ाएंगे। श्री मोदी ने कहा कि आज भारत वैश्विक स्तर पर आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसकी वजह देश के लोगों की नवोन्मेषी सोच, युवा शक्ति और अथक परिश्रम है। दुनिया भारत को उम्मीद और भरोसे के साथ देख रही है और यह विश्वास कर रही है कि भारत में अगली पीढ़ी के व्यापक और बहुआयामी सुधारों के माध्यम से प्रगति की गति को अभूतपूर्व ढंग से तेज किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस रिफॉर्म एक्सप्रेस का प्रमुख इंजन भारत की जनसांख्यिकी है- हमारी युवा आबादी और लोगों का अदम्य साहस। वर्ष 2025 को एक ऐसे वर्ष के रूप में याद किया जाएगा, जब सुधारों को एक सतत राष्ट्रीय मिशन के रूप में आगे बढ़ाया गया और बीते 11 वर्षों में किए गए प्रयासों को नयी ऊंचाइयों तक ले जाया गया। संस्थानों का आधुनिकीकरण किया गया, शासन को सरल बनाया गया और दीर्घकालिक, समावेशी विकास की मजबूत नींव रखी गयी।

(शेष पेज 11 पर)



# पेसा के नाम पर जनजाति समाज को दिखाया जा रहा लॉलीपॉप : रघुवर

## पूर्व सीएम ने सरकार पर आरोप लगाया कि यह नियमावली मूल भावना के विपरित है

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा है कि राज्य सरकार की ओर से पेसा के नाम पर जनजाति समाज को लॉलीपॉप दिखाया जा रहा है। श्री दास मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा तैयार की गई पेसा नियमावली को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। उन्होंने कहा है कि यह नियमावली पेसा कानून की मूल भावना के विपरीत है। उन्होंने मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुये कहा है कि अनुसूचित क्षेत्र के पारंपरिक ग्राम सभा क्षेत्र में परंपरा से प्रचलित रीति रिवाज के अनुसार मान्यता प्राप्त व्यक्ति की अहम भूमिका होती है। इसके तहत संथाल समुदाय में मांझी-परगना, हो समुदाय में मुंडा-मानकी, दिउरी- खड़िया समुदाय में डोकलो-सोहोर, मुंडा समुदाय में हातु-मुंडा-पड़हा राजा-पहान, उरांव समुदाय में महतो पड़हावेल और भूमिज में मुंडा-सरदार-नापा-डाकुआ की अहमियत होती है।



उन्होंने कहा है कि पेसा अधिनियम 1996 की धारा 4 ;क में स्पष्ट प्रावधान है कि पंचायत के बारे में कोई राज्य विधान जो बनाया जाये। रूढ़िजन्य विधि, सामाजिक एवं धार्मिक प्रथाओं और समुदायों के संसाधनों की परंपरागत प्रबंधन पद्धतियों के अनुकूल होगा। हर ग्राम सभा लोगों की परंपराओं और रूढ़ियों, उनके सांस्कृतिक पहचान, समुदायों के संसाधनों और विवाद निपटारे के लिये रूढ़िजन्य ढंग का संरक्षण एवं परीक्षण करने के लिए सक्षम होगी। ग्राम सभा ऐसे व्यक्तियों से मिलकर बनेगी। जिनके नाम को ग्राम स्तर पर पंचायत के लिये निर्वाचक नियमावली में सम्मिलित किया गया है। उन्होंने कहा कि पेसा की धारा 4 के प्रावधानों को नजरअंदाज कर दिया गया है। यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ग्राम सभा की अध्यक्षता रूढ़िवादी परंपराओं या संबंधित जनजाति से दूसरे धर्म में शामिल हो गये या अन्य संप्रदाय के लोगों को ग्राम सभा के अध्यक्ष के रूप में मान्यता तो नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पेसा कानून 1996 के अनुसार लघु खनिजों, वन उत्पादों, जल स्त्रोतों के संबंध में सामूहिक संसाधनों के मामले में पूर्ण प्रबंधन का अधिकार ग्राम सभा को दिया गया है। अब देखना है कि लघु खनिजों, बालू घाटों और जल स्त्रोतों जैसे संसाधनों के संबंध में ग्राम सभा को वास्तव में कोई अधिकार दिया गया है या नहीं। इनपर सरकार का पूर्ण नियंत्रण है या पूर्व की भांति ही चलता रहेगा।

**ग्राम सभा का प्रतिनिधित्व रूढ़िजन्य प्रधानों से तय हो :** रघुवर दास ने कहा कि पेसा अधिनियम 1996 के मुताबिक अधिसूचित क्षेत्र में इन ग्राम सभा एवं पंचायत का प्रतिनिधित्व रूढ़िजन्य जनजातीय प्रधानों के द्वारा किया जाना तय किया गया है।

इससे साफ है कि राज्य सरकार के द्वारा कैबिनेट स्तर से नियमावली बनाकर वास्तव में राज्य की जनजाति जनसंख्या को लॉलीपॉप दिखाने और उनकी आंखों में धूल झोंकने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेसा कानून में आदिवासी रूढ़िवादी व्यवस्था को मिटाने के बजाय उसे कानूनी जामा पहना कर सशक्त बनाया जाना चाहिये।

इस अवसर पर राम कुमार पाहन, योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाईक एवं रवि मुंडा उपस्थित थे।

## पेसा पर रघुवर का बयान राजनीति से प्रेरित : कांग्रेस

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा नेता रघुवर दास द्वारा पेसा नियमावली पर दिए गए बयान को पूरी तरह भ्रामक और राजनीति से प्रेरित करार दिया है। उन्होंने कहा कि जो भाजपा 20 वर्षों तक झारखंड की सत्ता में रहकर आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों को दबाती रही, आज वही घड़ियाली आंसू बहा रही है।

मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने दशकों से लंबित पेसा नियमावली को धरातल पर उतारने का जो साहस दिखाया है, उससे भाजपा का आदिवासी विरोधी चेहरा बेनकाब हो गया है। भाजपा को डर है कि अगर ग्राम सभाएं मजबूत हो गईं, तो जल-जंगल-जमीन की लूट बंद हो जाएगी। उन्होंने रघुवर दास के आरोपों को नकारते हुए स्पष्ट किया कि नई नियमावली जनजातीय समाज की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को और अधिक सशक्त और पारदर्शी बनाने के लिए तैयार की गई है। सरकार का उद्देश्य हर समुदाय की गरिमा को बरकरार रखते हुए उन्हें कानूनी सुरक्षा प्रदान करना है।

श्री शाहदेव ने तंज कसते हुए कहा कि रघुवर दास छत्तीसगढ़ का उदाहरण दे रहे हैं, लेकिन वे भूल गए कि झारखंड में उन्हीं के शासनकाल में सीएनटी-एसपीटी एक्ट में संशोधन कर आदिवासियों की जमीन हड़पने की कोशिश की गई थी। भाजपा की नीति हमेशा आदिवासियों को वनवासी मानकर उनके अधिकार छीनने की रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा जानबूझकर पेसा कानून के कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न करना चाहती है ताकि इसे कानूनी पेचीदगियों में फंसाया जा सके। गठबंधन सरकार राज्य की 32 जनजातियों की अस्मिता और उनकी ग्राम सभा के अधिकारों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## खबर एक नजर में

### शिक्षा विभाग के 5 बीईईओ बदले, सीमा पहुंचीं ओरमांझी

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से अभ्यावेदन और अनुशंसा के आधार पर राज्य के प्रखंडों में पदस्थापित बीईईओ को उनके मन मिजाज के प्रखंडों में पदस्थापित किया गया है। इसके तहत प्रभाकर कुमार को नामकुम भेजा गया है। कल्पना तांती को अनगड़ा और सिल्ली का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। निर्मला लता लातेहार के गारू में पदस्थापित हैं। उन्हें सरयू, बालूमाथ, चंदवा और बरियातू प्रखंड का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं सीमा कुमारी को ओएरमांझी और तितुलाल मंडल को कोडरमा सदर के अलावा डोमचांच और सतगांवा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### जनवरी में होगी झारखंड तकनीकी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा

**राची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने झारखंड तकनीकी/विशिष्ट योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 को लेकर अहम सूचना जारी की है। आयोग द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह परीक्षा जनवरी 2026 के अंतिम सप्ताह में आयोजित की जाएगी। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह परीक्षा नियमित एवं बैकलॉग दोनों श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए होगी। परीक्षा से संबंधित विस्तृत कार्यक्रम, एडमिट कार्ड एवं अन्य आवश्यक जानकारियां समय-समय पर आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाएंगी।

### आईपीएस तदाशा मिश्रा डीजीपी पद पर नियुक्त

**रांची।** झारखंड सरकार ने 1994 बैच की आईपीएस तदाशा मिश्रा को डीजीपी के पद पर नियुक्त किया है। अभी वह प्रभारी डीजीपी थी। गृह विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के मुताबिक तदाशा मिश्रा को महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक (एचओएएफ) के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति झारखंड में पुलिस प्रमुख के चयन एवं नियुक्ति नियमावली 2025 के संशोधित प्रावधान के तहत किया गया है। बताते चलें कि सरकार ने पुलिस प्रमुख के चयन व नियुक्ति के लिए आठ जनवरी को एक आदेश जारी किया था। उसी आदेश के तहत तदाशा मिश्रा की नियुक्ति डीजीपी के पद की गई है। वह अगले दो साल तक झारखंड पुलिस प्रमुख के पद पर काम करेंगी।

### नववर्ष पर युवाओं को रोजगार की सौगात महागठबंधन सरकार ने निभाया वादा : दूबे

**रांची।** महागठबंधन सरकार ने नववर्ष के अवसर पर राज्य के युवाओं को रोजगार की ऐतिहासिक सौगात दी है। स्थानीय मोरहाबादी मैदान में जेएसएससी की ओर से आयोजित सीजीएल परीक्षा में चयनित 1910 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नियुक्ति पत्र दिये। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री, सत्ताधारी दल के विधायक तथा अन्य अतिथि उपस्थित थे। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने कहा कि यह केवल नियुक्ति पत्रों का वितरण नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। माता-पिता के लिए सबसे बड़ा गर्व का क्षण तब होता है, जब उनके बच्चे के हाथ में मेहनत के बाद सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र होता है। आज हजारों परिवारों के लिए यह खुशी का दिन है। उन्होंने कहा कि तमाम अड़चनों के बावजूद महागठबंधन सरकार ने अपने नेक इरादों और दृढ़ संकल्प के बल पर राज्य के युवाओं से किया गया वादा पूरा किया है। रोजगार देना, रोजगार के अवसर सृजित करना और नए क्षेत्रों में संभावनाएं तलाशना इस सरकार की प्राथमिकता है। यह सरकार कहने में नहीं, बल्कि करके दिखाने में विश्वास रखती है।

### कोल इंडिया की सभी अनुषांगिक कंपनियों का आएगा आइपीओ, पीएमओ ने दिया निर्देश

**रांची।** देश की सबसे बड़ी सरकारी कोयला कंपनी 'कोल इंडिया' अब एक बड़े बदलाव की दहलीज पर खड़ी है। प्रधानमंत्री कार्यालय यानी पीएमओ ने निर्देश दिया है कि साल 2030 तक कोल इंडिया की सभी 8 अनुषांगिक कंपनियों को शेयर बाजार में लिस्ट कर दिया जाए। इसका सीधा मतलब यह है कि आने वाले सालों में हमें एक के बाद एक कई बड़े आईपीओ देखने को मिल सकते हैं। सरकार का इरादा साफ है- वह चाहती है कि कोयला सेक्टर को घिरे घिरे प्राइवेट कंपनियों को हस्तांतरित कर दिया जाए। लिस्टिंग का यह सफर काफी तेजी से शुरू हो चुका है। खबरों की मानें तो मार्च 2026 तक भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) और सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआइ) स्टॉक एक्सचेंज पर दस्तक दे देंगी। बीसीसीएल को लेकर तैयारियां पूरी रफ्तार में हैं। इसके लिए देश और विदेश में रोड शो भी किए जा चुके हैं ताकि बड़े निवेशकों को लुभाया जा सके। इन दोनों कंपनियों ने बाजार नियामक सेबी के पास अपने ड्राफ्ट पेपर भी जमा कर दिए हैं। यह लिस्टिंग 'ऑफर फॉर सेल' के जरिए होगी, जिसमें कोल इंडिया अपनी हिस्सेदारी बेचेगी।

**कतार में हैं एसईसीएल और महानदी कोलफील्ड्स :** सिर्फ बीसीसीएल ही नहीं, बल्कि साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) और महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के लिए भी हरी झंडी मिल चुकी है। कोल इंडिया के बोर्ड ने इन दोनों कंपनियों की लिस्टिंग को मंजूरी दे दी है। कोयला मंत्रालय ने कंपनी को निर्देश दिया है कि अगले वित्त वर्ष के भीतर इन दोनों कंपनियों को लिस्ट करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

### एबीवीपी एसएफएस झारखंड प्रदेश संयोजक बनाए गए रवि

**रांची।** विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 26वां प्रदेश अधिवेशन गढ़वा जिला में अयोजित हुआ। कार्यक्रम 25 दिसंबर से लेकर 28 दिसंबर तक आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा थे। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से कुल एक हजार छात्र-छात्राओं और शिक्षक प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। 26वां प्रातः अधिवेशन में 2025-26 की नई कार्यकारिणी की घोषणा हुई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष डॉ मौसमी पॉल एवं प्रदेश मंत्री प्रकाश टुट्टी को बनाया गया। साथ ही छात्र के हित और अधिकार के लिऐ सदैव आवाज बुलंद करने वाले देश और समाज सेवा में सदैव तत्पर रहने वाला राम लखन सिंह यादव कॉलेज के निर्वाचित छात्र संघ के सचिव रवि अग्रवाल को एसएफएस (स्टूडेंट फॉर सेवा) झारखंड प्रदेश संयोजक का दायित्व दिया गया। श्री रवि अग्रवाल ने इस मौके पर कहा कि संगठन सदैव देश समाज और छात्र हित के लिए काम करती है और संगठन ने ये ज़िम्मेदारी मुझ पर दी है।

### मालगाड़ी डिरेलमेंट से तीन ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से गईं

**रांची।** आसनसोल मंडल के लहाबोन-सिमुलतला रेलखंड के बीच मालगाड़ी के डिरेलमेंट के कारण रांची से परिचालित होने वाली तीन ट्रेनें मंगलवार को प्रभावित रही। इसमें रांची-गोड्डा एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग के स्थान से परिवर्तित मार्ग जसीडीह, देवघर, मोहनपुर, हरलाटांड़ और हंसडीह होकर चली। दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग किऊल, तिलैया, बंधुआ, कोडरमा, गोमो, चंद्रपुरा और राजाबेड़ा होकर चली। गोड्डा-टाटानगर एक्सप्रेस वाया मुरी भी परिवर्तित मार्ग हंसडीह, हरलाटांड़, मोहनपुर, देवघर और जसीडीह होकर चली।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 मदों के सामने उल्लिखित तिथि को 15:00 बजे से पहले निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं और इसे 15:30 बजे खोला जाएगाः **क्र.सं.; निविदा सं.; कार्य का विवरण; निविदा मूल्य; और बयाना राशि** क्रमशः: **(1); ई-केजीपी-एचक्यू-60-2025**; एडीईएन/तामलुक के अधिकार क्षेत्र के तहत तामलुक/दीघा सेक्शन में कांथी और रामनगर (बंगाल) रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म का विस्तार; ₹ 2,96,87,825.74; ₹ 2,98,400.00; **(2); ई-केजीपी-साउथ-65-2025**; वरिष्ठ डीईएन (साउथ)/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत खड़गपुर-भद्रक सेक्शन में 25 सेट के थ्रू टर्नआउट रिन्यूअल यानी टीटीआर [टीएसआरः 60 किग्रा 1 इन 12-3 सेट, डब्ल्यूसीएमएसः 60 किग्रा 1 इन 12-16 सेट, डब्ल्यूसीएमएसः 60 किग्रा 1 इन 8.5-6 सेट), 42 सेट के टीडब्ल्यूएसईजे और 63 सेट के ग्लूड ज्वाइंट के रिन्यूअल कार्य का निष्पादन; ₹ 78,85,599.65; ₹ 1,57,700.00; **(3); ई-केजीपी-साउथ-66-2025:** एडीईएन/बालासोर के अधिकार क्षेत्र के तहत एच-बीम स्लीपरों के साथ गर्डर पुलों पर एलाइनमेंट रिटेनर को ठीक करना; ₹ 2,18,83,494.26; ₹ 2,59,400.00; **(4); ई-केजीपी-साउथ-67-2025**: एडीईएन/साउथ/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत एच-बीम स्लीपरों के साथ गर्डर पुलों पर एलाइनमेंट रिटेनर को ठीक करना; ₹1,31,54,917.15; ₹ 2,15,800.00; **(5); ई-केजीपी-वेस्ट-55-2025**; एडीईएन/झाड़ग्राम के अधिकार क्षेत्र के तहत सरडीहा और गिधनी स्टेशन के पास एलसी नंबर 70 और 92 पर मौजूदा सबवे का सुधार और उन्नयन; ₹ 2,16,13,660.72;₹ 2,58,100.00; **(6); ई-केजीपी-वेस्ट-56-2025**; एडीईएन/झाड़ग्राम के अधिकार क्षेत्र के तहत चाकुलिया, कोकपाड़ा और धालभूमगढ़ स्टेशन के पास एलसी नंबर 103, 111 और 116 पर मौजूदा सबवे का सुधार और उन्नयन; ₹ 2,29,67,331.28; ₹ 2,64,800.00; **निविदा दस्तावेज की लागतः** ₹ 0.00 (क्र.सं. 1 से 6 के लिए); **खुलने की तिथिः** 13/01/2026 (क्र. सं. 1 के लिए), 15/01/2026 (क्र. सं. 2 से 4 के लिए) और 16/01/2026 (क्र. सं. 5 और 6 के लिए); **कार्य समापन अवधि** 12 महीने (क्र. सं. 1 से 6 के लिए); **बोली प्रारंभ तिथिः** क्र.सं. 1 के लिए 30/12/2025 से और 13/01/2026 को 15:00 बजे तक; **बोली प्रारंभ तिथिः** क्र. सं. 2 से 4 के लिए 01/01/2026 से और 15/01/2026 को 15:00 बजे तक; **बोली प्रारंभ तिथिः** क्र.सं. 5 से 6 के लिए 02/01/2026 से और 16/01/2026 को 15:00 बजे तक; इच्छुक निविदाकर्ता निविदाओं के पूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **नोटः** भावी बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से '**www.ireps.gov.in**' देखें। **(PR-1015)**


# कांग्रेस हर कीमत पर करेगी मनरेगा की रक्षा : केशव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस भवन रांची में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में बोर्ड निगम के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों,अग्रणी मोर्चा संगठन और विभाग के अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा ड्राफ्ट कमिटी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के सदस्य ज्यां द्रेज शामिल थे।



बैठक में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस ने हर कीमत पर मनरेगा की रक्षा करने की शपथ ली है क्योंकि मनरेगा कोई योजना नहीं, भारत के संविधान से मिला काम का अधिकार है। ग्रामीण मजदूरों के सम्मान, रोजगार, मजदूरी वो समय पर भुगतान के लिए संघर्ष किया जायेगा। मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना और मजदूर के अधिकार को खैरात में बदलने की हर साजिश का लोकतांत्रिक विरोध हर मोर्चे पर कांग्रेस करेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नये कानून के तहत केंद्र सरकार 90 प्रतिशत की जगह सिर्फ 60 प्रतिशत और राज्य सरकार 10 प्रतिशत की जगह 40 प्रतिशत खर्च वहन करेगी। इससे राज्य सरकारों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और विकास कार्य बाधित होंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश के अरबपतियों का लाखों करोड़ों रुपया माफ कर देती है और गरीबों को काम की गारंटी वाली योजना खत्म कर देती है।

### संघीय ढांचा पर हमला कर रही है मोदी सरकार : ज्यां द्रेज

राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के सदस्य ज्यां द्रेज ने कहा कि मोदी सरकार संघीय ढांचा पर हमला कर रही है। राज्यों से पैसा छीना जा रहा है, वह सत्ता और वित्त का केन्द्रीयकरण है। उन्होंने सीधा कहा कि यह फैसला प्रधानमंत्री कार्यालय से लिया गया है। इसको लेकर ना ही कैबिनेट से कोई चर्चा की गई और ना ही संबंधित मंत्री से। उन्होंने कहा कि मनरेगा के खात्मे का एक ही मक्सद है, गरीबों के रोजगार को मिटाना।

### पांच को होगी लोकभवन तक पदयात्रा

महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बैठक में लिए गये निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि मनरेगा योजना खत्म किये जाने के विरोध में कांग्रेस आर-पार की लडाई लड़ेगी। उन्होंने बताया कि तीन जनवरी को राज्य के तमाम जिला मुख्यालयों में संवाददाता सम्मेलन आहूत की जाएगी। उसके उपरांत 5 जनवरी को रांची बापू वाटिका मोरहाबादी से पदयात्रा करते हुए कांग्रेस के कार्यकता और नेता लोकभवन पहुंचेंगे जहां यह पदयात्रा एक सभा में तब्दील हो जायेगी। बैठक में सहजादा अनवर, रबीन्द्र सिंह, संजय लाल पासवान, राजीव रंजन प्रसाद, शमशेर आलम,राकेश सिन्हा,जयशंकर पाठक,कुमार गौरव, गजेन्द्र सिंह, सोमनाथ मुंडा, राकेश किरण महतो, उज्जल तिवारी राजन वर्मा, बिनय ओरांव, राज, नीतू सिंह, सुमित शर्मा, हृदयानंद यादव शामिल थे।

### अभिभावकों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति जताया आभार, अभ्यर्थियों में खुशी



**रांची।** जेएसएससी - सीजीएल के सफल अभ्यर्थियों को मंगलवार को नियुक्ति पत्र मिला। अभ्यर्थियों के चेहरे पर संघर्ष की चमक और मुस्कान थी। उनके साथ बड़ी संख्या में परिजन भी समारोह स्थल मोरहाबादी पहुंचे थे। अभ्यर्थी सुबह नौ बजे से समारोह स्थल पर पहुंचना शुरू कर दिये थे। उनके साथ परिजन भी थे। लातेहार से आयीं वंदना कुमारी के माता अनिता देवी ने बताया कि परीक्षा के बाद रिजल्ट आने में एक साल से अधिक समय बीत गये। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताते हुए बताया कि उन्होंने तकरीबन दो हजार अभ्यर्थियों के कड़ी मेहनत और परिश्रम को साकार होने दिया। सीएम हेमंत सोरेन दृढ़ इच्छाशक्ति वाले दूरदर्शी नेता हैं। नौजवानों के भविष्य की चिंता करते हैं। ऐसे कई अभिभावक थे, जो मुख्यमंत्री के प्रति शुक्रिया जताते थक नहीं रहे थे। मुख्यमंत्री को समारोह स्थल पहुंचने में थोड़ी देर हुई। वे तीन बजे पहुंचे। उनके आते ही अभ्यर्थियों ने खड़े होकर उनका अभिवादन जोर जोर से चिला-चिलाकर किये। ऐसा लगा शांत मैदान में अचानक नौजवानों की किलकारियां गूंज उठी। यह देख हेमंत सोरेन और उनके साथ पहुंची उनकी पत्नी गांडेय विधायक कल्पना सोरेन प्रफुलित दिखी। ऐसे कई मौके पर यह देखा गया।

### धान क्रय में झारखंड ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि, मंत्री ने की समीक्षा

# धान खरीद में धनबाद प्रथम व जामताड़ा द्वितीय स्थान पर, किसानों में खुशी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में धान अधिप्राप्ति ने नया रिकॉर्ड बनाया है। 60 लाख क्विंटल के लक्ष्य के मुकाबले अब तक 8.55 लाख क्विंटल धान अतिरिक्त खरीदा गया है। इसके एवज में किसानों को 206.49 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना है, जिसमें से 68.57 करोड़ रुपये की राशि अब तक दी जा चुकी है। रिकॉर्ड धान क्रय और भुगतान से किसानों में खुशी का माहौल है।



**खराब प्रदर्शने वाले जिलों पर होगी कार्रवाई :** खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की आपात समीक्षा बैठक कर जिलावार धान क्रय की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों को बधाई दी। वहीं, गढ़वा, पलामू और रामगढ़ के कमजोर प्रदर्शन करनेवाले जिलों के अधिकारियों के प्रति कड़ी नाराजगी जतायी।

**किसनों के प्रति जवाबदेह रहें डीएसओ :** मंत्री ने स्पष्ट कहा कि डीएसओ किसानों के प्रति जवाबदेह रहें। भुगतान में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने बताया कि राज्य में पहली बार 15 दिनों में 33 प्रतिशत धान क्रय पूरा हुआ है। नमी के नाम पर कटौती नहीं करने, धान की तस्करी पर सख्त निगरानी रखने और बैंकों के माध्यम से किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये।

# सीएम हेमंत ने 1910 सफल अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में मंगलवार को आयोजित भव्य नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में कुल 1910 सीजीएल के सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इनमें से 26 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा प्रतीकात्मक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपे गये। शेष अभ्यर्थियों को विभागीय स्तर पर नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र, पौधा एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। उन्होंने स्वागत भाषण में कहा कि लगभग एक महीने पहले ही राज्य सरकार द्वारा करीब 9000 सरकारी नौकरियां दी गई थीं। आज पुनः विभिन्न विभागों की रिक्तियों पर 1900 से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा रहे हैं। आज का दिन आप सभी के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकारी सेवा में चुनौतियां जरूर आयेंगी। लेकिन, यही जनसेवा का सबसे सशक्त मंच भी है। उन्होंने सभी नव.नियुक्त कर्मियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यह केवल मदद नहीं बल्कि आर्थिक और सामाजिक न्याय का माध्यम है। अब तक लगभग 68 हजार नियुक्तियां दी जा चुकी हैं। राज्य में कुल 1.60 लाख स्वीकृत सरकारी पद हैं। जैसे-जैसे ये पद भरेंगे। हमें युवाओं के लिये रोजगार के नये विकल्प भी तलाशने होंगे। उन्होंने बताया कि एमएसएमई के माध्यम से 6 लाख 78 हजार लोगों को रोजगार दिया गया है। दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में भी अपार संभावनाएं हैं। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि स्वरोजगार के लिये बैंक ऋण में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि राज्य के 25 वर्ष पूरे होने के अंतिम दौर में जिस तरह की ऐतिहासिक नियुक्तियां मिल रही हैं, यह केवल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की वजह से संभव हुआ है। विपक्ष केवल बयानबाजी करता है। उन्होंने कहा कि नव नियुक्त कर्मियों की भूमिका राज्य को आगे बढ़ाने में निर्णायक होगी।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
(CIN : U40108JH2013SGC001702)
Regd. Office : Engineering Building, H.E.C., Dhurwa, Ranchi-834004,
Telephone :-0651-2400799 & Fax : 0651-2400799
https://www.jbvnl.co.in

**Tender Cancellation Notice**

Due to un-avoidable reason, e-tender for "Selection of system integrator for providing managed wifi services and internet lease line along with hardware for 3 years" floated vide NIT No. 241/PR/JBVNL/2025-26 is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतें को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें। PR No. 365495

PR 369722 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (25-26)_D

Sd/-
General Manager (IT)

# राष्ट्रपति से मिले सीएम हेमंत और विधायक कल्पना सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन मुर्मू ने मंगलवार की सुबह लोकभवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। यह एक शिष्टाचार भेंट वार्ता थी। इसके बाद राष्ट्रपति लोकभवन से गुमला के लिये रवाना हो गयीं।



## राष्ट्रपति को राज्यपाल ने एयरपोर्ट पर दी विदाई



## गुमला का न्यूनतम पारा 2.4 व रांची 5.4 डिग्री पर पहुंचा

# आज 12 जिलों में घना कोहरा की छाये रहने की संभावना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में सर्दी पूरे शबाब पर है। आठ जिलों का न्यूनतम पारा नौ डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। गुमला में सबसे कम न्यूनतम पारा 2.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रांची का न्यूनतम पारा 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने 31 दिसंबर को राज्य में 12 जिलों में घना कोहरा छाये रहने की संभावना जताई है। इन जिलों में गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहेबगंज और पाकुड़ शामिल हैं। इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में वृद्धि की संभावना जताई है। यह वृद्धि दो से चार डिग्री सेल्सियस तक हो सकती है। वहीं रांची के आसपास के क्षेत्रों में 31 दिसंबर को अधिकतम तापमान 24 और न्यूनतम आठ डिग्री सेल्सियस, एक जनवरी को अधिकतम 25 और न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस और दो जनवरी को अधिकतम 24 और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस और तीन जनवरी को अधिकतम 24 और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है।



| स्थान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.3 | 5.4 |
| जमशेदपुर | 23.4 | 8.6 |
| डालटनगंज | 16.0 | 5.0 |
| बोकारो | 21.6 | 7.1 |
| चाईबासा | 26.8 | 9.2 |
| खूंटी | 25.5 | 3.7 |
| लोहरदगा | 22.5 | 4.6 |
| लातेहार | 21.8 | 11.2 |
| सरायकेला | 24.7 | 7.1 |
| पाकुड़ | 16.6 | 12.9 |
| गुमला | 20.7 | 2.4 |

## दवा दुकान में आग लगी लाखों का हुआ नुकसान

**रांची।** राजधानी के कांके रोड स्थित एक केयर एंड क्योर मेडिसिन सेंटर नामक दवा दुकान में भीषण आग लग गयी। घटना सोमवार देर रात की है। इस आगलगी में लाखों का नुकसान हुआ है। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। हालांकि तब तक दुकान में रखी सारी दवाइयां जलकर राख हो चुकी थी। गोंदा थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि देर रात दवा दुकान में आग लगी थी, जिसपर काबू पा लिया गया है। पुलिस की गश्ती टीम भी मौके पर मौजूद थी। ऐसा लग रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी।

गौरतलब है कि राजधानी रांची में बीते सप्ताह से आगलगी की घटनाएं बढ़ गई है। पांच दिनों के भीतर राजधानी रांची में तीन भीषण आग लगने की घटना हो चुकी हैं। इससे पहले रांची अरगोड़ा इलाके में एक अपार्टमेंट में आग लगी थी। उसके बाद अरगोड़ा में ही एक हार्डवेयर दुकान जलकर राख हो गया था। वहीं अब दवा दुकान में आग लगने की घटना सामने आयी है।

## ट्रिपल आईटी में पीएचडी के लिए चयनित सविता कच्छप ने सीएम से की मुलाकात



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में ट्रिपल आईटी, रांची में आदिवासी समुदाय से चयनित सबसे कम उम्र की पीएचडी अभ्यर्थी सविता कच्छप ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री ने उन्हें अपनी ओर से बधाई एवं शुभकामनायें दी। उन्होंने सविता कच्छप को पीएचडी की पढ़ाई पूरी करने के लिये राज्य सरकार की ओर से 2 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि का चेक उनके परिजन को सौंपा।

**सिर्फ 24 साल की उम्र में हुआ चयन :** इस अवसर पर मुख्यमंत्री के समक्ष सविता कच्छप ने कहा कि वे अरगोड़ा के डूंगरी टोली की निवासी हैं और वर्तमान में मधुकम स्थित अपनी नानी के घर पर रह कर पढ़ाई कर रही हैं। मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वे आदिवासी समुदाय में सबसे कम उम्र 24 वर्ष की अभ्यर्थी हैं। वे टेक्निकल फील्ड में पहला ट्राइबल रिसर्च स्कॉलर भी हैं तथा आईईईई में अंतराष्ट्रीय नॉवेल्टी रिसर्च वर्क प्रेजेंट कर चुकी हैं। मौके पर मुख्यमंत्री ने सविता कच्छप की हौसला अफजाई करते हुये उनसे कहा कि वे आगे अपनी पढ़ाई और शोध कार्य जारी रखें। राज्य सरकार हरसंभव उन्हें मदद करेगी। मौके पर सविता कच्छप के परिजन एवं अन्य उपस्थित थे।

# स्मृति को रांची की मिस दिवा और पृथ्वी को मिस्टर हंक का मिला खिताब मिला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड के रिलायंस कार्निवल 2026 के तीसरे दिन मंगलवार को कैटवॉक प्रतियोगिता हुई। इसमें युवकों और युवतियों को रैंप वॉक करना था और जज के सवालों का जवाब देना था। निर्णायक के रूप में पूनम आनंद, फेमिना मिस इंडिया ईस्ट जोन विजेता रिया नंदिनी, प्रियांशु राज, जयंत मिश्रा उपस्थित थे। स्मृति को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के कारण रांची की मिस दिवा का खिताब मिला। जबकि, दूसरे स्थान पर प्राची और तीसरे स्थान पर तनिष्का रही। पृथ्वी को मिस्टर हंक का खिताब मिला। जबकि, दूसरे स्थान पर उज्ज्वल और तीसरे स्थान पर मिन्हाज रहे। मंगलवार को सबसे पहले बैलून को बैलेंस करने की चुनौती थी। इसके बाद मिमिक्री कंपटीशन थी। बच्चों ने स्टार्स की आवाज को निकाला। इसके बाद बबल गम को सबसे ज्यादा ब्लास्ट करने की चुनौती थी। महिलाओं ने मिस्त्री ज्वेलरी टच में खूब आनंद लिय। उनकी आंखों पर पप्तियां बांधकर उन्हें गहनों को पहचानने की चुनौती थी। इसके बाद महिलाओं ने बेस्ट साड़ी कंपटीशन में मेड इन इंडिया गाने के थीम पर कैटवॉक किया। फैंसी ड्रेस कंपटीशन में भी बड़े संख्या में बच्चे आये थे। आउटफिट का थीम रेड कलर था। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।



### चॉकलेट ईटिंग कंपिटीशन में 300 बच्चों ने हिस्सा लिया

बच्चों के लिए चॉकलेट ईटिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। इसमें कम समय में बच्चों को ज्यादा से ज्यादा चॉकलेट खाने की चुनौती थी। 300 से ज्यादा बच्चों ने इसमें हिस्सा लिया। इसलिये, इसे कई राउंड में करना पड़ा। बच्चों ने जमकर चॉकलेट खाया और इनाम भी जीता। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड समूह के चेयरपर्सन प्रतुल शाह देव, डॉ विद्या झा शाहदेव, विपुल नायक, सत्य प्रकाश चंदेल, लोकेश कुमार, वसीम आलम, राहुल शाह देव, देव ज्योति नाहा, आनंद नायक, प्रदुमन, उदय आदि उपस्थित थे। विजेताओं में सुप्रिया, सूरज, अमृत, सुमित, शानवी, तैयब, जेसिका, मोना, सुनंदा, सपना, अंकिता, मोना, जिया, प्रियांशी शामिल थे।

## लातेहार की वंदना को सचिवालय सहायक के पद पर मिली नियुक्ति

### कठिन संघर्ष से मिली सफलता ...

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मोरहाबादी मैदान में आयोजित नियुक्ति-पत्र वितरण समारोह में एसएससी-सीजीएल के सफल 1910 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों नियुक्ति पत्र मिला। वंदना कुमारी की नियुक्ति कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग में हुई है। कनीय सचिवालय सहायक के पद पर नियुक्ति पत्र पानेवाले वंदना की कहानी संघर्ष से भरा है। चार भाई बहनों में बड़ी वंदना कुमारी की पहचान मेधावी छात्रा के रूप में थी। लातेहार जिले के बरवाड़ीह ब्लॉक के पोखरी कलां गांव से स्कूली शिक्षा ग्रहण की। पहली कक्षा से लेकर मैट्रिक तक प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रही। आगे की शिक्षा के लिए रांची आयी। रांची में मारवाड़ी कॉलेज (वीमेंस) से इंटर और बाद में रांची कॉलेज से स्नातक तथा रांची विवि से साइक्लॉजी में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की।



माता-पिता की आर्थिक स्थिति उतनी अच्छी नहीं होने के कारण उसे पढ़ाई के दौरान ट्यूशन पढ़ाकर खर्च उठानी पड़ती थी। उसे घर की माली हालत सुधारने के लिए नौकरी हर हाल में चाहिए थी। सो, कठिन परिश्रम और मेहनत की। उसने अपने इस सफलता के लिए पिता देवेन्द्र सिंह और माता अनिता देवी को श्रेय देना चाहूंगी। पिता दैनिक वेतन भोगी कर्मी के रूप में वेतला नेशनल पार्क में कार्यरत हैं।

# एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे बनेगा इंडोर स्पोर्ट्स सेंटर : संजय सेठ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर यहां के लिये बहुत ही उपयोगी सिद्ध हो रहा है। श्री सेठ मंगलवार को कॉरिडोर का निरीक्षण कर रहे थे। ओटीसी ग्राउंड की तरफ एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे इंडोर स्पोर्ट्स सेंटर निर्माण करने के लिये एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिया। यहां के आसपास के बच्चे खेल में इसका उपयोग कर सकेंगे। सुबह में यहां के बुजुर्गों के लिये मॉर्निंग वॉक और युवाओं के लिए जिम की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इस स्थान पर आमजनों के आवाजाही के लिए क्रॉसिंग भी बनाया जायेगा। ताकि कॉरिडोर के नीचे से आवागमन करने वालों को कोई समस्या नहीं हो। नागा बाबा खटाल एवं लोक भवन के पास जनहित में उपयोग किया जायेगा। यहां पर ओपन जिम पार्क पार्किंग के निर्माण पर बातचीत हुई।



## फ्लाईओवर के नीचे स्पोर्ट्स कोर्ट बनाना दुर्घटना को आमंत्रण देना: किशोर शाहदेव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने रातू रोड और नागा बाबा खटाल के पास फ्लाईओवर के नीचे स्पोर्ट्स कोर्ट बनाने की सांसद संजय सेठ की पहल को दुर्घटना को आमंत्रण देने की कोशिश करार दिया है। मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि पूर्व की बीजेपी सरकार में कई खेल मैदान अपने मित्रों और पूंजिपतियों के हवाले कर दिया और आज सड़क के बीच में स्पोर्ट्स कोर्ट बनाकर दुर्घटना को आमंत्रण देने का काम कर रही है। उन्होंने भाजपा सांसद संजय सेठ द्वारा फ्लाई ओवर के नीचे स्पोर्ट्स कोर्ट बनाने का निरीक्षण महज एक राजनीतिक स्टंट और फोटो अपॉर्चुनिटी करार दिया है। जनता ये पूछना चाहती है कि पिछले दस वर्षों से केंद्र की सत्ता में रहने के बावजूद भाजपा को रांची के युवाओं और खेल के मैदानों की याद अब क्यों आ रही है?

श्री शाहदेव ने कहा कि सच्चाई यह है कि फ्लाई ओवर बनने के बावजूद रातू रोड के व्यापारी और आम जनता त्रस्त है। सांसद को चाहिए कि वो एनएचओआई पर दबाव बनाकर शहर को जाम मुक्त कराने के लिए विभिन्न प्रोजेक्ट को मंजूरी दिलाकर जल्द पूरा करवाने का काम करे।

## वेस्ट यूजर चार्ज नहीं चुकाने वालों पर रांची नगर निगम सख्त, बकाएदारों को नोटिस

**रांची।** रांची नगर निगम ने वेस्ट यूजर चार्ज नहीं चुकाने वाले बड़े बकाएदारों के खिलाफ सख्त कदम उठाना शुरू कर दिया है। नगर निगम क्षेत्र के सभी घरों, होटल, हॉस्टल, बैंक्वेट हॉल और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए वेस्ट यूजर चार्ज का भुगतान अनिवार्य है।

नगर निगम प्रशासक के निर्देश पर अप्रैल 2022 से दिसंबर 2025 तक का बकाया नहीं चुकाने वाले 100 बड़े बकाएदारों की सूची तैयार की गई है। इन सभी को नोटिस भेजा गया है। नोटिस मिलने के 7 दिन के भीतर पूरा बकाया भुगतान करना जरूरी होगा। यदि तय समय में भुगतान नहीं किया गया, तो झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत जुर्माना और अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम ने सभी नागरिकों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों से अपील की है कि वे समय पर वेस्ट यूजर चार्ज जमा करें, ताकि शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर और लगातार बनी रहे।

## पीसीआर-21 की पुलिस से मारपीट करनेवाला आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** चुटिया थाना पुलिस ने पीसीआर-21 में तैनात पुलिस अनिल चंद्र साहा के साथ मारपीट कर घायल करने के आरोपी युवक विपिन बिहारी टुडू को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्त में आया अभियुक्त स्टेशन परिसर के आसपास कचरा चुनता है। जानकारी के अनुसार 25 दिसंबर की रात रांची रेलवे स्टेशन परिसर के समीप कचरा चुनने वालों के बीच आपस में मारपीट हो रही थी। इसकी जानकारी मिलने पर मौके पर पीसीआर-21 घटनास्थल पर पहुंची थी। पुलिस मारपीट करनेवालों को हटाने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान आरोपी विपिन बिहारी टुडू ने पुलिस के सिर पर पीछे से लाठी से हमला कर दिया, जिसके बाद घायल पुलिसकर्मी को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था। वहीं चाकूबाजी व चेन छिनतई करने की घटना में पुलिस ने एक अन्य आरोपी अभियुक्त मनी सिंह उर्फ मनिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार 6 सितंबर को पटेल चौक के समीप आरोपी अभियुक्तों के द्वारा चेन छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया था।

# सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज होने का बना रिकार्ड

### वर्ष 2025 में करीब 50 हजार केस दर्ज

उदय चौहान

**रांची।** सिविल कोर्ट में इस वर्ष शिकायतवाद दर्ज होने का नया रिकॉर्ड बना है। वर्ष 2025 में अब तक कुल 49,965 मामले दर्ज किये जा चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष के मुकाबले काफी अधिक है। पिछले साल लगभग 42838 मामले दर्ज हुये थे। आंकड़ों के अनुसार, इस साल 360 दिनों में 49,965 मामले दर्ज किया जा चुका है। प्रतिदिन औसतन 139 केस निचली अदालत में पहुंचा है। उल्लेखनीय है कि वैसे मामले भी सीधे अदालत पहुंचा है, जिस अपराध में थाने में प्राथमिकी दर्ज की जानी थी। लेकिन, थाना के आनाकानी के कारण पीड़ित पक्ष अदालत में अपने अधिवक्ता के माध्यम से शिकायतवाद दर्ज करवाया है। पीड़ितों को मजबूरन न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। दर्ज मामलों में चेक बाउंस के साथ हत्या, दुष्कर्म, जानलेवा हमला समेत अन्य गंभीर अपराध शामिल है। साथ में, एक्साइज, फॉरेस्ट और मोटर वाहन अधिनियम से जुड़े मामले में भी शिकायतवाद दर्ज किया गया है। हालांकि, मोटर वाहन एक्ट में दर्ज अधिकांश मामले लोक अदालत में सेटलमेंट हो चुका है। अदालत में सीधे केस पहुंचाने की दर प्रत्येक साल बढ़ता जा रहा है। कभी 11 से 12 हजार तक ही साल में केस पहुंचता था। जैसे-जैसे जागरूकता लोगों में आ रही है।

### जेडी नंदी के दोनों पत्नियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल





राजधानी समेत अन्य जगहों पर जमीन और घर का सपना दिखा 65.45 करोड़ रुपये की ठगी कर उसका मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में संजीवन बिल्डकॉन के एमडी जेडी नंदी की दोनों पत्नियों अनिता नंदी व अनामिका नंदी समेत चार पर आरोप तय कर दिया गया है। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत ने चारों आरोपियों से उस पर लगे आरोप के बारे में पूछा। आरोपियों ने आरोप से इनकार किया और कहा कि आगे मुकदमे का सामना करेंगे। इस पर अदालत ने उक्त दोनों के साथ बिल्डकॉन के निदेशक रहे श्याम किशोर गुप्ता और स्मार्ट पीपुल्स डेलवपर्स के निदेशक राम प्रताप वर्मा पर आरोप तय किया। साथ ही, ईडी को मामले में साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसके लिये अदालत ने 17 जनवरी की तारीख निर्धारित की है। मामला ईसीआइआर 2/2020 से जुड़ा है। चार्जशीट दाखिल होने के पांच साल बाद मामले में आरोप तय किया गया। ईडी ने मामले में जेडी नंदी समेत आठ के खिलाफ 8 मई 2020 को चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी के अनुसार आरोपियों ने आम लोगों को जमीन और मकान देने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी की। ठगी से अर्जित रकम को पहले मेसर्स संजीवनी बिल्डकॉन और एसबीपीएल के खातों में जमा कराया गया। इसके बाद इसे मेसर्स स्मार्ट पीपुल्स डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य व्यक्तिगत खातों में ट्रांसफर किया गया। जांच में धन को छिपाने और घुमाने के लिए छह शेल कंपनियों का इस्तेमाल किया गया। इस मामले में 13 मार्च 2020 को ईडी ने पहली गिरफ्तारी श्याम किशोर गुप्ता के रूप में की थी। करीब डेढ़ साल काटने के बाद ऊपरी अदालत से अगस्त 2021 में जमानत की सुविधा प्रदान की। उस पर 3.11 करोड़ रुपये मनी लाउंड्रिंग का आरोप है। लोगों से करोड़ों की ठगी का आरोप है। ठगे गये पैसे मेसर्स एसबीपीएल के खाता में जमा किये गये। बाद में मेसर्स स्मार्ट पीपुल्स डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड समेत अन्य व्यक्तिगत खाते में डाला गया। इसके अलावा छह शेल कंपनियां भी खोल रखी थीं। मिली जानकारी के अनुसार 2008 से 2012 तक इन लोगों ने मनी लाउंड्रिंग की।

## सीसीएल ने मोबाइल मेडिकल यूनिट किया रवाना ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा को मिलेगी मजबूती

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीसीएल ने मंगलवार को अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के तहत झारखंड के दूरस्थ एवं वंचित ग्रामीण क्षेत्रों में निवारक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) एम्बुलेंस को रवाना किया। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट को सीसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र ने वरिष्ठ अधिकारियों, महाप्रबंधकों, विभागाध्यक्षों एवं सीसीएल कर्मियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पहल राज्य के खनन क्षेत्रों के आसपास रहने वाले समुदायों को समान और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रति सीसीएल की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।





### अत्याधुनिक जांच सुविधाओं से है सुसज्जित

यह मोबाइल मेडिकल यूनिट अत्याधुनिक जांच सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें स्तन कैंसर जांच, एक्स-रे एवं आरटी-पीसीआर के माध्यम से क्षय रोग (टीबी) की जांच, तथा डायबिटीज जांच, सीबीसी, हीमोग्लोबिन एवं ब्लड ग्रुपिंग जैसी आवश्यक लैब जांच सुविधाएं शामिल हैं। यह यूनिट केबीपी परियोजना क्षेत्र के आसपास के गांवों में कार्य करेगी, जिसमें बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड एवं रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड शामिल हैं।

**मोबाइल मेडिकल यूनिट से ग्रामीण लाभार्थियों मिलेगा लाभ : निदेशक**

इस अवसर पर हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि सीसीएल स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में सार्थक सीएसआर पहलों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह मोबाइल मेडिकल यूनिट अंतिम छोर तक रहने वाले लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण जांच एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायेगा।

# सरकारी स्कूलों के बच्चों में कम्युनिकेशन स्किल्स डेवलप कर रहा है शिक्षा विभाग

- दूसरी-तीसरी कक्षा के बच्चे भी अब अपने आसपास के विषयों पर बोल रहे हैं बेझिझक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों के बच्चों में संवाद कौशल और आत्मविश्वास विकसित करने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग ने एक अभिनव पहल की शुरूआत की है। इस कार्यक्रम का नाम है रांची स्पीक, जो सितंबर 2024 से जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में संचालित किया जा रहा है। इस पहल के तहत अब बच्चे केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि वे मंच पर खड़े होकर आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखना भी सीख रहे हैं।

**पढ़ाई के साथ बोलने की कला पर फोकस :** रांची स्पीक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कम्युनिकेशन स्किल्स यानी संवाद क्षमता को मजबूत करना है। लंबे समय से यह महसूस किया जा रहा था कि सरकारी स्कूलों के बच्चे विषय की समझ तो रखते हैं लेकिन मंच पर बोलने, विचार रखने और आत्मविश्वास के साथ संवाद करने में झिझक महसूस करते हैं। इसी कमी को दूर करने के लिए जिला शिक्षा विभाग ने यह पहल शुरू की है।

**नवीन आरक्षी विद्यालय में सफल प्रयोग :** राजकीयकृत मध्य विद्यालय नवीन आरक्षी में यह कार्यक्रम प्रभावी रूप से लागू किया गया है। यहां कक्षा एक से लेकर 8वीं तक पढ़ने वाले कुल 275 छात्र-छात्राओं को रांची स्पीक प्रोग्राम से जोड़ा गया है। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों के सहयोग से बच्चों को नियमित रूप से बोलने का अभ्यास कराया जा रहा है। विद्यालय की प्रधानाचार्य के अनुसार, यह कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभा रहा है। बच्चों के उच्चारण, भाषा की समझ और आत्मविश्वास में स्पष्ट सुधार देखने को मिल रहा है।


**महीने में दो बार मंच का अभ्यास :** कार्यक्रम के तहत हर महीने दो बार लगभग 15 दिनों के अंतराल पर बच्चों को किसी एक विषय पर बोलने का अवसर दिया जाता है। पहले बच्चों को विषय से संबंधित जानकारी दी जाती है, फिर उन्हें तैयारी का समय मिलता है। इसके बाद मंच पर बुलाकर उन्हें अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस प्रक्रिया में बच्चों को यह सिखाया जाता है कि वे कैसे अपनी बात को क्रमबद्ध तरीके से रखें? शब्दों का सही चयन करें और बिना डरे सबके सामने बोलें।

**छोटे बच्चों में भी बढ़ रहा आत्मविश्वास :** रांची स्पीक की खास बात यह है कि इसमें छोटे बच्चों को भी बराबर का मंच दिया जा रहा है। कक्षा 2 और 3 के बच्चे भी अब अपने आसपास के विषयों पर बेझिझक बोल रहे हैं। कोई अपने प्रखंड पर बोल रहा है तो कोई राष्ट्रीय पर्व, सामाजिक मुद्दों या बाल दिवस जैसे विषयों पर अपनी समझ साझा कर रहा है। शिक्षकों का कहना है कि पहले जो बच्चे बोलने से डरते थे, अब वे मंच पर अपनी बात कहने के लिए उत्साहित रहते हैं।

**कार्यक्रम से 2100 स्कूलों के बच्चों को जोड़ा गया**

वर्तमान में 2100 स्कूलों के बच्चों को इस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन विद्यालयों के छात्रों के बीच नियमित रूप से प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाता है, जिससे बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता, मंच संचालन और तार्किक सोच का विकास हो सके।

## आज की रात डीजे और रूसी डांसर्स के साथ झूमेगा शहर



- मंदिरों व पिकनिक स्पॉट्स पर भी नये साल की रौनक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नये साल के स्वागत को लेकर शहर में जोरदार तैयारियां शुरू हो गई हैं। आज की रात शहर के विभिन्न इलाकों में डीजे की धुनों पर लोग नये साल का जश्न मनाते नजर आयेंगे। कई स्थानों पर खास तौर पर रूसी डांसर्स के कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे न्यू ईयर सेलिब्रेशन और भी खास बनने जा रहा है।

शहर के तमाम होटल, रेस्टोरेंट और क्लबों में न्यू ईयर नाइट के लिए विशेष आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। रिसॉर्ट्स में भी डीजे नाइट का आयोजन किया जा रहा है, जहां लोग संगीत और नृत्य के साथ 2026 का स्वागत करेंगे।

**मंदिरों में भी नये साल के स्वागत को लेकर विशेष तैयारियां :** वहीं दूसरी ओर एक जनवरी को शहर के मंदिरों में भी नये साल के स्वागत को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। नये वर्ष के पहले दिन श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिरों में पूजा-पाठ के लिए पहुंचेंगे और सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। कई मंदिरों में विशेष आरती और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे।

**पिकनिक स्पॉट्स पर भी भारी भीड़ उमड़ने की संभावना :** इसके अलावा एक जनवरी को शहर के प्रमुख पिकनिक स्पॉट्स पर भी भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। लोग परिवार और मित्रों के साथ पिकनिक मनाने के लिए पार्क, वाटरफॉल और अन्य पर्यटन स्थलों की ओर रुख करेंगे। इसे देखते हुए प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क नजर आ रही हैं। नये साल को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है। एक ओर जहां युवा वर्ग डीजे और नृत्य के साथ जश्न मनाने की तैयारी में है, वहीं दूसरी ओर लोग धार्मिक स्थलों और पिकनिक स्थलों पर जाकर खुशी और उल्लास के साथ नये साल की शुरूआत करने को उत्सुक हैं।

## लायन्स ईस्ट ने अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष लायन एपी सिंह का जन्मदिन मनाया

### एक भारतीय का पद सुशोभित करना गर्व की बात : लायन भारतेन्दु झा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लायन्स इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष लायन एपी सिंह के जन्मदिन के अवसर पर निरामाया अस्पताल कोकर में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर लगाया गया, जिसमें 70 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उचित सलाह दी गयी। शाम में अल्बर्ट एक्का चौक स्थित प्याऊ पर केक काट कर उनके दीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की मंगलकामना सदस्यों द्वारा की गयी। इस अवसर पर अध्यक्ष भारतेन्दु झा ने कहा कि भारत के लिए यह गर्व की बात है कि आज विश्व की सबसे बड़ी सामाजिक संस्था के अध्यक्ष पद को सुशोभित करने वाला एक भारतीय है। इस अवसर पर क्लब के सचिव अमित कुमार, पूर्व जिलापाल राजीव लोचन, राजेश गुप्ता, कमल जैन, पूर्व अध्यक्ष अनुपमा लोचन, सुनील माथुर, आनंद माणिक, राम कृष्ण जी, अमरचंद बेगानी, राम बालक वर्मा, इंद्रजीत कोइरी के साथ क्लब के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## छोड़ेंगे ना हम तेरा द्वार ओ बाबा सात जन्म तक...

- श्री श्याम मन्दिर में पुत्रदा एकादशी उत्सव अत्यंत श्रद्धा भाव से आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में मंगलवार को पुत्रदा एकादशी उत्सव अत्यंत श्रद्धा भाव में आयोजित किया गया । वर्ष 2025 की अंतिम एकादशी पर प्रातः से ही भक्तों की भारी भीड़ इस पावन दिवस पर श्री श्याम प्रभु का दर्शन करने के लिए उमड़ पड़ी । इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को सुंदर नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर गुलदाऊदी, रजनीगंधा, गुलाब, एवं तुलसी दल की मालाओं से अत्यंत मनमोहक श्रृंगार किया गया। साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे से श्री श्याम प्रभु के जयकारों की बीच पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा भावपूर्ण संकीर्तन प्रारम्भ किया गया। तुझको रिझाएंगे भजन तेरा सुनाएंगे, खूब सज्यों श्रृंगार खाटू वाले को, छोड़ेंगे ना हम तेरा द्वार ओ बाबा सात जन्म तक, हमें तो जी भी दिया श्याम बाबा ने दिया इत्यादि भजनों की लय पर भक्तगण झूमते रहे।

इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मेवा-फल-खीर चूरमा व केसरिया दूध का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओम जोशी, रमेश सारस्वत, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, मनोज ढांढनियां, गौरव परसरामपुरिया, नितेश केजरीवाल, नितेश लाखोटिया, विकाश पाडिया, प्रियांश पोद्दार का सहयोग रहा।

## खबर एक नजर में

### श्री श्याम परिवार, रांची का तीन दिवसीय श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव 2026 की घोषणा



**रांची।** श्री श्याम परिवार, रांची द्वारा आयोजित तीन दिवसीय श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव 2026 की घोषणा की गई है। यह महोत्सव 30, 31 जनवरी एवं 01 फरवरी 2026 को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं दुर्गाबाड़ी में आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के संयोजक के रूप में पवन लोहिया एवं सह-संयोजक के रूप में पवन जालान एवं पंकज मटोलिया को नियुक्त किया गया है। अध्यक्ष श्रवण जालान एवं महामंत्री मंटू जालान ने कार्य समिति का गठन किया है। इस अवसर पर महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया गया जिसमें कमल जालान, पवन लोहिया, निरंजन लाल तोदी, पवन शर्मा, राजेश शर्मा, विमल झनझुनवाला, मुकेश दिनोदिया, रोहित चांगल, राजेश जालान आदि सदस्य उपस्थित थे। जयदीप राज ने बताया कि प्रभु श्री श्याम के आशीर्वाद से पवन लोहिया के सान्निध्य में श्री श्याम परिवार अपना श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव 2026 खूब हर्षोल्लास के साथ मनायेगा। यह जानकारी प्रचार संयोजक अमित चौधरी ने दी।

### रांची क्लब में शीतकालीन गुलाब प्रदर्शनी 11 को

**रांची।** द रोज सोसाइटी ऑफ रांची की ओर से 102वीं शीतकालीन गुलाब प्रदर्शनी का भव्य आयोजन 11 जनवरी को रांची क्लब में किया जाएगा। इस मनमोहक प्रदर्शनी में देश-विदेश की आकर्षक प्रजातियों के गुलाब फूल के साथ-साथ कलाकारों द्वारा तैयार की गई सैकड़ों कलाकृतियों के नमूने प्रदर्शित किए जाएंगे। प्रदर्शनी को 7 वर्गों और 75 खंडों में विभाजित किया गया है, जिसमें नए प्रतियोगियों एवं छोटे बागानों के लिए अलग वर्ग निर्धारित किए गए हैं। स्कूल व कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए गुलाब सज्जा का विशेष खंड रहेगा। इसके अलावा गमलों में लगे गुलाब पौधे, गुलाब चित्रकला, शिल्प, कढ़ाई, छाया चित्र सहित कई रचनात्मक कलाएं भी आकर्षण का केंद्र होंगी। अधिक जानकारी के लिए द रोज सोसाइटी ऑफ रांची की ट्रेजरर हेजल डेविस से 9955359206 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रदर्शनी 11 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे से शाम 6 बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। प्रवेश निःशुल्क होगा।

### कार के अंदर से बैग सहित लैपटॉप की चोरी

**रांची।** अरगोड़ा थाना अंतर्गत अन्नपूर्णा होटल के बाहर कार के अंदर से बैग सहित लैपटॉप व मोबाइल चोरी की घटना घटी है। इस संबंध में लाईट हाउस, धुर्वा में रहनेवाले अनंत कुमार ने थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। प्राथमिकी में अंनत कुमार ने पुलिस को बताया है कि रात करीब 11 बजे वह अपने ऑफिस से कार्य खत्म कर अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान खाना पैक कराने के लिये वह अरगोड़ा स्थित अन्नपूर्णा होटल के बाहर कार पार्किंग कर अंदर गये थे। खाना लेकर जब वह वापस आये तो देखा कि कार के पीछे का दरवाजा खुला हुआ है। पीछे सीट पर एक बैग था, जो गायब था। बैग के अंदर जरुरी कागजात, लैपटॉप और मोबाइल रखा हुआ था।

### सीजीएल नियुक्ति पत्र वितरण पर महासंघ ने जताया हर्ष

रांची। झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ ने हेमंत सरकार की ओर से मंगलवार को राजधानी के मोरहाबादी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से नियुक्ति पत्र दिए जाने पर खुशी जाहिर की है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष आदिल जहीर ने कहा कि लंबे समय बाद जिस तरह से एक से बढ़कर एक सरकार अपनी कार्य उपलब्धियों को धरातल में ला रही है। इसकी जितनी प्रसंशा की जाए उतनी कम है। जहीर ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को विभिन्न विभागों में नियुक्ति करने की सराहना की। महासंघ के अध्यक्ष ने कहा कि राज्य के युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध करा रही है जो सरकार का बेहतर कदम है। इससे राज्य के युवाओं में उमंग और उत्साह का माहौल होगा।

## देवी मंडप भक्त परिवार की महाआरती एक जनवरी को



**रांची।** देवी मंडप भक्त परिवार के द्वारा महाआरती का 13वां महोत्सव एक जनवरी को आयोजित किया जायेगा। महाआरती में 351 महिलाएं भाग लेंगी। सुबह 9 बजे सत्यनारायण भगवान का पूजन, कथा, हवन का आयोजन किया जायेगा। दिन के 12 से 3 बजे तक प्रसाद वितरण किया जायेगा।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 14 पदक

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**रांची।** ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रोत्साहित प्रतियोगिता 27 से 29 दिसंबर 2025 तक बोकारो में आयोजित की गई, जिसमें झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, असम, दिल्ली, ओडिशा सहित देश के 15 से अधिक राज्यों की टीमों ने भाग लिया। सरला बिरला की छात्राओं ने अपने अद्भुत कौशल, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए कुल 14 पदक अर्जित किए, जिनमें छह स्वर्ण, छह रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। स्वर्ण पदक कक्षा सातवीं की तन्वी वत्स, सोनाक्षी महतो और रिद्धि सिंह, कक्षा नौवीं की भव्या कुमारी बिन्हा, तथा कक्षा दसवीं की सिया शुक्ला और रिद्धिमा सिंह ने प्राप्त किए। रजत पदक कक्षा छठी की कल्पना महतो, कक्षा सातवीं की तन्वी वत्स, कक्षा आठवीं की नंदिनी मौर्य और आध्या लिया, कक्षा नौवीं की भव्या कुमारी बिन्हा, तथा कक्षा दसवीं की सिया शुक्ला ने जीते। वहीं कांस्य पदक कक्षा छठी की कल्पना महतो और कक्षा आठवीं की प्रतिज्ञा सिंह के खाते में आए। इस सराहनीय उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय की प्राचार्या मनीषा शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर मिली यह सफलता छात्राओं की निरंतर मेहनत, कठोर प्रशिक्षण और अडिग एकाग्रता का परिणाम है।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर 12 जनवरी को संगोष्ठी आयोजित करने पर सहमति



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** वाईबीएन यूनिवर्सिटी एवं मां शारदे साहित्यिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में 12 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मंगलवार को विवि परिसर में आयोजित बैठक के दौरान दी गई। मां शारदे साहित्यिक मंच की अध्यक्ष डॉ. नीतू सिन्हा ने वाईबीएन यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. रामजी यादव से भेंट कर आयोजन से संबंधित सहमति एवं सहयोग पर चर्चा की।

डॉ. नीतू सिन्हा ने बताया कि संगोष्ठी दो सत्रों में आयोजित की जाएगी, जिसमें युवा, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर विचार-विमर्श होगा। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

मौके पर झारखंड हाई कोर्ट की वरीय अधिवक्ता एवं अखंड भारत साहित्य परिषद की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कंचनलता, राजकमल सरस्वती विद्यामंदिर धनबाद के संस्थापक डॉ. वासुदेव प्रसाद, डॉ. सुबोध कुमार, रामस्वरूप, जय प्रकाश, झारखंड साहित्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष विजय भारती, राजकुमार प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र के प्रति उनके दायित्वों से जोड़ना और उनके सर्वांगीण विकास को प्रेरित करना है।

## श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में दक्षिण भारतीय श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

फोटो-वेंकटेश्वर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पृथ्वी का वैकुंठ कहे जाने वाले तिरुमल तिरुपति देवस्थानम की तर्ज पर द्रविड़ शैली में बने रांची में स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में मंगलवार को वैकुण्ठ एकादशी व्रत मनायी गयी। इस एकादशी के अवसर पर चार दिवसीय वैकुण्ठ महोत्सव मनाये जा रहे हैं, जो कि 01 जनवरी गुरुवार को संपन्न होगा। महोत्सव के दूसरे दिन सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान में भक्तों की भीड़ से मंदिर परिसर भरा हुआ था। तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक के निवासी (जो रांची नगर में रहते हैं) की बहुतायत संख्या में भीड़ लगी और सबों ने सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान में सहभागी हुये। चारों पाली के सहस्त्रार्चन में 150 परिवारों ने सहभागिता दी। श्रीधाम वृंदावन से पधारे जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज और उनके सहयोगी श्रीगोविन्ददास जी महाराज के हाथों संकल्प कराकर पूजन शुरू हुआ । इस पुण्य अवसर पर जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी जी महाराज ने कहा कि वैकुंठ एकादशी धनुर्मास मास के दौरान शुक्ल पक्ष की एकादशी को होता है। यह माना जाता है कि बैकुंठ लोक का द्वारा इस दिन खुलता है

वैकुंठ एकादशी के उपलक्ष्य पर भगवान का महाभिषेक किया गया। सहस्त्रनाम अर्चना में मुख्य रूप से राम अवतार नरसरिया, अनूप अग्रवाल, घनश्याम दास शर्मा, उदय राठौर, सुरेश प्रसाद सिंह, श्याम किशोर मिश्रा, गौरीशंकर साबू, आयुष अग्रवाल, कमलनयन द्विवेदी, अनीश अग्रवाल के अतिरिक्त सैकड़ों लोगों ने परिवार सहित यजमान की भूमिका निभाई।

## गुरुंग समाज के तामु लोसार महोत्सव में गौरव गुरुंग सम्मानित

- पूर्वी क्षेत्र से उभरते लॉन टेनिस अंपायर गौरव गुरुंग को 2025 के उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**









**रांची।** जैप-1 कैंपस के टिकू हॉल में मंगलवार को रांची के गुरुंग समाज ने तामु लोसार महोत्सव के शुभ अवसर पर पूर्वी क्षेत्र से उभरते लॉन टेनिस अंपायर गौरव गुरुंग को 2025 के उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। मौके पर तामु गुरुंग समाज के संस्थापक विजय गुरुंग, सचिव सतीश गुरुंग, सक्रिय सदस्यगण मीना गुरुंग, आरती गुरुंग, संजय गुरुंग, अमरदीप गुरुंग, निशांत गुरुंग, विशाल गुरुंग, अमोल गुरुंग आदि उपस्थित थे।

सचिव सतीश गुरुंग ने सभा में प्रशस्ति पत्र में वर्णित गौरव गुरुंग की 2025 की सफलताओं का उल्लेख किया, जिनमें चुनिन्दा हैं पुणे में मई में महाराष्ट्र राज्य टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बिली जीन किंग टेनिस चैंपियनशिप में लाइन अंपायर होना, आल इंडिया आई.आई.टी. टेनिस चैंपियनशिप जो आई.आई.टी. कानपूर, हैदराबाद, तिरुपति एवं धनबाद में संपन्न हुई उसमें अंपायरिंग करना, नेशनल टेक्निकल ऑफिसर बनकर फरवरी में देहरादून में 38वां राष्ट्रीय खेल में, तृतीय कंचनजंघा तीस्ता टेनिस प्रतिस्पर्धा, सिलीगुड़ी में, खेलो इंडिया प्रतियोगिता मई में पटना में, एन.आई.टी. जमशेदपुर में आए.टी.एफ. वर्ल्ड मास्टर टूर में, भारत कोकिंग कोल नेशनल टेनिस टूर्नामेंट इत्यादि में उन्होंने शानदार अंपायरिंग की। गौरव गुरुंग आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक भी हैं।

## सरना धर्मावलंबियों की तीर्थ यात्रा 23 जनवरी को, जुटेंगे सात राज्यों के आदिवासी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा भारत (अनुबंधित) की ओर से 23 जनवरी 2026 को सिरासीता तीर्थ यात्रा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कोकड़ो लता की विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। तीर्थ यात्रा में झारखंड के अलावा असम, ओडिशा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश और दिल्ली से हजारों सरना धर्मावलंबी शामिल होंगे। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय सचिव जलेश्वर उरांव ने मंगलवार को बताया कि 23 जनवरी को सरना धर्मावलंबी रांची से गुमला जिले के सिरासीता तीर्थ स्थल के लिए रवाना होंगे। लगभग दो हजार आदिवासी परिवार पारंपरिक वेशभूषा में बसों के माध्यम से यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह यात्रा आदिवासी समाज की आस्था, परंपरा और एकता का प्रतीक है।

वहीं संगठन सचिव गैयना कच्छप ने बताया कि गुमला स्थित सिरासीता नाला सरना धर्मावलंबियों का पवित्र स्थल है, जहां हर वर्ष लाखों आदिवासी एक मंच पर जुटते हैं। इस आयोजन को राष्ट्रीय उत्सव के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के तहत सुबह 9 बजे पहान द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी, इसके बाद सामूहिक सरना प्रार्थना सभा आयोजित होगी।

इस आयोजन में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा भारत के उपाध्यक्ष सोमे उरांव, कोषाध्यक्ष बिरसा उरांव, जिलाध्यक्ष सोमदेव उरांव, लोहरदगा जिलाध्यक्ष योगेंद्र उरांव, सुधु भगत, सुभानी तिग्गा, नवीन तिर्की, जयंती उरांव सहित कई समाज के अगुआ नेतृत्व करेंगे।

# बलिदानी जीतराम बेदिया की 223वीं जयंती समारोह

## भगवान बिरसा व बलिदानी जीतराम देश के नायक हैं : संजय सेठ



ओरमांझी के कार्यक्रम में शामिल रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ।



अतिथियों के साथ शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बेटियां।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** बलिदानी जीतराम बेदिया स्मारक समिति द्वारा मंगलवार को पिस्का, ओरमांझी में स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानी जीतराम बेदिया की 223वीं जयंती के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने बलिदानी जीतराम बेदिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, और कहा जीतराम बेदिया जैसे वीर स्वतंत्रता संग्रामियों का योगदान राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। आदिवासी समाज ने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभाई है, जिसे देश कभी भुला नहीं सकता। उन्होंने कहा बलिदानी केवल किसी एक समाज के नहीं, बल्कि पूरे देश के नायक होते हैं। जयंती मनाने का उद्देश्य नयी पीढ़ी को अपने बलिदानियों व जननायकों के संघर्ष व त्याग से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि अकबर व औरंगजेब नहीं, भगवान बिरसा मुंडा व अमर बलिदानी जीतराम बेदिया जैसे महानायक देश के वास्तविक नायक हैं। आदिवासी समाज आज भी अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ा हुआ है। उन्होंने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला, कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी समाज को सम्मान और द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर पूरे समाज को गौरव प्रदान किया है। इससे पूर्व रक्षा राज्यमंत्री ने बलिदानी जीतराम बेदिया की प्रतिमा स्थल पर नवनिर्मित शेड का उद्घाटन व शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली समाज की बेटियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा आयोजक मंडल व आदिवासी बेदिया समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनकी मांगों को पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। कार्यक्रम को अपर आयकर आयुक्त निशा उरांव, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया सहित कई अतिथियों ने संबोधित किया। वक्ताओं ने बलिदानी जीतराम बेदिया के संघर्ष और त्याग को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प लिया और कहा कि अंग्रेजों के विरुद्ध जंग लड़ने वाले आदिवासी समाज के वीर योद्धाओं को केंद्र सरकार द्वारा भी समुचित सम्मान मिलना चाहिये। कार्यक्रम में संरक्षक रामधन बेदिया, अध्यक्ष कामेश्वर बेदिया, सचिव महेश बेदिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष शंकर महतो, विहिप अध्यक्ष चतुर साहू, शंकर बेदिया, मीणा देवी, कृष्णा बेदिया, दुबेश्वर बेदिया, नागेश्वर बेदिया, अमरनाथ चौधरी, दिलीप मेहता, राजकिशोर साहू, रोहित साहू, दीपक बड़ाईक, गणेश महतो, सुरेश मुंडा, लालमोहन बेदिया, बिनोद बेदिया, सरिता देवी, रिना देवी, शांति देवी, बुधराम बेदिया, पंचित बेदिया, जनेश्वर बेदिया, भीम मुंडा, मनोज बेदिया व प्रवेश भोगता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**पेसा कानून से पत्थर बालू और जमीन माफिया गायब होंगे : निशा उरांव :** समारोह की मुख्य वक्ता अपर आयकर आयुक्त निशा उरांव ने बलिदानियों के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील करते हुए पेसा कानून की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पेसा कोई साधारण कानून नहीं, बल्कि यह समाज की अस्मिता से जुड़ा कानून है। इसके प्रभावी रूप से लागू होने पर पत्थर, बालू और जमीन माफिया स्वतः समाप्त हो जाएंगे। उन्होंने कहा पेसा कानून ग्रामसभा को सर्वोच्च अधिकार देता है। इसके तहत ग्रामसभा को न्यायिक अधिकार भी प्राप्त होंगे, जिससे छोटे-मोटे विवादों का निपटारा गांव स्तर पर ही संभव हो सकेगा। उन्होंने महोतई, ओहार और सरदार की पारंपरिक भूमिकाओं की जानकारी देते हुए कहा कि यह कानून हमारे पूर्वजों द्वारा बनाई गई परंपरा और संस्कृति को संरक्षण व पहचान देगा। यातायात कानून का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा जैसे कानून को तोड़ा जाता है, और उसे कड़ाई से लागू करना पड़ता है, उसी तरह पेसा कानून को भी तोड़ने के प्रयास होंगे। इसे बचाने और लागू कराने के लिए समाज को संघर्ष के लिए भी तैयार रहना होगा।

## मेरे लिए मेरी नौकरी पाना अभिशाप और दुर्भाग्यपूर्ण : शिक्षक



**बेड़ो।** झारखंड सरकार के द्वारा किये गये नवनियुक्त सहायक आचार्यो के पदस्थापन को लेकर सवाल उठ रहे हैं। क्योंकि दिव्यांग शिक्षक बुधन लाल सिंह मुंडा को तमाड़ से 110 किलोमीटर दूर बेड़ो के चुटूटोली गांव स्थित स्कूल में कर दिया गया है। दिव्यांग शिक्षक ने जिला प्रशासन पर मनमानी करने और बिना एसओपी नियम का पोस्टिंग करने का आरोप लगाया है। शिक्षक का कहना है कि पोस्टिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरतने के कारण मेरे जैसे दिव्यांग शिक्षक के साथ अन्याय हुआ है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए मेरी नौकरी पाना अभिशाप और दुर्भाग्यपूर्ण बन गई है। दिव्यांग शिक्षक ने कहा क पोस्टिंग के नियमों का पालन हो। दिव्यांग और महिला शिक्षकों को नजदीकी स्कूलों में पोस्टिंग दी जाए। जिससे उन्हें न्याय मिल सके।

## फन कैशल पार्क में जिंगल्स 2026 के दूसरे दिन
## महिला व बच्चों ने झूले का उठाया आनंद




नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार।

- पर्यटकों ने की राइडिंग
- जादूगर ने दिखाई कला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** छोटानागपुर फन कैशल पार्क में आयोजित जिंगल्स 2026 के दूसरे दिन मंगलवार को सैलानियों ने परिवार के साथ खूब मस्ती किये। उन्होंने राइडिंग का मजा लिया।

महिला और बच्चों ने विद्युतचालित झूले का आनंद उठाया। इस बीच जमकर हंसी-ठिठौली हुई। कैंटीन में बने लजीज व्यंजन का भी स्वाद चखा। घंटों गीत-नृत्य का दौर चला। युवा व बच्चों तथा कलाकारों ने रीमिक्स गाने की धुन पर धमाल मचाया और एक-एक पल को यादगार बनाने की कोशिश की। जादूगर ने मनमोहक कला की छटा बिखेरी। पर्यटकों ने इसका लुत्फ उठाया। प्रबंधन की ओर से विभिन्न प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर हौसला बढ़ाया गया। संचालन सोनी सिंह कर रही हैं।

## सोनाहातू प्रखंड में 58 नए शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण



**सोनाहातू।** सोनाहातू प्रखंड के विभिन्न सरकारी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में 58 नवनियुक्त सहायक आचार्यों का विद्यालय बंद रहने के कारण प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआसी) में 29 दिसंबर से 5 जनवरी तक उपस्थिति बनाकर प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला चल रहा है। नवनियुक्त शिक्षकों को प्रशिक्षण बीपीओ गोपाल ठाकुर, सीआरपी बनमाली महतो, झरिया महतो, बादल मंडल, प्रहलाद अहीर, अभिराम महतो, अरूण कुमार महतो आदि के द्वारा दिया जा रहा है।

## खलिहान में रखा धान को हाथियों ने खाया ओर नष्ट किया



**सोनाहातू।** प्रखंड के गलऊ, सोनाहातू, जिन्तू, जामुदाग पंचायत में एक सप्ताह से हाथियों का झुंड खलिहान में रखे धान को रौंद रहे है। शाम होते ही गांव में प्रवेश कर उत्पात मचा रहे है। किसानों ने वन विभाग से हाथियों को भगाने का मांग किया है। सोमवार रात गलऊ पंचायत के मुरूतडीह गांव के किसान रसिक महतो के धान की दो चाकी को हाथियों के झुंड ने मन भर खाया ओर नष्ट किया है।

## विधायक अमीत महतो की उपस्थिति में हुआ आधा दर्जन विकास योजनाओं का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**अनगड़ा।** सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो की उपस्थिति में पिछले दो दिनों में सुरसू पंचायत में विधायक मद से आधा दर्जन विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया। योजनाओं का शिलान्यास विधायक ने अपनी उपस्थिति में बुर्जुग महिलाओ से करवाये। इस क्रम में मंगलवार को सुरसू पंचायत के सुरसू में सिताराम रजवार के घर से संतु बेदिया के घर तक पीसीसी पथ का शिलान्यास मोसमात कुलिया देवी के हांथों सुरसू बेहराकुल्ही बद्रीलाल के घर से केनुवा बेदिया के घर तक पीसीसी पथ का शिलान्यास मोसमात रासमनी देवी एवं सुरसू उपरटोली देयाल बेदिया के घर से कृष्णा बेदिया के घर तक पीसीसी पथ का शिलान्यास बिलासो देवी, सुरसू पुटादाग रमेश बेदिया के घर से प्रदीप बेदिया के घर तक पीसीसी पथ का शिलान्यास मोसमात सीता देवी एवं बरवादाग पंचायत के संतोष महतो के घर से ललित महतो के घर तक गार्डवाल निर्माण का शिलान्यास मोसमात सुमित्रा देवी, सीताडीह लोहराटोली में मनोज लोहरा के घर से विष्णु लोहरा के घर तक पीसीसी पथ का शिलान्यास मोसमात पानो देवी और सीताडीह बनटोली रोड़ से सुजित मुण्डा के घर तक पीसी पथ का शिलान्यास मोसमात घासनी देवी के करकमलों से किया गया। इस मौके पर विधायक अमीत महतो ने अपने संबोधन में कहा कि उनके विधान सभा में सभी जर्जर पूल पूलिया सड़क इत्यादि का अतिशीघ्र मरम्मत और निर्माण कराया जायेगा। इसके लिए पिछले दिनो वे सदन से राशि उपलब्ध कराने का आग्रह कर चुके हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभागीय कनीय अभियंता राजेश भगत,झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष रिझुवा मुण्डा, उपाध्यक्ष गणेश बेदिया, उपाध्यक्ष सुधीर मुंडा, मधु लोहरा, माया बेदिया, महिपाल महतो, दिनेश प्रजापति, हरदयाल मुंडा, जेएमएम जोन्हा पंचायत अध्यक्ष जगदीश मुंडा, गोपाल लोहरा, संजय मुंडा, राजेन रजवार, आशिर्वाद करमाली, धुरन बेदिया, जीतु महतो, मोहन महतो, लोबिन बेदिया, जनार्दन बेदिया, लखिराम, सुरसू पंचायत अध्यक्ष पुरन बेदिया, राजकिशोर महतो, घनश्याम पातर, राजेन महतो, जयनारायण मुण्डा, गुरुनरायण मुंडा, सत्यनारायण मुंडा, प्रदिप बेदिया, सुरेश लोहरा, जोगेन लोहरा, सोनाराम मुंडा, राजेन बेदिया, सीताडीह ग्राम प्रधान राजेश बेदिया, संतोष महतो, किसलय महतो सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

## मुखिया ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

- कंबल वितरण का शुभारंभ पद्मश्री सिमोन उरांव को कंबल देकर किया।



ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण के बाद मुखिया लक्ष्मी कोया व सुनील कच्छप।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत की मुखिया लक्ष्मी कोया और पूर्व मुखिया सुनील कच्छप मंगलवार की अहले सुबह कड़ाके की ठंड के बीच उन्होंने जरूरतमंद बुजुर्ग गरीब लोगों के बीच ठंड से बचने को लेकर कंबल का वितरण किया। मुखिया ने कंबल वितरण का शुभारंभ पद्मश्री सिमोन उरांव और उनकी धर्मपत्नी को कंबल देकर किया। इसके बाद मुखिया ने गांव के लोगों की मदद से पंचायत के गांवों में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया मौके पर पंचायत के मुखिया लक्ष्मी कोया ने कहा कि पंचायत के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं को पहुंचना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, कड़ाके की ठंड को देखते हुए यह एक छोटा सा प्रयास है ताकि हमारे बुजुर्गों और असहाय महिलाओं को कुछ राहत मिल सके। भविष्य में भी इस तरह के सेवा कार्य जारी रहेंगे। वही पूर्व मुखिया सुनील कच्छप ने मुखिया के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि समाज के सक्षम लोगों को भी आगे आकर अपने आसपास के जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। इधर गांव के लोगों को कंबल पाकर के चेहरे पर मुस्कान दिखी। ग्रामीणों ने मुखिया और उपस्थित प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान मुखिया ने ग्रामीणों से उनकी अन्य समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली और जल्द समाधान का आश्वासन दिया।


## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
## प्रपत्र VII
## समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### अधिघोषणा
### (अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

चुंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना Land Acquisition Plan Construction of Approach from Near Keredari Gate of Hazaribag-Tandawa Road to Keredari Coal Mining Block in Hazariabag का कार्य हेतु **ग्राम–केरेडारी, थाना – केरेडारी, थाना सं0 – 24, अंचल – केरेडारी, जिला – हजारीबाग में कुल 12.495 एकड़ यानि 5.0567 हेक्टेयर** भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **12.495 एकड़ यानि** 5.0567 हेक्टेयर है और जो **ग्राम–केरेडारी, थाना – केरेडारी, थाना सं0 – 24, अंचल – केरेडारी, जिला – हजारीबाग में कुल 12.495 एकड़ यानि** 5.0567 **हेक्टेयर** में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है–

| क्र0 सं0 | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन किया जाने वाला क्षेत्रफल | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 115 | 107 | नीज | धान खेत | 0.185 | कोमल कोयरी पिता पुनीत कोयरी | झरी वगै0 | निज | निज | चरकू साव |
| 2 | 95 | 108 | नीज | धान खेत | 0.005 | झरी वो रुपन चमार पिता महगुवा चमार | निज | कोमल कोयरी | निज | चरकू साव |
| 3 | 101 | 110 | नीज | धान खेत | 0.2112 | चरकू साव दशरथ साव | निज | कुंजली देवी | कोमल कोयरी | कुंजली देवी |
| 4 | 37 | 111 | नीज | धान खेत | 0.288 | कुंजली देवी पति रुपल साव | निज | प्लॉट नं 112 | प्लॉट नं 110 | प्लॉट नं0 815 |
| 5 | 95 | 112 | नीज | धान खेत | 0.269 | कुंजली देवी पति रुपल साव | प्लॉट नं 110 | निज | प्लॉट नं0 116 | प्लॉट नं0 814 |
| 6 | 44 | 115 | नीज | धान खेत | 0.085 | पचल तेली पिता दुली तेली | प्लॉट नं0 116 | निज | प्लॉट नं0 117 | प्लॉट नं0 116 |
| 7 | 101 | 116 | नीज | धान खेत | 0.331 | कोमल तेली पिता देवकी तेली | प्लॉट नं0 107 | प्लॉट नं0 115 | प्लॉट नं0 117 | प्लॉट नं0 112 |
| 8 | 23 | 117 | नीज | टांड–। | 0.52 | भुनेश्वर साव पिता रुपलाल साव | निज | प्लॉट नं0 118 | प्लॉट नं0 120 | प्लॉट नं0 116 |
| 9 | 101 | 118 | नीज | धान खेत | 0.0531 | खुदनी कोयरी वो रविन्द्र कुमार, दीपक कुमार पिता भुनेष्वर महतो वो प्रयाग महतो पिता अर्जुन महतो वो बैधनाथ महतो, रुपलाल महतो पिता हरदयाल महतो | प्लॉट नं0 117 | निज | प्लॉट नं0 119 | प्लॉट नं0 117 |
| 10 | 97 | 119 | नीज | धान खेत | 0.1398 | जगरनाथ साव पिता बेचू साव वो रविन्द्र कुमार, दीपक कुमार पिता भुनेष्वर महतो वो प्रयाग महतो पिता अर्जुन महतो वो बैधनाथ महतो, रुपलाल महतो पिता हरदयाल महतो | प्लॉट नं 120 | निज | प्लॉट नं 122 | प्लॉट नं0 118 |
| 11 | 115 | 120 | नीज | टांड–। | 0.111 | कपील सिंह | निज | प्लॉट नं0 119 | प्लॉट नं0 121 | प्लॉट नं0 117 |
| 12 | 58 | 121 | नीज | टांड–। | 0.054 | पार्वती देवी पति मति महतो | निज | प्लॉट नं0 122 | प्लॉट नं0 124 | प्लॉट नं0 120 |
| 13 | 97 | 122 | नीज | धान खेत | 0.2871 | देवी साव पति जदु साव वो रविन्द्र कुमार, दीपक कुमार पिता भुनेष्वर महतो वो प्रयाग महतो पिता अर्जुन महतो वो बैधनाथ महतो, रुपलाल महतो पिता हरदयाल महतो | प्लॉट नं0 121 | निज | प्लॉट नं0 120 | प्लॉट नं0 119 |
| 14 | 46 | 123 | नीज | धान खेत | 0.384 | लालबिहारी तेली पिता सूरज तेली | प्लॉट नं 124 | निज | प्लॉटनं0 126 | प्लॉट नं0 122 |
| 15 | 77 | 124 | नीज | धान खेत | 0.425 | गंदौरी महतो पिता बढन महतो | निज | प्लॉट नं 123 | प्लॉट नं0 125 | प्लॉट नं0 122 |
| 16 | 63 | 125 | नीज | धान खेत | 0.066 | डोमा तेली वगै0 पिता होली तेली | निज | प्लॉट 136 | प्लॉट नं0 126 | प्लॉट नं0 123 |
| 17 | 44 | 126 | नीज | धान खेत | 0.7475 | श्रीमति पवना देवी पति दिगेश्वर साव | निज | प्लॉट नं0 150 | प्लॉट नं0 148 | प्लॉट नं0 123 |
| 18 | 106 | 146 | नीज | धान खेत | 0.188 | बालेश्वर दुसाध कुलदीप दुसाध पिता फुलो दुसाध | निज | प्लॉट नं0 174 | प्लॉट नं0 174 | प्लॉट नं0 149 |
| 19 | 53 | 147 | नीज | धान खेत | 0.0761 | घोघरीया तेली वो कैयला तेली | निज | प्लॉट न0 149 | प्लॉट न0 146 | प्लॉट न0 148 |
| 20 | 124 | 148 | नीज | धान खेत | 0.132 | अनिता देवी पति भुनेश्वर वो प्रयाग महतो पिता अर्जुन महतो | निज | प्लॉट न0 149 | प्लॉट न0 147 | प्लॉट न0 126 |
| 21 | 8 | 149 | नीज | धान खेत | 0.271 | कैला तेली उतीम साव पिता मेघन तेली | निज | प्लॉट न0 174 | प्लॉट न0 146 | प्लॉट न0 150 |
| 22 | 23 | 150 | नीज | धान खेत | 0.3165 | गुडु जोल्हा पिता मगलु तेली | प्लॉट नं0 126 | निज | प्लॉट न0 149 | प्लॉट न0 126 |
| 23 | 101 | 814 | नीज | धान खेत | 0.029 | चरकू साव दशरथ साव | प्लॉट न0 815 | निज | प्लॉट न0 112 | प्लॉट न0 815 |
| 24 | 83 | 815 | नीज | धान खेत | 0.2498 | कोमल तेली पिता देवकी तेली | प्लॉट न0 817 | प्लॉट न0 814 | प्लॉट न0 111 | निज |
| 25 | 39 | 816 | नीज | धान खेत | 0.06 | चरकू साव दशरथ साव | निज | प्लॉट न0 815 | प्लॉट न0 111 | प्लॉट न0 817 |
| 26 | 19 | 817 | नीज | धान खेत | 0.127 | कैयल तेली उतीम साव पिता मेघन तेली | निज | प्लॉट न0 815 | प्लॉट न0 816 | प्लॉट न0 818 |
| 27 | 8 | 818 | नीज | धान खेत | 0.24 | कैयल तेली वो उतीम साव पिता मेघन तेली | निज | प्लॉट न0 815 | प्लॉट न0 817 | प्लॉट न0 913 |
| 28 | 62 | 855 | नीज | धान खेत | 0.26 | पुनीत तेली पिता नान्दो तेली | निज | प्लॉट न0 1138 | प्लॉट न0 856 | प्लॉट न0 1139 |
| 29 | 113 | 856 | नीज | धान खेत | 0.052 | ललीता देवी पति अमीर राणा | निज | प्लॉट न0 861 | प्लॉट न0 857 | प्लॉट न0 855 |
| 30 | 12 | 857 | नीज | धान खेत | 0.0062 | उदयनाथ हजाम पिता ...... | निज | प्लॉट न0 860 | प्लॉट न0 859 | प्लॉट न0 856 |
| 31 | 12 | 858 | नीज | धान खेत | 0.058 | सीदीया चमर पिता दीनवा चमार | निज | प्लॉट न0 865 | प्लॉट न0 857 | प्लॉट न0 859 |
| 32 | 113 | 859 | नीज | धान खेत | 0.07 | उदयनाथ हजाम पिता ...... | प्लॉट न0 857 | प्लॉट न0 863 | प्लॉट न0 858 | प्लॉट न0 860 |
| 33 | 58 | 860 | नीज | धान खेत | 0.06 | उदयनाथ हजाम पिता ...... | प्लॉट न0 856 | प्लॉट न0 862 | प्लॉट न0 859 | प्लॉट न0 861 |
| 34 | 31 | 862 | नीज | धान खेत | 0.16 | घोघरीया तेली | प्लॉट न0 860 | प्लॉट न0 863 | प्लॉट न0 859 | प्लॉट न0 1138 |
| 35 | 5 | 863 | नीज | धान खेत | 0.23 | सुगिया देवी पति सुरज साव | प्लॉट न0 862 | प्लॉट न0 1136 | प्लॉट न0 864 | प्लॉट न0 1134 |
| 36 | 29 | 864 | नीज | धान खेत | 0.08 | शांति देवी पति बेचन महतो | प्लॉट न0 858 | प्लॉट न0 870 | प्लॉट न0 866 | प्लॉट न0 863 |
| 37 | 64 | 865 | नीज | धान खेत | 0.12 | रुपन तेली पति मोहन तेली | प्लॉट न0 854 | प्लॉट न0 866 | प्लॉट न0 884 | प्लॉट न0 858 |
| 38 | 89 | 866 | नीज | धान खेत | 0.09 | उदयनाथ हजाम पिता ...... | प्लॉट न0 865 | प्लॉट न0 857 | प्लॉट न0 884 | प्लॉट न0 864 |
| 39 | 63 | 867 | नीज | धान खेत | 0.09 | डोमा तेली पिता होली तेली | प्लॉट न0 866 | प्लॉट न0 868 | प्लॉट न0 884 | प्लॉट न0 864 |
| 40 | 12 | 868 | नीज | धान खेत | 0.024 | फिरंगी कोयरी पिता नारायण कोयरी | प्लॉट न0 857 | निज | प्लॉट न0 884 | प्लॉट न0 870 |
| 41 | 128 | 870 | नीज | धान खेत | 0.053 | होली बढही पिता मोहर बढही | प्लॉट न0 864 | प्लॉट न0 869 | प्लॉट न0 868 | प्लॉट न0 872 |
| 42 | 88 | 871 | नीज | धान खेत | 0.05 | पुनीत तेली पिता नान्दो तेली | प्लॉट न0 863 | प्लॉट न0 872 | प्लॉट न0 864 | प्लॉट न0 1136 |
| 43 | 65 | 872 | नीज | धान खेत | 0.0054 | धरम महतो पिता बालक महतो | प्लॉट न0 871 | प्लॉट न0 873 | प्लॉट न0 870 | प्लॉट न0 1136 |
| 44 | 53 | 884 | नीज | धान खेत | 0.6877 | घोघरीया तेली वो कैयला तेली | निज | निज | प्लॉट न0 888 | प्लॉट न0 866 |
| 45 | 95 | 887 | नीज | टांड–।। | 0.082 | भुनेश्वर साव पिता रुपलाल साव | निज | प्लॉट न0 888 | प्लॉट न0 905 | प्लॉट न0 884 |
| 46 | 95 | 888 | नीज | धान खेत | 0.22 | जगरनाथ साव पिता बेचू साव | प्लॉट न0 887 | प्लॉट न0 889 | प्लॉट न0 905 | प्लॉट न0 884 |
| 47 | 83 | 890 | नीज | धान खेत | 0.043 | कोमल तेली पिता देवकी तेली | प्लॉट न0 888 | निज | प्लॉट न0 889 | प्लॉट न0 884 |
| 48 | 102 | 907 | नीज | टांड–।। | 0.109 | लालो तेली वगै0 पिता रुपलाल तेली | प्लॉट न0 906 | प्लॉट न0 912 | प्लॉट न0 912 | प्लॉट न0 905 |
| 49 | 102 | 908 | नीज | धान खेत | 0.16 | लालो तेली वगै0 पिता रुपलाल तेली | प्लॉट न0 907 | प्लॉट न0 909 | प्लॉट न0 907 | प्लॉट न0 905 |
| 50 | 102 | 909 | नीज | धान खेत | 0.09 | लालो तेली वगै0 पिता रुपलाल तेली | प्लॉट न0 908 | प्लॉट न0 910 | प्लॉट न0 912 | प्लॉट न0 905 |
| 51 | 95 | 911 | नीज | धान खेत | 0.0175 | लालो तेली वगै0 पिता रुपलाल तेली | प्लॉट न0 910 | निज | प्लॉट न0 914 | प्लॉट न0 910 |
| 52 | 102 | 912 | नीज | धान खेत | 0.2441 | लालो तेली वगै0 पिता रुपलाल तेली | निज | प्लॉट न0 914 | प्लॉट न0 913 | प्लॉट न0 909 |
| 53 | 109 | 913 | नीज | टांड–। | 0.4069 | चरकू साव दशरथ साव | निज | निज | प्लॉट न0 818 | प्लॉट न0 914 |
| 54 | 95 | 914 | नीज | धान खेत | 0.5296 | चरकू साव दशरथ साव | प्लॉट न0 912 | निज | प्लॉट न0 913 | प्लॉट न0 912 |
| 55 | 41 | 1125 | नीज | धान खेत | 0.002 | पदुम तेली वगै0 पिता झरवर तेली | प्लॉट न0 1143 | निज | प्लॉट न0 1142 | प्लॉट न0 1143 |
| 56 | 41 | 1126 | नीज | धान खेत | 0.065 | गोवीन्छ दुबे पिता नन्हक दुबे | प्लॉट न0 1139 | प्लॉट न0 149 | प्लॉट न0 149 | प्लॉट न0 149 |
| 57 | 58 | 1133 | नीज | धान खेत | 0.009 | जलधारी सिंह पिता श्यील सिंह | प्लॉट न0 1126 | प्लॉट न0 149 | प्लॉट न0 149 | प्लॉट न0 149 |
| 58 | 45 | 1137 | नीज | धान खेत | 0.031 | बिवो बंधनो पति थनु मियॉ | प्लॉट न0 1138 | प्लॉट न0 1134 | प्लॉट न0 863 | प्लॉट न0 1133 |
| 59 | 40 | 1138 | नीज | धान खेत | 0.25 | पनवा कुमारी पति जागो साव | प्लॉट न0 855 | प्लॉट न0 1134 | प्लॉट न0 863 | प्लॉट न0 1126 |
| 60 | 97 | 1139 | नीज | धान खेत | 0.22 | सोमरी देवी पति वनु साव | प्लॉट न0 1141 | प्लॉट न0 1126 | प्लॉट न0 855 | प्लॉट न0 1141 |
| 61 | 90 | 1140 | नीज | टांड–। | 0.0237 | बढन गोप पिता मेघन गोप | निज | प्लॉट न0 1139 | प्लॉट न0 855 | प्लॉट न0 1141 |
| 62 | 16 | 1141 | नीज | टांड–। | 0.6213 | जिरवा देवी पति बालदेव राणा वो फतोईया कुमारी पति स्व0 भुनेष्वर साव | निज | निज | प्लॉट न0 1140 | प्लॉट न0 1143 |
| 63 | 126 | 1142 | नीज | टांड–। | 0.09 | अलामा तेली पिता मोहन तेली | प्लॉट न0 1143 | प्लॉट न0 1126 | प्लॉट न0 1141 | प्लॉट न0 1125 |
| 64 | 26 | 1143 | नीज | टांड–। | 0.285 | जगरनाथ साव पिता गालो साव | प्लॉट न0 1145 | प्लॉट न0 1142 | प्लॉट न0 1141 | प्लॉट न0 1149 |
| 65 | 45 | 1144 | नीज | टांड–। | 0.12 | गहनी देवी पति त्रिलोकी साव | प्लॉट न0 1145 | प्लॉट न0 1143 | प्लॉट न0 1143 | प्लॉट न0 1149 |
| 66 | 81 | 1145 | नीज | धान खेत | 0.14 | कपल माली पिता चौधरी माली | प्लॉट न0 1149 | प्लॉट न0 1144 | प्लॉट न0 1146 | प्लॉट न0 1149 |
| 67 | 81 | 1146 | नीज | धान खेत | 0.035 | भुनेश्वर माली पिता कपील माली | निज | प्लॉट न0 1141 | प्लॉट न0 1141 | प्लॉट न0 1145 |
| 68 | 41 | 1151 | नीज | धान खेत | 0.048 | मोहन पाण्डेय पिता सोनु पाण्डेय | निज | प्लॉट न0 1154 | प्लॉट न0 3479 | प्लॉट न0 1152 |
| 69 | 29 | 1152 | नीज | धान खेत | 0.109 | कपील माली पिता चौधरी माली | निज | प्लॉट न0 1154 | प्लॉट न0 1151 | प्लॉट न0 1153 |
| 70 | 29 | 1153 | नीज | धान खेत | 0.06 | गहनी देवी पति त्रिलोकी साव | निज | प्लॉट न0 1154 | प्लॉट न0 1152 | नाला |
| 71 | 126 | 1154 | नीज | धान खेत | 0.26 | पचल तेली पिता दुली तेली | प्लॉट न0 1152 | निज | प्लॉट न0 1149 | नाला |
| 72 | 126 | 1155 | नीज | धान खेत | 0.03 | पचल तेली पिता दुली तेली | प्लॉट न0 1154 | प्लॉट न0 1156 | प्लॉट न0 1154 | नाला |
| 73 | 126 | 1156 | नीज | धान खेत | 0.1618 | पचल तेली पिता दुली तेली | प्लॉट न0 1154 | निज | प्लॉट न0 1149 | नाला |
| 74 | 70 | 3479 | नीज | टांड–। | 0.0847 | होरील कुरमी पिता जीतु कुरमी | निज | प्लॉट न0 1149 | प्लॉट न0 1149 | प्लॉट न0 149 |
| कुल | | | | | 12.495 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:

ग्राम–केरेडारी, थाना – केरेडारी, थाना सं0 – 24, अंचल – केरेडारी, जिला – हजारीबाग में कुल **12.495 एकड़ यानि** 5.0567 हेक्टेयर जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

भूमि अर्जन के कारण पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

ह0/–
उपायुक्त,हजारीबाग

**PR 369625 (Land Reforms)25-26*D**

# चीन की प्रणाली

**सा**म्यवादी चीन व लोकतांत्रिक भारत में नीतियों के क्रियान्वयन में मूलभूत अंतर है। फिर भी चीन की सफलता से सीखा जा सकता है। चीन ने पिछले दो दशकों में आक्रामक ढंग से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाया। वाहन उत्सर्जन पर नियंत्रण किया। लाइसेंस प्लेट लॉटरी व ऑड-ईवन से सड़कों पर वाहनों को कम किया। उसने बड़े मेट्रो-बस नेटवर्क को बढ़ाकर सार्वजनिक परिवहन को मजबूत बनाया। करीब तीन हजार के करीब भारी उद्योगों को बीजिंग व आसपास के शहरों से हटाया गया। एक बड़ी स्टील कंपनी को हटाने से घातक कणों में बीस फीसदी की कमी आई। सबसे अधिक जोर कोयले पर आधारित बिजली संयंत्रों व उद्योगों पर रोक लगाने में लगा। इसके अलावा, निर्माण स्थलों पर धूल-रोधी जाली लगाने, पानी के छिड़काव-सफाई, किसानों को पराली भत्ता देने व प्रदूषण के पीक समय में निर्माण पर रोक जैसे कदम उठाए। वहां पौधारोपण को बढ़ावा दिया गया। निस्संदेह, बीजिंग व दिल्ली की परिस्थितियां अलग हैं, लेकिन बीजिंग मॉडल पर विचार होना चाहिए। दरअसल, दिल्ली की भौगोलिक परिस्थिति बीजिंग से भिन्न है, दिल्ली लैंडलॉक्ड क्षेत्र है, आसपास समुद्री इलाका भी नहीं है। लेकिन कोयला आधारित संयंत्रों को बंद करने, सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने तथा औद्योगिक संस्थानों को राजधानी की सीमा से बाहर किया जाना चाहिए। इस कार्य के लिए विशेष बजट की भी व्यवस्था हो। चिंता की बात यह भी है कि दिल्ली की तीन सौ किमी की परिधि में ग्यारह कोयला आधारित पॉवर प्लांट्स हैं, जिन्हें सर्वाधिक प्रदूषण का स्त्रोत माना जाता है। बहरहाल, दीर्घकालिक नीति बनाने व फैसलों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। यही हालत झारखंड सहित राज्यों का भी है। आवश्यकता है शहरों और गांवों को प्रदूषण की जहर से बचाने में चीन मॉडल की।




**मेष :** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-2-4-6

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा शुभ रहेगी। काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-2-4-6

**कर्क :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। पारिवारिक विवाद टालें। अच्छे समय का इन्तजार करें। शुभांक-1-5-6

**सिंह :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय व प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-5-7

**कन्या :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। शुभांक-3-4-7

**तुला :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। कर्ज लेने से बचें। शुभांक-3-5-7

**धनु :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-2-4-6

**मकर :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-1-5-8

**कुम्भ :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मीन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# सनातन संस्कृति एवं विकसित राष्ट्र पर अटल जी की व्यापक दृष्टि



**ईमानदारी,** शालीनता एवं सादगी के प्रतीक अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति में शुचिता, सरकार में सुशासन और संसदीय व्यवस्था में सर्वमान्य सांसद के रूप में स्थापित व्यक्तित्व के रूप में हमेशा प्रेरक व्यक्तित्व बने रहेंगे। देश के आर्थिक विकास और लोगों के सामाजिक कल्याण के लिए उनका योगदान 21वीं सदी के भारत को राह दिखाने वाला रहा।

अटल बिहारी वाजपेयी सच्चे मायने में भारत के रत्न थे। उन्होंने जमीन से जुड़े रहकर राजनीति की और लोगों के दिलों में जगह बनाई। आज उनके विचार और देश के विकास की प्रवाह को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं।


राष्ट्रहित को सदा सर्वोपरि मानने वाले वाजपेयी जब भी संसद में अपनी बात रखते थे तो उनके विरोधी भी उनकी बातों को बिना शोरगुल किए सुनते थे। वहीं, एक संवेदनशील कवि के रूप में अपनी कविताओं के माध्यम से अटल जी हमेशा सामाजिक बुराइयों पर प्रहार करते रहे।

अटल जी के अनुसार सनातन संस्कृति का मूल तत्व मानवता है। वे बार-बार कहते थे कि भारत की संस्कृति ने कभी भेदभाव नहीं सिखाया बल्कि ‟सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना से विश्व-कल्याण का मार्ग दिखाया। उनके लिए सनातन का अर्थ था- समय के साथ चलने की क्षमता रखते हुए भी मूल्यों को लेकर अडिग रहना। यही कारण है कि वे आधुनिक विज्ञान, तकनीक और वैश्वीकरण के समर्थक होते हुए भी भारतीय सांस्कृतिक चेतना को सर्वोपरि मानते थे।

उनकी कविताओं और भाषणों में सनातन चेतना की गहरी छाप मिलती है। वे अतीत का गौरवगान करते हुए भविष्य की ओर देखते थे। उनके लिए राम, कृष्ण, बुद्ध और विवेकानंद केवल ऐतिहासिक या धार्मिक प्रतीक नहीं बल्कि नैतिक आदर्श थे- मयार्दा, करुणा, कर्म और आत्मविश्वास के प्रतीक। वे मानते थे कि सनातन संस्कृति व्यक्ति को आत्मसंयम और समाज को समरसता सिखाती है।

अटल जी की दृष्टि में राष्ट्र निर्माण केवल भौतिक विकास से संभव नहीं है। सड़कें, उद्योग और तकनीक आवश्यक हैं किंतु इनके साथ सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्य अनिवार्य हैं। यही कारण है कि वे शिक्षा में भारतीयता, भाषा में आत्मगौरव और समाज में संवाद को महत्व देते थे। उनका भारत आधुनिक भी हो और अपनी जड़ों से जुड़ा भी- यही सनातन दृष्टि का सार था।

अंततः कहा जा सकता है कि वाजपेयी जी की दृष्टि में सनातन संस्कृति कोई जड़ परंपरा नहीं, बल्कि सतत प्रवाहमान जीवन-दर्शन थी। यह दृष्टि व्यक्ति को उदार, राष्ट्र को समरस और विश्व को मानवतावादी बनाती है। आज के अस्थिर और विभाजित होते वैश्विक परिदृश्य में अटल जी की यह सांस्कृतिक सोच और भी प्रासंगिक हो जाती है क्योंकि यही सनातन संस्कृति की सच्ची, अटल और कालजयी पहचान है।



-डॉ राकेश मिश्र

> राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना : तीर्थ और संस्कृति का पुन : संयोजन स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना और अन्य राष्ट्रीय राजमार्ग योजनाओं से भारत के प्रमुख तीर्थस्थल, ऐतिहासिक नगर और सांस्कृतिक केंद्र बेहतर संपर्क में आए। सनातन संस्कृति में यात्रा केवल भौतिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक भी मानी जाती है– चारधाम, द्वादश ज्योतिर्लिंग, शक्तिपीठ आदि।

सनातन संस्कृति की दृष्टि पर अटल बिहारी वाजपेयी जी की योजनाएँ: वाजपेयी जी केवल सफल प्रधानमंत्री ही नहीं बल्कि भारतीय चेतना के संवाहक थे। उनकी राजनीति का मूल स्त्रोत सनातन संस्कृति की वही शाश्वत दृष्टि थी, जो मानवता, समरसता, कर्तव्य और राष्ट्रबोध को केंद्र में रखती है। वे मानते थे कि भारत का वास्तविक विकास केवल आर्थिक प्रगति से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण से संभव है। इसी दृष्टिकोण के अनुरूप उनकी अनेक योजनाएँ और पहलें प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सनातन संस्कृति को सुदृढ़ करने वाली रहीं।

**1. सर्व शिक्षा अभियान:** ज्ञान को संस्कार से जोड़ने का प्रयास अटल जी के कार्यकाल में सर्व शिक्षा अभियान को गति मिली। यह केवल साक्षरता बढ़ाने की योजना नहीं थी, बल्कि इसका उद्देश्य समग्र शिक्षा था- जिसमें ज्ञान के साथ संस्कार भी हों। भारतीय शिक्षा परंपरा सदैव गुरु-शिष्य परंपरा, नैतिक मूल्यों और जीवनोपयोगी शिक्षा पर आधारित रही है। सर्व शिक्षा अभियान ने शिक्षा को जन-जन तक पहुँचाकर सनातन संस्कृति के उस मूल मंत्र को साकार किया– सा विद्या या विमुक्तये, अर्थात वही विद्या जो मुक्त करे।

**2. राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना:** तीर्थ और संस्कृति का पुनः संयोजन स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना और अन्य राष्ट्रीय राजमार्ग योजनाओं ने देश को भौगोलिक ही नहीं, सांस्कृतिक रूप से भी जोड़ा। भारत के प्रमुख तीर्थस्थल, ऐतिहासिक नगर और सांस्कृतिक केंद्र बेहतर संपर्क में आए। सनातन संस्कृति में यात्रा केवल भौतिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक भी मानी जाती है- चारधाम, द्वादश ज्योतिर्लिंग, शक्तिपीठ आदि। अटल जी की सड़क योजनाओं ने इस सांस्कृतिक प्रवाह को आधुनिक साधनों से सशक्त किया।

**3. ग्राम सड़क योजना:** ग्राम संस्कृति और आत्मनिर्भरता का संरक्षण

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने ग्रामीण भारत को मुख्यधारा से जोड़ा। गाँव भारतीय सनातन संस्कृति की जीवित प्रयोगशाला हैं, जहाँ परंपराएँ, लोककला, संस्कार और सामुदायिक जीवन आज भी जीवंत हैं। इस योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त हुई और पारंपरिक जीवन-पद्धति को नई ऊर्जा मिली। यह ग्रामोदय से भारत उदय की सनातन अवधारणा का आधुनिक रूप था।

**4. संस्कृति और विरासत संरक्षण के लिए संस्थागत समर्थन:**

अटल जी के समय भारतीय संस्कृति, साहित्य और कला को प्रोत्साहन देने वाली संस्थाओं को मजबूती मिली। साहित्य अकादमी, संगीत नाटक अकादमी और ललित कला अकादमी जैसे मंचों को सक्रिय समर्थन मिला। वे स्वयं कवि थे और मानते थे कि साहित्य व कला राष्ट्र की आत्मा को अभिव्यक्त करते हैं। यह दृष्टि सनातन संस्कृति की उस परंपरा से जुड़ी है, जहाँ कला को साधना माना गया है।

**5. योग, आयुर्वेद और भारतीय ज्ञान परंपरा का सम्मान:**

यद्यपि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बाद के काल में घोषित हुआ किंतु अटल जी के समय योग और आयुर्वेद को राष्ट्रीय स्तर पर काफी प्रोत्साहन मिला। पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को वैज्ञानिक दृष्टि से सुदृढ़ करने के प्रयास हुए। यह सनातन संस्कृति के उस सिद्धांत का विस्तार था, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर बल देता है।

**6. विदेश नीति में वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना:** अटल जी की विदेश नीति सनातन संस्कृति की वैश्विक दृष्टि से प्रेरित थी। पड़ोसी देशों से संवाद, शांति प्रयास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान उनकी प्राथमिकता रहे। लाहौर बस यात्रा इसका प्रतीकात्मक उदाहरण है। यह पहल दशार्ती है कि वे भारत की सांस्कृतिक शक्ति को विश्व-कल्याण के लिए उपयोग करना चाहते थे, न कि केवल राजनीतिक प्रभाव के लिए।

**7. राष्ट्रीय गौरव और सांस्कृतिक आत्मविश्वास:** पोखरण परमाणु परीक्षण जैसे निर्णयों के माध्यम से अटल जी ने भारत को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। यह निर्णय भी सनातन संस्कृति के स्वाभिमान और स्वावलंबन के सिद्धांत से जुड़ा था- जहाँ राष्ट्र अपनी सुरक्षा और सम्मान स्वयं सुनिश्चित करता है। वाजपेयी जी की योजनाएँ केवल प्रशासनिक या आर्थिक नहीं थीं; वे एक सांस्कृतिक राष्ट्र निर्माण का माध्यम थीं। शिक्षा, सड़क, गाँव, संस्कृति, स्वास्थ्य और विदेश नीति–हर क्षेत्र में उनकी सोच सनातन संस्कृति के मूल तत्वों से अनुप्राणित थी।

## खास बात

### अंधकारमय भविष्य

**खोखली** हुई कांग्रेस का पतन भी तय है। नेहरू आदि कुछ नेताओं का आचरण देखकर महात्मा गांधी को कांग्रेस के पतन का अहसास हो गया था। इसीलिए महात्मा गांधी ने विचार रखा था कि कांग्रेस को खत्म कर देना चाहिए। कांग्रेस की वर्तमान दुर्दशा देखकर गांधी जी की इच्छा पूर्ण होती प्रतीत हो रही है। कांग्रेस का कोई भविष्य नहीं है। कांग्रेस का संभलना देश हित में है।

**– अनिल शर्मा, रांची**

### खेल की दुनिया

मेसी और एम्बाप्पे जैसे खिलाड़ी विश्व नागरिक बन चुके हैं। उन्हें सारी दुनिया प्यार करती थी। बड़े प्लेयर के साथ यही होता है। वह सबका होता है और सब उसके होते हैं। अब धावक उसेन बोल्ट को लें। उन्हें भारत में उतना ही अपना माना जाता है जितना किसी अन्य देश में। वैसे वे हैं तो जमैका से । रोजर फेडरर दिसंबर, 2015 में दिल्ली में कुछ प्रदर्शनी मैच खेलने आए थे। भारत के टेनिस के शैदाइयों को लीजैंड बन चुके रोजर फेडरर को साक्षात देखने का मौका मिल रहा था। रोजर फेडरर को खेलते हुए देखकर दर्शक झूम रहे थे। फेडरर बार-बार दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए हाथ हिला रहे थे। हार्ड, क्ले और ग्रास तीनों कोर्ट में एक जैसा शानदार प्रदर्शन करने वाले फेडरर जब कोर्ट में उतरे तो फिटनेस का चरम लग रहे थे। उनके चेहरे पर एक सुपर स्टार वाली गरिमा को देखा जा सकता था।

**– शिवशंकर सिंह, गढ़वा**

### बेहतर की उम्मीद

**भारत** को भी मेसी, एम्बाप्पे, फेडरर और नीरज चोपड़ा जैसे सैकड़ों विश्वास से लबरेज खिलाड़ियों की दरकार है। अभी तो बस शुरूआत है। किसी भी देश का विकास इस बात से साबित होता है वह अर्जित की जा रही हैं। **– रवि, रांची**

# नये वर्ष में अवसादग्रस्त लोगों को दिखानी होगी जीने की राह



**फलक फातिमा**

**(राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त युवा सोशल वर्कर)**

**जीवन** से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। कोरोना काल में लोगों में हताशा और निराशा ज्यादा बढ़ी है, जिससे आत्महत्याओं का प्रतिशत भी लगातार बढ़ रहा है।

राजस्थान के कोटा में एक ही दिन एक कोचिंग संस्थान के तीन छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटना तो स्तब्ध करने वाली है। शुरूआती जांच में सामने आया कि तीनों छात्र पढ़ाई के दबाव के कारण डिप्रेशन में थे और कुछ दिनों से कोचिंग कक्षाएं भी नहीं ले रहे थे। वैसे, कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का यह कोई पहला मामला नहीं है बल्कि एक वर्ष के भीतर यहां करीब 20 छात्र मौत को गले लगा चुके हैं। देश के युवा वर्ग और खासकर 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में आत्महत्या की बढ़ती यह प्रवृत्ति बेहद चिंताजनक है। शिक्षा तथा कैरियर में गलाकाट प्रतिस्पर्धा के चलते छात्रों पर पढ़ाई का बढ़ता अनावश्यक दबाव इसका सबसे बड़ा कारण है।

दरअसल कई बच्चे इस दबाव को झेल नहीं पाते, जिसके चलते उनमें अवसाद पनपता है और कुछ मामलों में यही बढ़ता अवसाद आत्महत्या का कारण बन जाता है। मनोचिकित्सकों के मुताबिक इंसान को कोरोना ने शारीरिक रूप से जितना बीमार किया है, उससे कहीं ज्यादा मानसिक तनाव दिया है। छात्र अपनी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में हैं। केवल छात्रों तक सीमित नहीं है बल्कि देश में आत्महत्या के मामलों में जिस प्रकार साल दर साल उछाल आ रहा है, वह पूरे समाज के लिए गंभीर चिंता का कारण बन रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया में हर 40 सेकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है यानी प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिये अपनी जीवनलीला खत्म कर डालते हैं। इनमें बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है। बीते वर्षों में दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। कुछ ही महीने पहले राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने वर्ष 2024 में भारत में आत्महत्या के मामलों को लेकर भारत में आकस्मिक मौतें एवं आत्महत्याएं-2024

**विदा 2025**

रिपोर्ट जारी की थी, जिसके मुताबिक 2024 में देश में 164033 लोगों ने आत्महत्या की। एनसीआरबी के मुताबिक आत्महत्या की घटनाओं के पीछे पेशेवर या कैरियर संबंधी समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत, वित्तीय नुकसान, पुराने दर्द इत्यादि मुख्य कारण हैं। आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव, पारिवारिक क्लेश, रिश्तों में टूटन तथा बीमारी से परेशानी सहित कई अन्य कारणों के चलते देश में 2025 में आत्महत्याएं 2024 के मुकाबले करीब 7.2 फीसदी बढ़ गई। तनाव के दौर में निजी रिश्तों में भी खटास बढ़ी है और आमजन में नकारात्मक विचारों का बढ़ता प्रवाह तथा उपरोक्त चिंताएं कई बार अवसाद का रूप ले लेती हैं, जिसके चलते कुछ लोग परेशानियों से निजात पाने के लिए आत्महत्या का खतरनाक रास्ता चुन लेते हैं।

जब कोई व्यक्ति ज्यादा बुरी मानसिक स्थिति से गुजरता है तो एकाएक अवसाद में चला जाता है और इसी अवसाद के कारण ऐसे कुछ लोग आत्महत्या कर लेते हैं, जिसका उनके परिवार के साथ-साथ समाज पर भी बहुत नकारात्मक असर पड़ता है। विशेषज्ञों के मुताबिक अवसाद और तनाव के कारण ही लोगों में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही है और जब व्यक्ति को परेशानियों से बाहर निकलने का कोई मार्ग नजर आता, ऐसे में वह आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठता है। हालांकि जिन लोगों का मनोबल मजबूत होता है, वे प्रायः विकट परिस्थितियों से उबर भी जाते हैं लेकिन अवसाद के शिकार कुछ लोग विषम परिस्थितियों से लड़ने के बजाय हालात के समक्ष घुटने टेक स्वयं को मौत के हवाले कर देते हैं। हालांकि जब भी कोई व्यक्ति गहरे मानसिक तनाव से जूझ रहा होता है तो उसके व्यवहार में पहले की अपेक्षा कुछ बदलाव देखने को मिलते हैं। ऐसे व्यक्ति को इमोशनल, मेंटल या फिजिकल जैसी भी जरूरत हो, सहयोग करें, उसका मनोबल बढ़ाने का प्रयास करें ताकि वह व्यक्ति स्वयं को अकेला महसूस न करे। मनोचिकित्सकों के अनुसार आत्महत्या करना काफी गंभीर समस्या है और आत्महत्या करने के पीछे अधिकांशतः अवसाद को ही जिम्मेदार ठहराया जाता है, जो ऐसे करीब 90 फीसदी मामलों का प्रमुख कारण भी है लेकिन सभी आत्महत्याओं के लिए अवसाद को ही पूरी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उनके मुताबिक आत्महत्या करने का विचार किसी इंसान के अंदर तब पनपता है, जब वह किसी मुश्किल से बाहर नहीं निकल पाता।

मनुष्य जीवन को संसार में सबसे अनमोल माना गया है क्योंकि हमारा यह जीवन एकमात्र ऐसी चीज है, जिसे हम दोबारा नहीं पा सकते। परिवर्तन प्रकृति और समाज का नियम है, इसलिए यह मानकर चलना चाहिए कि यदि आज बुरा समय आया है तो कल अच्छा भी आएगा लेकिन इसके लिए जरूरी है कि नकारात्मकता को स्वयं पर हावी न होने दें और सकारात्मक सोच के साथ मेहनत करते रहें। जीवन में आने वाली समस्याओं को स्वीकार करते हुए स्वयं पर भरोसा रखकर उन्हें हल करने का तरीका ढूंढ़ें। मुसीबतों से घिरा व्यक्ति जब स्वयं को अकेला समझने लगता है, तभी वह अवसादग्रस्त होने लगता है और अवसादग्रस्त होने पर लोग प्रायः चीजों से या अपने करीबी लोगों से भी दूर रहना पसंद करते हैं। परिवार या दोस्तों से दूर रहने पर अकेले में किसी भी व्यक्ति का आत्मबल कमजोर पड़ जाता है और कई तरह के नकारात्मक विचार मन में आते हैं, इसलिए ऐसी स्थिति में अपने परिवार या दोस्तों के साथ समय बिताएं, जो विकट परिस्थितियों में बड़ा मानसिक संबल दे सकते हैं। जरूरत से ज्यादा तनाव अथवा किसी मानसिक बीमारी का अहसास हो तो तुरंत किसी मनोचिकित्सक से मिलकर अपनी परेशानियों के बारे में खुलकर बात करें। अगस्त 2023 में एक मेंटल हैल्थ रिहैबिलिटेशन हेल्पलाइन (किरण हेल्पलाइन) नंबर भी जारी किया गया।

# उत्सव आमार जाति, आनंद आमार गोत्र

**- हृदयनारायण दीक्षित**

**सीमा** लघुता है और असीम विराट। हमारा होना एक सीमा में है लेकिन विराट हो जाने की संभावनाएं खुली हुई हैं। शरीर हमारी पहली सीमा है, इसके बाद परिवार दूसरी सीमा। इसका आनंद निजी सीमा के अतिक्रमण में है। इसके बाद समाज है। समाज की सीमा के अतिक्रमण के बाद राष्ट्र की सीमा है। इनके पार ब्रह्माण्ड। तब संकीर्णता विस्तीर्ण होकर अनन्त हो जाती है। जाति वर्ण संकीर्णताएं हैं। मैं अपना संकीर्ण परिचय देता हूँ-मैं जाति वर्ण से ब्राह्मण हूं। संकीर्णता तोड़ें तो मैं मनुष्य जाति का हूं। अब मैं विश्व मानवता का हिस्सा हो गया। इसे और बढ़ाएं तो मैं प्रकृति का हिस्सा हूं। अन्ततः मैं ब्रह्म या सम्पूर्णता का विनम्र हिस्सा हूं।

संप्रति ब्राह्मण जाति हैं। पहले वे समूहवाची वर्ण-वर्ग थे। वे जन्मना नहीं थे। ब्राह्मण पिता के पुत्र भी ब्राह्मण नहीं थे फिर ब्राह्मण होने लगे। ब्राह्मण शब्द पीछे सौ वर्ष से विवाद का विषय है। वेदों के बाद लिखे गए उपासना और विनियोग सम्बंधी साहित्य को ही सबसे पहले ब्राह्मण कहा गया। यह उत्तर वैदिक काल की बात है। इसी समय ब्रह्म शब्द सृष्टि सम्पूर्णता का पर्यायवाची बना। ऋग्वैदिक काल में ब्रह्म या ब्रह्मन का अर्थ स्तोत्र का जानकार द्रष्टा था। अथर्ववेद में आत्मदर्शन के साधक को ब्रह्मचारी बताया गया है। अथर्वेद के समय तक ब्राह्मण होना एक श्रमसाध्य उपलब्धि था। छान्दोग्य उपनिषद् की कथा के अनुसार ब्राहमण उद्दालक ने अपने विद्वान पुत्र श्वेतकेतु को भी पहले ब्राह्मण नहीं माना, कठोर तप साधना के बाद ही वह ब्राह्मण हो पाया।

ब्राह्मण होने के लिए प्रकृति के रस छन्द ऋत में ढलना होता था। अथर्ववेद के (11वें अध्याय सूक्त 7) में ब्राह्मण होने की रोचक विधि है-‟ब्रह्मचारी अर्थात

**उत्सव**

ब्रह्म के अनुसार चलने वाला व्यक्ति द्युलोक और भूलोक को अनुकूल बनाता है। प्रकृति की दिव्य शक्तियाँ-देवगण अंतःकरण में स्थित हो जाती हैं। (मन्त्र 1) प्रबोधन आचार्य के मार्गदर्शन में सम्पन्न होता है। बताते हैं, आचार्य उसे तीन रात तक अपने ज्ञानगर्भ में धारण करते हैं। जब वह बाहर आता है, तो दिव्यशक्तियाँ-(देवगण) उसका अभिनन्दन करती हैं। (मन्त्र 2) यहां तीन रात्रि का उल्लेख ध्यान देने योग्य है। आखिरकार तीन दिन क्यों नहीं कहा गया?

रात्रि अंधकार है, अंधकार अज्ञान है, दिवस प्रकाश हैं, प्रकाश ज्ञान है। साधक ब्रह्मचारी के लिए ज्ञान गर्भ का प्रतीक रात्रि है। दिव्यता की प्राप्ति के बाद देव शक्तियां स्वाभाविक ही अभिनंदन करती हैं। फिर कहते हैं, ब्राह्मण होने से पूर्व साधक-विद्यार्थी ब्राह्मी-अनुशासन का अभ्यास करता है। वह ऊर्जा प्राप्त करता है, ऊर्ध्वमुखी होता है फिर ब्राह्मण बनता है। ज्येष्ठ ब्रह्म के निकट हो जाता है ‟ (वही मन्त्र 5) ऊर्जा प्राप्त करना और ऊर्ध्वमुखी होना आसान नहीं है। ब्राह्मण होने के लिए आंतरिक ऊर्जा को ऊर्ध्वगामी बनाना होता है।

ऋषि बताते हैं आचार्य ज्ञानगर्भ में ब्रह्मचारी के लिए पृथ्वी और द्युलोक का सृजन करते हैं। (वही मंत्र 8) पृथ्वी और द्युलोक पहले से ही है। तब ज्ञान गर्भ में क्या नये पृथ्वी और द्युलोक की बात कही गयी है? ज्ञान गर्भ में ब्रह्मचारी का पृथ्वी अंश सामान्य पृथ्वी अंश से परिष्कृत होता है। चेतन अंश निर्मल होता है। अथर्व0 का ऋषि इसे ज्ञानगर्भ की घटना बता रहा है। आगे कहते हैं ‟ब्रह्मचारी अपनी तपसाधना से उनकी (नये पृथ्वी व द्युलोक) रक्षा करता है। (वही) ब्रह्मचारी अपनी काया और चेतना का नया रूप विकसित करता है और इसी नये रूप की रक्षा करता है। फिर ब्राह्मण की सम्पत्ति बताते हैं, ‟ब्राह्मण की सम्पदा निकटवत्त गुफा (गुहा-अनुभूति) में रहती है और द्यु लोक के आधार से परे होती है ‟ (वही मन्त्र 10) ब्राह्मण हो गया व्यक्ति आंतरिक रूप में समृद्ध हो जाता है। भौतिक सम्पदा का आधार पृथ्वी है।

ब्रह्मचर्या में बड़ी शक्ति है। कहते हैं ब्रह्मचारी ही आचार्य बनता है। शासक भी इसी तप से राष्ट्र की रक्षा करते है- ब्रह्मचर्येण तपसा राजा राष्ट्रं वि रक्षति। (वही मन्त्र 16-17) आंतरिक अनुभूति से मनुष्य ब्रह्मविद् हो जाता। ब्रह्मविद् ब्रह्म हो जाते हैं। उत्तरवैदिक काल के बाद धारणा बनी कि जन्म से सब सामान्य होते हैं।

संस्कार से ब्राह्मण बनते हैं लेकिन अथर्ववेद के अनुसार जन्म से कोई भी प्राणी गैर ब्राह्मण नहीं होता। जन्म से सम्पूर्ण प्राणिजगत ब्रह्मचारी ही होता है।

# सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग लगायें : डीसी

## 15 दिनों के अंदर बनायें शौचालय : शशि प्रकाश

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने मंगलवार को समाहरणालय में आंगनबाड़ी केंद्रों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग और शौचालय निर्माण करने और इसकी मरम्मत को लेकर समीक्षा बैठक की।

उपायुक्त ने सभी सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिकाओं और पीएचईडी विभाग के कार्यपालक अभियंता को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने और शौचालयों की मरम्मत कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में जिले के 400 आंगनबाड़ी केंद्रों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और 180 आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय निर्माण कार्य को 15 दिनों के अंदर पूर्ण करने का स्पष्ट निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने निर्धारित समय सीमा का सख्ती से पालन करते हुए इन कार्यों को पूरा कराने का निर्देश दिया। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि अर्धनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों का किसी भी परिस्थिति में हैंडओवर नहीं लिया जाएगा। साथ ही, सरकारी भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में टैप वाटर कनेक्शन उपलब्ध कराने की बात कही गई, ताकि बच्चों एवं सेविकाओं को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिल सके। बैठक में उपायुक्त के अलावे जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, संबंधित बीडीओ, सीओ, सभी सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिकाएं, पीएचईडी विभाग के अधिकारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### अभाविप के सदस्य बने पिंटू व पुनीत



भुरकुंडा (रामगढ़)। गढ़वा में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के 26वें झारखंड प्रदेश अधिवेशन में भुरकुंडा के कार्यकर्ताओं को अहम दायित्व सौंपे गए हैं। पिंटू मुंडा को झारखंड प्रदेश का जनजातीय छात्र प्रमुख तथा पुनीत कुमार को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। पिंटू मुंडा वर्तमान में भुरकुंडा नगर इकाई के नगर सह मंत्री हैं, जबकि पुनीत कुमार भुरकुंडा के पूर्व नगर मंत्री रह चुके हैं। दोनों को यह जिम्मेदारी मिलने पर भुरकुंडा नगर में हर्ष और उत्साह का माहौल है। परिषद के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन के लिए गर्व का क्षण बताया है। नगर मंत्री अभिनव यादव ने दोनों को बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे भुरकुंडा नगर के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि पिंटू मुंडा और पुनीत कुमार संगठन के दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ करेंगे। बधाई देने वालों में सागर बजरंगी, यशपाल महतो, सचिन पटेल, राष्ट्रवादी राजू सहित कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हैं।

### मेला के लिए ओपी प्रभारी को निमंत्रण



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा छठ घाट स्थित नलकारी नदी पर 15 से 17 जनवरी तक आयोजित होने वाले भुरकुंडा मकर संक्रांति मेला को लेकर मेला आयोजन समिति ने सोमवार को भुरकुंडा ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार एवं कोलियरी प्रबंधन को औपचारिक रूप से आमंत्रण-पत्र सौंपा। इसी क्रम में समिति के सदस्यों ने भुरकुंडा ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार को मेला स्थल पर आमंत्रण पत्र देते हुए आयोजन की रूपरेखा एवं उद्देश्य से अवगत कराया। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि इस वर्ष मकरसंक्रांति मेला उतरायण गंगा मैया के नाम से आयोजित किया जाएगा, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक पहल है। यह मेला आपसी सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश देगा, जिसे सभी के सहयोग से भव्य एवं सफल बनाया जाएगा। समिति ने बताया कि मेला से पूर्व छोटे-छोटे धार्मिक कार्यक्रमों के साथ गंगा मैया की आरती भी संपन्न कराई जा चुकी है। समिति के सदस्यों ने कहा कि इस बार मेला की संकल्पना युवाओं द्वारा की गई है, जिसे सफल बनाने के लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग आवश्यक है। इस पर भुरकुंडा ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह एक सकारात्मक और सराहनीय पहल है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे स्वयं मेला कार्यक्रम में शामिल होंगे और प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से प्रहलाद पाण्डेय, राहुल, आनंद सिन्हा, अमन चौहान, सुनील कुमार, सतीश ठाकुर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### 150 गरीबों को मिले कंबल



भुरकुंडा (रामगढ़)। कड़ाके की ठंड को देखते हुए भुरकुंडा रेलवे साइडिंग संचालक इंदुमित्रा डिलमार्क प्राइवेट लिमिटेड की ओर से सराहनीय सामाजिक पहल की गई। मंगलवार को कंपनी के मतकमा चौक स्थित कार्यालय परिसर में 150 गरीब एवं असहाय जरूरतमंद महिला-पुरुषों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम कंपनी संचालक बबलू यादव एवं नेपाल यादव के सौजन्य से आयोजित हुआ। इस दौरान अधिवक्ता धनंजय यादव, किशोर यादव एवं भोला यादव ने संयुक्त रूप से जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला और लोगों ने इस मानवीय प्रयास के लिए आयोजकों का आभार जताया। इस अवसर पर अधिवक्ता धनंजय यादव ने कहा कि कड़ाके की ठंड में गरीब और असहाय लोगों की मदद करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे प्रयासों से जरूरतमंदों को राहत मिलती है और समाज में आपसी सहयोग व संवेदनशीलता का संदेश जाता है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि आगे भी इसी तरह के सामाजिक कार्य निरंतर होते रहेंगे।

### रोटरी क्लब लगाएगा विशेष शिविर



भुरकुंडा (रामगढ़)। किसी भी कारणवश हाथ गंवा चुके जरूरतमंद लोगों के लिए राहत भरी खबर है। रोटरी क्लब ऑफ रांची के सौजन्य से नि:शुल्क इलेक्ट्रॉनिक (रोटरी) कृत्रिम हाथ लगाने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी रोटेरियन प्रवीण शर्मा ने बताया कि यह शिविर 7 एवं 8 फरवरी को रांची क्लब परिसर सुजाता चौक के समीप स्थित रोटरी भवन में आयोजित होगा। शिविर के अंतर्गत चयनित प्रभावित व्यक्तियों को रांची भेजकर आधुनिक तकनीक से निर्मित इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथ उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में लाभ लेने के लिए प्रभावित व्यक्ति को कटे हुए हाथ की एक फोटो, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर जमा करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके जीवन में फिर से आत्मविश्वास लौटाना है। इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति अधिक जानकारी के लिए रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा से 9431153736, 9431153720 संपर्क कर सकते हैं।

## बड़कागांव में अडाणी फाउंडेशन की एंबुलेंस ने अब तक बचायी 387 लोगों की जान

**तीन महीनों में 25 को हजारीबाग और तीन मरीजों को भेजा रांची**

खबर मन्त्र संवाददाता




**बड़कागांव।** गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अडाणी फॉउंडेशन की निःशुल्क एम्बुलेंस ने अब तक 387 मरीजों की जिंदगियां बचाई हैं। इसी एम्बुलेंस के जरिए पिछले तीन महीनों में ही बेहतर इलाज के लिए 25 मरीजों को हजारीबाग सदर अस्पताल और तीन मरीजों को रांची के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इससे प्रखंड के विभिन्न गांव के लोगों को काफी राहत मिली है। पिछले दिनों ही बड़कागांव प्रखंड के छावनिया पुल के नीचे एक छात्र के अचेत अवस्था में मिलने से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई थी। सूचना मिलते ही अदाणी फाउंडेशन की इमरजेंसी एंबुलेंस मौके पर पहुंची और प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे को तत्काल बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया। समय पर की गई इस त्वरित कार्रवाई से छात्र की जान बच सकी। इस पूरे घटनाक्रम में अदाणी फाउंडेशन की इमरजेंसी एंबुलेंस की भूमिका निर्णायक साबित हुई। उल्लेखनीय है कि अडाणी फाउंडेशन की ओर से पिछले चार वर्षों से गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत बड़कागांव प्रखंड में निःशुल्क एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। यह सेवा क्षेत्र के सुदूर गांवों के लिए किसी जीवनरेखा से कम नहीं है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आपात स्थिति में समय पर अस्पताल पहुंचना एक बड़ी चुनौती होती है, जिसे अदाणी फाउंडेशन की इस पहल ने काफी हद तक दूर किया है। आंकड़ों के मुताबिक, इस एंबुलेंस सेवा के माध्यम से अब तक कुल 387 आपातकालीन मरीजों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। इनमें पिछले तीन महीनों में 25 मरीजों को हजारीबाग और 3 मरीजों को रांची रेफर किया गया। एंबुलेंस सेवा से जिन मामलों में लोगों की जान बची, उनमें सांप काटने, छत से गिरने, बिजली के करंट लगने, पेड़ से गिरने, प्रसव के मामले सहित अन्य गंभीर आपात स्थितियां शामिल हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अदाणी फाउंडेशन की यह निःशुल्क एंबुलेंस सेवा खासकर गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हुई है। समय पर अस्पताल पहुंचने से न केवल जान बची, बल्कि इलाज का खर्च और मानसिक तनाव भी कम हुआ। बड़कागांव प्रखंड में अदाणी फाउंडेशन की यह निःशुल्क एंबुलेंस सेवा आज न केवल एक वाहन, बल्कि संकट की घड़ी में लोगों के लिए जीवनरक्षक साधन बन चुकी है–जो कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की एक सशक्त और मानवीय मिसाल पेश करती है। गौरतलब है कि गोंदुलपारा खनन परियोजना क्षेत्र में अदाणी फाउंडेशन केवल स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि शिक्षा, कौशल विकास, पेयजल, स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में भी लगातार कार्य कर रही है। स्कूलों के सहयोग, युवाओं के प्रशिक्षण, स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन और बुनियादी सुविधाओं के विकास के माध्यम से फाउंडेशन ग्रामीण जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयासरत है।

### हरिकीर्तन के लिए बरका सयाल के महाप्रबंधक को दिया निमंत्रण



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को इच्छा पूर्ण प्राचीन हनुमान मंदिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला, भुरकुंडा बाजार में आयोजित होने वाले अष्टयाम अखंड हरि कीर्तन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में मंगलवार को आयोजन समिति द्वारा बरका-सयाल कोलियरी के महाप्रबंधक अजय सिंह को कार्यक्रम में शामिल होने हेतु औपचारिक निमंत्रण-पत्र दिया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष पप्पू सिंह, मुख्य संरक्षक प्रदीप मांझी, विनय मिश्रा, अमित शर्मा और अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में समिति सदस्यों ने बरका-सयाल कार्यालय पहुंचकर महाप्रबंधक को अष्टयाम अखंड हरि कीर्तन का निमंत्रण पत्र सौंपा और आयोजन की विस्तृत जानकारी दी। समिति ने बताया कि इस भव्य धार्मिक आयोजन में यूपी-बिहार के सुप्रसिद्ध स्टार भजन गायक कुमार अर्जुन का पावन आगमन होगा, जिसे लेकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के बीच विशेष उत्साह का माहौल बना हुआ है। यह अष्टयाम अखंड हरि कीर्तन 14 जनवरी से मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर प्रारंभ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की संभावना है। समिति सदस्यों ने कहा कि यह आयोजन धार्मिक आस्था, भक्ति भाव और सामाजिक सौहार्द को समर्पित है, जो क्षेत्रवासियों के लिए विशेष महत्व रखता है।

## विधायक ने किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



टाटीझरिया । प्रखंड के थाना चौक से गंगा साव के घर तक पीसीसी सड़क का शिलान्यास मंगलवार को स्थानीय विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने किया। उक्त योजना ग्रामीण कार्य विभाग,हजारीबाग द्वारा जिला अनाबद्ध मद से करवाया जाना है। विधायक ने इस अवसर पर कहा कि वे विकास कार्य को तीव्र गति दे रहें हैं।सड़क,पुल - पुलिया और भवन निर्माण के कार्य को प्राथमिकता की श्रेणी में रखें हुए हैं।कहा कि आपलोगों ने कई बार बौधा डैम क्षेत्र को पर्यटक स्थल बनवाने की मांग किए थे,जिसे मैने सदन के पटल पर भी रखा है। कहा कि सड़क निर्माण कार्य की देख - रख करने की जवाबदेही स्थानीय जनता को है,क्योंकि उन्हें यहां रहना है। इस मौके पर संसद प्रतिनिधि सह प्रमुख संतोष मंडल,भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह,आजसू प्रखंड अध्यक्ष सुरेश प्रसाद कुशवाहा,वरिष्ठ भाजपा नेता एमके पाठक,राजेश यादव,राजू यादव,अजय मंडल,कमलेश जी, कौलेश्वर मिश्रा, होपन सिंह,अनिल प्रसाद, सुखदेव पांडेय,ज योतिष पंडा, परमेश्वर यादव,रजनीकांत चौधरी,केशव मिस्त्री,कृष्ण साव,ज्योतिष पंडा,बालेश्वर साव,सूरज यादव,बबलू सिन्हा ,संदीप गंझू,सहदेव यादव,जगदीश यादव, महादेव देहाती,भूपेंद्र सिन्हा, जीवलाल साव,रामविलास शर्मा,संदीप पांडेय समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रामगढ़ में नववर्ष के स्वागत को लेकर तीनों पार्क तैयार

**रामगढ़।** नए साल के स्वागत को लेकर शहर के प्रमुख पार्कों को आकर्षक रूप दिया गया है। छावनी परिषद का ब्रिगेडियर पूरी पार्क, नगर परिषद का जिला समाहरणालय क्षेत्र स्थित मौलाना अबुल कलाम पार्क और थाना चौक का अंबेडकर पार्क पूरी तरह तैयार हैं। पार्कों में साफ-सफाई, रंग-रोगन और सजावट का विशेष ध्यान रखा गया है। नववर्ष के मौके पर परिवार, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में पार्कों का रुख करते हैं, इसे देखते हुए प्रबंधन की ओर से सुविधाओं को बढ़ाया गया है। हर पार्क में बैठने, घूमने और बच्चों के खेलने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है, ताकि लोग सुकून भरे माहौल में नए साल का स्वागत कर सकें। मौलाना अबुल कलाम पार्क इस बार लोगों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पार्क में युवाओं के लिए आकर्षक सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है।

## खेलों में भी करियर की असीम संभावनाएं : विधायक

**रोशन लाल चौधरी ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता का किया उद्घाटन**

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिवर साइड भुरकुंडा मिलोनी क्लब के प्रांगण में मंगलवार को एकदिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी ने फीता काटकर किया। कमिटी के सदस्यों ने मुख्य अतिथि रोशनलाल चौधरी को पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रोशनलाल चौधरी ने कहा कि खेल-कूद शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन के भी सीख देते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है, शिर्फ तलाशने और तराशने की जरूरत है। चौधरी ने कहा कि खेलो में भी करियर की असीम संभावनाएं हैं। प्रतियोगिता का पहला मैच पतरातू एवं रिवर साइड के बीच खेला गया।

मौके पर प्रभुदयाल सिंह, भारतीय नौजवान सेना के अध्यक्ष विश्वरंजन सिन्हा, मुखिया अजय पासवान, मुखिया ब्यास पांडेय, राजेश गुप्ता, राजू मल्होत्रा, बीनू भगत, संजय पांडेय, ज्योति सिंह, भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबू, योगेश दांगी, राकेश सिन्हा, राधेश्याम, निवास ठाकुर, राणाप्रताप सिंह, रामअवतार पांडेय सहित कई लोग उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में कमेटी के आयुष सिंह, प्रकाश यादव, आदर्श सिसोदिया, पिंटू कुमार, आर्यन राज, राज घोष, लक्की कुमार, सचिन भगत, आलोक कुमार, रितेश कुमार आदि शामिल हैं।

### सब्जी विक्रेताओं से मिले रोशन चौधरी

भुरकुंडा (रामगढ़)। विधायक रोशन लाल चौधरी मंगलवार को भुरकुंडा बाजार पहुंचे और वहां सब्जी विक्रेताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान सब्जी विक्रेताओं ने बाजार परिसर में फैली गंदगी, शौचालय की कमी और पेट्रोल पंप से सब्जी बाजार तक सड़क निर्माण नहीं होने से हो रही परेशानी से विधायक को अवगत कराया। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि नियमित सफाई नहीं होने से बाजार में गंदगी का अंबार लगा रहता है, जिससे व्यवसाय के साथ-साथ आम लोगों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। चौधरी ने जल्द ही बाजार क्षेत्र में कचरे की नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था कराई जाएगी।

## एक नजर में

### पत्रकारों ने टाटीझरिया में प्रेस क्लब को लेकर विधायक तिवारी महतो को सौंपा ज्ञापन



टाटीझरिया। प्रखंड क्षेत्र के पत्रकारों ने मंगलवार को मांडू विधायक निर्मल ऊर्फ तिवारी महतो से मुलाकात कर टाटीझरिया में प्रेस क्लब भवन निर्माण की मांग की। प्रेस क्लब टाटीझरिया के अध्यक्ष राजू यादव के नेतृत्व में पत्रकारों ने विधायक को इस संबंध में एक मांग पत्र सौंपा और क्षेत्र में मीडिया कर्मियों को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। विधायक को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि टाटीझरिया प्रखंड के पत्रकार साथी क्षेत्र की समस्याओं और विकास की खबरों को जनता और सरकार तक पहुंचाने के लिए निरंतर सक्रिय रहते हैं। हालांकि, प्रखंड में पत्रकारों के बैठने, समाचार संकलन करने या संगठनात्मक बैठकें आयोजित करने के लिए कोई निश्चित स्थान उपलब्ध नहीं है। भवन नहीं होने के कारण पत्रकारों को सूचनाओं के आदान-प्रदान और अपने कार्यों के निष्पादन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पत्रकारों ने विधायक से आग्रह किया कि पत्रकारों के हितों और कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए प्रखंड मुख्यालय के समीप एक सर्वसुविधायुक्त प्रेस क्लब भवन का निर्माण कराया जाए। इसके लिए विधायक निधि या अन्य किसी मद से राशि आवंटित करने की अपील की गई है। पत्रकारों का कहना है कि भवन बनने से यहां समय-समय पर सामाजिक संवाद के कार्यक्रम भी बेहतर ढंग से आयोजित किए जा सकेंगे। इस अवसर पर प्रेस क्लब के संरक्षक मिथिलेश पाठक, नीलकंठ कुमार, ज्योतिष पंडा, रामबिलास शर्मा, संदीप पांडेय, कुंदन लाल, सोनू पांडेय, महेश अग्रवाल शामिल रहे। विधायक ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए इस दिशा में उचित सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।

### आजसू जिला उपाध्यक्ष की मां का निधन

बड़कागांव ।अंबेडकर मोहल्ला निवासी आजसू पार्टी जिला उपाध्यक्ष रवि राम की माता 75 वर्षीय मसोमात उगनी देवी का निधन सोमवार रात्रि 8 :00 हो गया। अग्नि संस्कार बड़कागांव पीपल नदी श्मशान घाट में किया गया। मुखग्नि इकलौते पुत्र रवि राम ने दिया। शव यात्रा भारी संख्या में लोग शामिल हुए। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक रोशन लाल चौधरी, कनिय अभियंता धनंजय कुमार ,कांग्रेस नेता संजय तिवारी,आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा,जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार,संजय कुमार,रविदास महासभा प्रखंड अध्यक्ष असेश्वर राम, बड़कागांव नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम ,सचिव रघुनाथ राम,चेतलाल राम, मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास,नरेंद्र राम, सूरज कुमार,विशाल ठाकुर,रामवृक्ष राम,विनोद राम,नेमधारी राम,गुड्डू रविदास,शंकर रजक, मेवालाल नाग,कृष्ण रविदास, रंजीत पंडित,रंजन कुमार ,गौतम कुशवाहा, संदीप पंडित,डेगन राम, आर्यन अर्पित के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### बीडीओ ने किया सतबहिया में कंबल वितरण



बड़कागांव। ठंड और शीतलहरी को देखते हुए जिला प्रशासन के निदेशार्नुसार प्रखंड के कांडतरी पंचायत के बिरहोर कालोनी सतबहिया मे 150 जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरण किया गया ।इस कार्यक्रम में प्रमुख फुलवा देवी,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल,कृषि पदाअधिकारी पंकज गुप्ता,प्रभारी मुखिया राजदेव महतो,पसस रंजीत चौबे की उपस्थिति में जरूरतमं एवं असहाय लोगों के बीच कम्बलों का वितरण किया गया। इसके अलावा शीतलहरी से बचाव हेतु अलाव आदि की व्यवस्था करने का निदेश दिया गया। बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल ने कहा कि प्रशासन भी जरूरतमंदों तक सरकारी सहायता पहुंचाने का लगातार प्रयास कर रही है। कंबल वितरण का मुख्य उद्देश्य शीतलहर और बढ़ती ठंड के बीच कमजोर वर्ग के लोगों को राहत पहुंचाना था। प्रमुख फुलवा देवी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत जरूरतमंदों की सहायता के लिए कंबल वितरण किया गया ।मौके पर बुधन कुमार सहित प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### सयाल डी परियोजना में आउटसोर्सिंग का निरीक्षण



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सयाल डी परियोजना में सयाल पीसीसी के सदस्यों द्वारा मंगलवार को आउटसोर्सिंग कंपनी पीएसएमई एवं आरए माइनिंग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पीसीसी सदस्यों ने प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए कि मजदूरों से कार्य पूर्ण सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही कराया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि खान में कार्यरत कामगारों को माइनिंग शू समय पर उपलब्ध कराए जाए, कार्यस्थल तक जाने वाले मार्गों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा धूल नियंत्रण हेतु नियमित पानी का छिड़काव कराया जाए। पीसीसी सदस्यों ने कहा कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मजदूरों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण दल में यूनियन की ओर से वासुदेव साव, विनोद कुमार, सदानंद सिंह, सत्येंद्र सिंह, बृजनंदन पासवान, संजय यादव और शाहनवाज शामिल थे। वहीं प्रबंधन की ओर से सयाल खान प्रबंधक सत्येंद्र सिंह, सयाल सेफ्टी ऑफिसर सतीश कुजूर, अखिलेश सिंह एवं गिरजा सिंह उपस्थित थे।

# टीएमसी सरकार के कुशासन से लोग त्रस्त

## बंगाल में दो तिहाई बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी : अमित शाह

▸▸ राज्य में विकास की गति तेज होगी और गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी जाएगी

एजेंसी

**कोलकाता।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में जनता तृणमूल कांग्रेस सरकार के कुशासन से त्रस्त है और बदलाव चाहती है , राज्य के विधानसभा चुनाव में भाजपा को दो तिहाई बहुमत से जीत मिलेगी। शाह ने कोलकाता में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ममता बनर्जी के 14 साल के कुशासन से त्रस्त और तंग आकर बदलाव का मन बना चुकी है।

उन्होंने कानून व्यवस्था , महिला सुरक्षा, उद्यमों के राज्य से बाहर भागने, वृद्धि दर में गिरावट, प्रति व्यक्ति आय में कमी समेत तमाम मुद्दों पर टीएमसी की ममता सरकार को घेरा। शाह ने विश्वास जताया कि अप्रैल में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में जनता



भय, भ्रष्टाचार, कुशासन और घुसपैठ को बढ़ावा देने वाली तृणमूल कांग्रेस को दरकिनार कर के विकास, विरासत और गरीब कल्याण के लिये एक मजबूत सरकार बनाने का संकल्प ले चुकी है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम बंगाल की जनता को आश्वासन देना चाहते हैं और वादा भी करते हैं कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही यहां की विरासत को पुर्नजीवित करेंगे। विकास की गति तेज होगी और गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी जाएगी।

शाह ने कहा कि ममता राज में बंगाल में पिछले 14 वर्षों से भय और भ्रष्टाचार, बंगाल की पहचान बना हुआ है। उन्होंने कहा कि अप्रैल, 2026 के बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही हम बंग गौरव, बंग संस्कृति और उसके पुर्नजागरण की शुरूआत करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा पश्चिम बंगाल को स्वामी विवेकानंद, बंकिम चंद्र चटर्जी, गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों का बंगाल बनाने का प्रयास करेगी। ' उन्होंने कहा कि कांग्रेस की स्थापना बंगाल में हुई थी, आज वह पार्टी यहां शून्य पर पहुंच गई है और राज्य में 34 वर्षों तक राज करने वाला कम्युनिस्ट गठबंधन को एक भी सीट नहीं मिली है और हमारी पार्टी विपक्ष की भूमिका में है।

### राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है घुसपैठ

शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल की सीमा से हो रही घुसपैठ सिर्फ बंगाल का नहीं यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। उन्होंने कहा कि देश की संस्कृति को बचाना है, देश की सुरक्षा को सुनिश्चित करना है, तो बंगाल की सीमाओं को सील करने वाली सरकार लानी पड़ेगी। यह काम सिर्फ भाजपा कर सकती है।

## चुनाव आते ही दुर्योधन-दुशासन बंगाल आ जाते हैं : ममता बनर्जी

एजेंसी

**बांकुड़ा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फिर से बंगाल दौरे पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जैसे ही चुनाव आते हैं, दुर्योधन-दुशासन बंगाल आ जाते हैं। ममता बनर्जी ने मंगलवार को अमित शाह के इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि राज्य में आकर कहते हैं कि ममता बनर्जी ने जमीन नहीं दी। अगर जमीन नहीं दी होती तो तारकेश्वर-बिष्णुपुर लाइन कैसे बनी? ईसीएल की कोयला परियोजनाओं के लिए जमीन कहां से आई? भारत-बांग्लादेश सीमा पर बनगांव, पेट्रापोल, घोजाडांगा, चांगड़ाबांधा–इन सब जगह जमीन किसने दी? उन्होंने अंडाल एयरपोर्ट और पानागढ़ का भी



उदाहरण देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने विकास के लिए पर्याप्त जमीन दी है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर भी मुख्यमंत्री ने चुनाव आयोग पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि एसआईआर सुनवाई के नाम पर बुजुर्गों और दिव्यांगों को परेशान किया जा रहा है। 60-70 साल के बुजुर्गों को नोटिस भेजा जा रहा है। पुरुलिया में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। अब तक एसआईआर प्रक्रिया में 58-60 लोगों की जान जा चुकी है। ये लोग बुजुर्गों और माता-पिता का सम्मान नहीं करते। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर एक भी वैध मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाया गया, तो दिल्ली में राष्ट्रीय चुनाव आयोग कार्यालय का घेराव किया जाएगा। अमित शाह के उस बयान पर भी ममता ने पलटवार किया, जिसमें उन्होंने 2026 में दो-तिहाई बहुमत से बंगाल में भाजपा सरकार बनाने का दावा किया था। ममता ने कहा कि यू मस्ट रिजाइन। देश के गृह मंत्री, आपको इस्तीफा देना चाहिए। पहले कहते थे अबकी बार 200 पार, अब बंगाल में दो-तिहाई की बात कर रहे हैं। मैं कहती हूं, लोकतांत्रिक तरीके से आपको देश से बाहर किया जाएगा।

## बजट से पहले प्रख्यात अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ प्रधानमंत्री ने की बैठक, कहा

# अब जन-आकांक्षा बन चुका है विकसित भारत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा है कि 2047 तक विकसित भारत का विजन अब केवल सरकार की नीति नहीं, बल्कि देशवासियों की सामूहिक जन-आकांक्षा बन चुका है। शिक्षा, उपभोग और वैश्विक अवसरों के प्रति बदलते दृष्टिकोण से यह स्पष्ट है कि भारत एक अधिक आत्मविश्वासी और आकांक्षी समाज के रूप में आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने यह बातें मंगलवार को नीति आयोग में प्रख्यात अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ संवाद के दौरान कही। इस संवाद का विषय आत्मनिर्भरता और संरचनात्मक परिवर्तनः विकसित भारत का एजेंडा रहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की यात्रा के लिए संस्थागत क्षमताओं को मजबूत करना और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए



आधारभूत ढांचे की अग्रिम योजना बनाना आवश्यक है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार उन्होंने जोर दिया कि देश की नीतियां और बजट प्रक्रिया 2047 के दीर्घकालिक विजन से जुड़ी रहनी चाहिए। दीर्घकालिक और सतत विकास को बनाए रखने के लिए प्रधानमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में मिशन-मोड में सुधारों का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक क्षमताओं के निर्माण और अंतरराष्ट्रीय एकीकरण के लिए सुधारों को तेजी से लागू करना जरूरी है, ताकि भारत वैश्विक कार्यबल और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बना रहे। बैठक में शामिल अर्थशास्त्रियों ने विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में उत्पादकता तथा प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने पर अपने विचार साझा किए। चर्चा में घरेलू

▸▸ देश की नीतियां और बजट 2047 के दीर्घकालिक विजन से जुड़ी रहनी चाहिए : मोदी

बचत को प्रोत्साहन देने, मजबूत अवसंरचना विकास और अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाकर संरचनात्मक परिवर्तन को गति देने पर बल दिया गया।

विशेषज्ञों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ाने वाला अहम साधन बताया और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के निरंतर विस्तार की आवश्यकता पर भी चर्चा की। प्रतिभागियों ने कहा कि 2025 में हुए बहु-क्षेत्रीय सुधारों की अभूतपूर्व पहल और आने वाले समय में उनका और सुदृढ़ीकरण भारत की विकास गति को मजबूती देगा तथा देश को विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में बनाए रखने में सहायक होगा।

# बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में एक फैक्ट्री के अंदर सिक्योरिटी ड्यूटी पर तैनात एक हिंदू गारमेंट वर्कर को उसके साथ काम करने वाले मजदूर ने गोली मार दी। इससे हिंदू वर्कर की मौके पर ही मौत हो गई। यह पिछले दो हफ्तों में तीसरी ऐसी घटना है, जब किसी हिंदू की हत्या हुई है। यह घटना सोमवार को शाम करीब 6.45 बजे भालुका उपजिला इलाके में लबीब ग्रुप की गारमेंट यूनिट सुल्ताना स्वेटर्स लिमिटेड में हुई। पीड़ित की पहचान 42 साल के बजेंद्र बिस्वास के रूप में हुई है। वहीं, गोली मारने वाला आरोपी 29 साल का नोमान मिया है। पुलिस ने आरोपी नोमान मिया को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों आदमी फैक्ट्री में

एक फैक्ट्री सुरक्षा गार्ड बजेंद्र बिस्वास को नोमान ने मार डाला



सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर तैनात थे। ये दोनों फैक्ट्री के अंदर ही अंसार बैरक में रह रहे थे। बातचीत के दौरान, नोमान मिया ने कथित तौर पर मजाक में या हल्के-फुल्के अंदाज में बिस्वास पर सरकारी शॉटगन तान दी। कुछ ही देर बाद हथियार से गोली चल गई, और गोली बिस्वास की बाईं जांघ में लगी। बिस्वास को तुरंत भालुका उपजिला हेल्थ कॉम्प्लेक्स ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# हिंदू दो या तीन बच्चे जन्में : सरमा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने राज्य में बदलते जनसंख्या रुझानों को लेकर चिंता जताते हुए हिंदू परिवारों से दो या तीन बच्चों को जन्म देने की अपील की है। मुख्यमंत्री सरमा मंगलवार को एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने जिन इलाकों में हिंदू समुदाय अल्पसंख्यक है या अल्पसंख्यक बनने की कगार पर है, वहां परिवारों को केवल एक बच्चे तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अपील का उद्देश्य सामाजिक संतुलन बनाए रखना और भविष्य की चुनौतियों से निपटना है। डॉ. सरमा के अनुसार, विभिन्न समुदायों के बीच जन्म दर में अंतर एक गंभीर विषय है। उन्होंने दावा किया कि कई क्षेत्रों में मुस्लिम समुदाय की जन्म दर अपेक्षाकृत अधिक है, जबकि हिंदू समुदाय में यह लगातार घट रही है। अगर इस प्रवृत्ति पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो इसके दूरगामी सामाजिक प्रभाव हो सकते हैं।

## 180 किमी की रफ्तार से दोड़ी वंदेभारत स्लीपर

**नयी दिल्ली।** वंदे भारत स्लीपर ने आज नई पीढ़ी की ट्रेन की तकनीकी विशेषताओं को प्रदर्शित किया। ट्रेन 180 किमी की रफ्तार से कोटा-नागदा खंड पर दौड़ी, जिसका वीडियो रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने साझा किया रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने इस उपलब्धि को वीडियो के साथ अपने एक्स अकाउंट पर साझा किया। उन्होंने कहा कि आज रेल सुरक्षा आयुक्त द्वारा वंदे भारत स्लीपर का परीक्षण किया गया। यह कोटा-नागदा खंड पर 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। हमारे स्वयं के जल परीक्षण ने इस नई पीढ़ी की ट्रेन की तकनीकी विशेषताओं को प्रदर्शित किया। उल्लेखनीय है कि वंदेभारत चेयरकार के बाद अब लोगों को बहुप्रतिक्षित वंदेभारत स्लीपर का इंतजार है। इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। रेलवे वर्तमान में इसका परीक्षण कर रहा है।

# बिहार में 3,200 नये स्वास्थ्य उपकेंद्र खुलेंगे

**पटना।** बिहार में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को और सशक्त बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है। सरकार चरणबद्ध तरीके से राज्य के अलग-अलग जिलों में 3200 नए स्वास्थ्य उप केंद्र खोलने की तैयारी में है। वर्ष 2026 में इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। योजना का उद्देश्य ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों में रहने वाली आबादी को समय पर बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराना है। वर्तमान में बिहार के अधिकांश गांवों में करीब दस हजार स्वास्थ्य उपकेंद्र कार्यरत हैं। जहां मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार

▸▸ ग्रामीण इलाकों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं होंगी मजबूत

नियोजन, सामान्य बीमारियों की प्राथमिक जांच और जन-स्वास्थ्य जागरूकता जैसे कार्य हो रहे हैं। इन उप केंद्रों ने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, टीकाकरण कवरेज सुधारने और कुपोषण से निपटने में अहम भूमिका निभाई है। अब बढ़ती आबादी और सेवाओं की बढ़ती मांग के कारण कई क्षेत्रों में नए उपकेंद्रों की आवश्यकता महसूस हो रही थी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, प्रस्तावित 3200 नए उप केंद्रों को आधुनिक मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में 38 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

**नयी दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। पूर्व आइएएस अधिकारी और तत्कालीन आबकारी आयुक्त निरंजन दास समेत 30 अन्य आबकारी अधिकारियों की 38.21 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई है। ईडी के मुताबिक, कुर्क की गई संपत्तियों में 78 अचल संपत्तियां शामिल हैं, जिनकी कीमत करीब 21.64 करोड़ रुपये है। इनमें लग्जरी बंगले, प्रीमियम अपार्टमेंट, व्यावसायिक दुकानें और बड़ी मात्रा में कृषि भूमि शामिल है। इसके अलावा 197 चल संपत्तियां, जिनकी कीमत लगभग 16.56 करोड़ रुपये है, भी जब्त की गई हैं। ईडी ने बताया कि वरिष्ठ अफसरों और राजनीतिक लोगों की मिलीभगत से आबकारी विभाग के भीतर एक समानांतर व्यवस्था चल रही थी। आरोप है कि अधिकारियों ने पार्ट-बी नाम की अवैध योजना के तहत बिना रिकॉर्ड की देसी शराब का निर्माण और बिक्री करवाई। यह शराब सरकारी दुकानों के जरिए बेची गई।

# सेना और नौसेना को जल्द मिलेंगी क्वार्टर बैटल कार्बाइन

## खरीदे जाएंगे भारी वजन वाले टॉरपीडो, 1896 करोड़ रुपये का समझौता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना और नौसेना को अब जल्द ही 4.25 लाख क्लोज क्वार्टर बैटल (सीक्यूबी) कार्बाइन मिल जाएगी, क्योंकि रक्षा मंत्रालय ने इसके लिए दो निजी फर्मों के साथ 2,770 करोड़ रुपये का करार किया है। नौसेना के लिए भारी वजन वाले टॉरपीडो खरीदने के लिए अलग से 1,896 करोड़ रुपये का समझौता किया गया है। कुल 4,666 करोड़ रुपये के यह समझौते मंगलवार को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में साउथ ब्लॉक में किए गए। रक्षा मंत्रालय ने 4.25 लाख से ज्यादा सीक्यूबी कार्बाइन और संबंधित उपकरणों के लिए 2,770 करोड़ रुपये का समझौता भारत फोर्ज लिमिटेड और पीएलआर सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया है। यह कामयाबी आत्मनिर्भर



भारत विजन के तहत पुराने सिस्टम को आधुनिक स्वदेशी तकनीक से बदलकर भारतीय सेना और नौसेना को विश्व स्तरीय मारक क्षमता से लैस करने की लगातार कोशिश का नतीजा है। आधुनिक इन्फेंट्री हथियारों के जखीरे का अहम हिस्सा होने के नाते सीक्यूबी कार्बाइन अपनी अनोखी डिजाइन और उच्च स्तरीय फायरिंग क्षमता? की वजह से करीबी लड़ाई में अहम बढ़त देती है, जिससे तंग जगहों पर तेज और निर्णायक मारक क्षमता मजबूत होगी। भारतीय नौसेना की कलवरी क्लास सबमरीन (पी-75) के लिए 48 हैवी वेट टॉरपीडो और उससे जुड़े उपकरणों की खरीद के लिए इटली की फर्म सबमरीन सिस्टम्स एसआरएल के साथ लगभग 1,896 करोड़ रुपये का समझौता किया गया है। इस खरीद से छह कलवरी क्लास सबमरीन की लड़ाकू क्षमता बढ़ेगी। टॉरपीडो की आपूर्ति अप्रैल?, 2028 से शुरू होगी और 2030 की शुरूआत तक पूरी हो जाएगी।इन टॉरपीडो में काफी ऑपरेशनल क्षमताएं और उन्नत तकनीकी विशेषता हैं। इस खरीद से खास तकनीक और उन्नत क्षमता वाले हथियारों को शामिल करके भारतीय नौसेना की ऑपरेशनल जरूरतें पूरी होंगी। यह समझौता सरकार और प्राइवेट सेक्टर के बीच तालमेल को दिखाता है, जिससे मेक-इन-इंडिया पहल को और बढ़ावा मिलेगा। यह प्रोजेक्ट अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, रोजगार के मौके बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाएगा और भारतीय लघु उद्योगों को ?छोटे उपकरणों के निर्माण और कच्चे माल की आपूर्ति के जरिए बढ़ावा देकर स्वदेशी रक्षा उद्योग को भी मजबूत बनाएगा। 2025-26 में रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों को आधुनिक बनाने के लिए 1,82,492 करोड़ रुपये के पूंजी अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

## स्पीड न्यूज

### भरुचा ने महाकाल का किया दर्शन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरुचा ने नए साल से पहले उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन किए। नुसरत ने पुत्रदा एकादशी के पावन अवसर पर महाकालेश्वर मंदिर में आयोजित भस्म आरती में हिस्सा लिया, जहां वे पूरी तरह भक्ति में लीन नजर आईं।यह नुसरत भरुचा का बाबा महाकाल के धाम में दूसरा दौरा था। तड़के सुबह आयोजित आरती के दौरान वे नंदी हॉल में बैठकर ध्यान और प्रार्थना करती दिखीं। इस विशेष अवसर पर मंदिर के पुजारियों ने नुसरत को महाकाल अंकित अंगवस्त्र प्रसाद स्वरूप भेंट किया, जिसे उन्होंने खुशी और श्रद्धा के साथ स्वीकार किया।

### इंदौर में दूषित पानी से 35 से ज्यादा लोग बीमार, एक की मौत

इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के भागीरथपुरा क्षेत्र में सोमवार को दूषित पानी पीने से 35 से ज्यादा लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इन लोगों में दो साल के बच्चे से लेकर 80 साल की बुजुर्ग महिला भी है। इनमें से एक नंदलाल पाल (75) की मंगलवार सुबह वर्मा हॉस्पिटल में मौत हो गई। डॉक्टरों ने बताया कि यह मौत कॉर्डियक अरेस्ट से हुई। हालांकि, उन्हें दूषित पानी पीने से तबीयत बिगड़ने के बाद भर्ती कराया गया था। दिल्ली में कोहरे के कारण 115 से अधिक उड़ानें रद्द, 16 डायवर्ट

### दिल्ली में कोहरे के कारण 115 से अधिक उड़ानें रद्द

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घने कोहरे के कारण मंगलवार को 115 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं और 16 उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। दिल्ली हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि सुबह नौ बजे तक विभिन्न एयरलाइंस की यहां से जाने वाली 58 उड़ानें रद्द रहीं। इसके अलावा, दूसरे शहरों से यहां आने वाली 60 उड़ानें भी रद्द रहीं। यहां आने वाली 16 उड़ानों को दूसरे शहरों में डायवर्ट करना पड़ा।

### रोहतासगढ़ रोपवे हादसे में दो इंजीनियर सस्पेंड

**सासाराम ।** चार दिन पूर्व ट्रायल के दौरान रोहतासगढ़ किला पर निर्माणाधीन रोपवे के ऊपरी टावर के ध्वस्त होनेके मामले में पुल निर्माण निगम के दो इंजीनियर को निलंबित कर दिया गया है। इस मामले में संबंधित ठेकेदार को काली सूची डालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह जानकारी राज्य के पथ निर्माण मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने मंगलवार को दी। उन्होंने कहा कि रोहतासगढ़ रोपवे बिहार सरकार का एक ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसका उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना ।

### ताइवान पर हमले की तैयारी कर रहा चीन

**ताइपे।** अमेरिकी सीनेटर रोजर विकर ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि चीन ने ताइवान पर हमला करने की तैयारी तेज कर दी है। उन्होंने कहा कि चीन की तैयारी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की नाकाबंदी करने की क्षमता दिखाने और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी को ताइपे पर दबाव बनाने की अनुमति देने के लिए डिजाइन की गई है। रोजर ने कहा कि ताइवान पर हमले के लिए चीन के अभ्यास लगातार तेज हो रहे हैं। ये कम समय के नोटिस पर होने वाले अभ्यास पीएलए की ताइवान की नाकाबंदी लागू करने की क्षमता दिखाने और कम्युनिस्ट पार्टी को ताइपे पर दबाव बनाने की अनुमति देने के लिए डिजाइन किए गए हैं।



# नववर्ष में लापुंग का घघारी धाम, साईं मंदिर व लतरातु डैम सैलानियों को आकर्षित करती


लापुंग का साईं मंदिर।


साईं मंदिर का मुख्य द्वार।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लापुंग।** बेड़ो प्रखंड के सीमावर्ती क्षेत्र से सटे लापुंग प्रखंड के देवगांव पंचायत के घघारी बाबा धाम, सांई ग्राम सरसा व लतरातू डैम पर्यटक को अपनी ओर आकर्षित करने में सक्षम है। और पर्यटन के विकास की अपार संभावनाएं है। प्रशासन द्वारा इन दर्शनीय स्थलों का विकास करने से आसपास के क्षेत्र का विकास तो होगा साथ ही रोजगार के नए अवसर भी लोगों को प्राप्त होंगे लेकिन शासन प्रशासन की उदासीनता और इच्छाशक्ति के अभाव के चलते पर्यटन विकास की सभी योजनाएं ठप पड़ी हुई है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में पर्यटक दर्शक पहुंचते हैं लेकिन यहां पर देखने घूमने मनोरंजन, खाने पीने रहने की कोई सुविधा अब तक उपलब्ध नहीं है। तीनों स्थलों पर लोगों को आकर्षित करने के लिए बुनियादी सुविधाएं जैसे शौचालय, पेयजल, कैनोपी, शेड, बैठने के लिए सीमेंटेड बेंच व चिल्ड्रेन पार्क व पार्क का निर्माण कार्य किया जाए ताकि अधिक से अधिक संख्या में पर्यटक पर्यटन स्थल का भ्रमण करें। रांची, गुमला व लोहरदगा आसपास के जिले के लोग बड़ी संख्या में आते हैं। साथ ही आसपास खूबसूरत वनों, पहाड़ों, घाटियों के चलते यहां नागपुरी गानों की शूटिंग किया जाता है। ये तीनों स्थलों को पर्यटन के रूप में विकास होगा और रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होगा। जिसका लाभ गांव वसिंयो को मिलेगा और जो लोग बाहर आये हैं उन्हें काम भी मिलेगा। ज्ञात हो कि इन तीनों को पर्यटक स्थल घोषित किए जाने को लेकर पूर्व में समाज सेवियों व बुद्धिजीवियों ने प्रयास किया था परंतु जिला एवं राज्य प्रशासन ने क्षेत्र की ओर ध्यान नहीं दिया जिसकी वजह से आज भी पर्यटन स्थल बनने से अछूता है। और ये स्थल उपेक्षा का दंश झेल रहा है। इन तीनों जगहों पर प्राकृतिक सौंदर्यता को लेकर धार्मिक महत्व भी है। यहां के खूबसूरत झरने, नदी, पहाड़ियां एवं जंगल जैसे प्राकृतिक छटा के साथ-साथ मानवनिर्मित मंदिर प्राचीन कला स्थल एवं आदिवासी समाज के नृत्य-संगीत सभी पर्यटकों को बरबस ही मोह लेते हैं। यदि पर्यटन स्थल के रूप में विकास होता है, तो जहां पर्यटन के क्षेत्र में जिले का नाम चमकेगा वहीं स्थानीय लोगों को रोजगार के नये अवसर भी प्राप्त होंगे। ऐसे जगहों को पर्यटक स्थल के तौर पर सजाया संवारा जाये तथा सुविधा से युक्त किया जाय तो पर्यटन की असीम संभावना बन सकती है। लेकिन इसके लिए न तो प्रशासनिक स्तर पर कभी इच्छा शक्ति दशार्यी गयी न ही राजनीतिक जनप्रतिनिधियों ने इसके लिए कोई सार्थक प्रयास किया है। जिसके कारण प्रयाप्त संभावनाओं के बावजूद जंगल व पहाड़ो से घिरे यहां के खूबसूरत वादीयां व स्थल उपेक्षित हैं। अन्य जगहों से लोगो के यहां आने के बजाय यहां के लोग घूमने के लिए व पिकनिक मनाने के लिए दूसरे जगहों पर जाने को विवश होते हैं। प्राकृतिक रूप से बने काले पत्थर आकर्षण का केंद्र है। यहां आने वाले लोग पत्थर के ऊपर बने कई मंदिर भी लोगों को अचंभित करते है। चारो ओर पत्थर व पेड़ पौधों से घिरे इस जगह तक चार पहिया वाहन भी आसानी से पहुंच जाता है इसलिए ठंड के दिनों में यह जगह पिकनिक मनाने वालो से गुलजार रहता है। इसके अलावे घघारी मंदिर स्थित घघारी जलप्रपात पर्यटकों बरबस अपनी ओर आकर्षित करता है। घघारी धाम के प्राचीन शिव मंदिर में अवस्थित शिवलिंग अनोखी है जो तीन खंडों में बंटा हुआ है। घघारी बाबा मंदिर के बारे में ऐसी मान्यताएं हैं कि जो भी भक्त बाबा के शिव लिंग की पूजा-अर्चना करने के बाद नत मस्तक होकर मन्नत मांगते हुए प्रणाम करता है। इस क्रम में उसके दोनों तलहटी आपस में जुट जाती है तो ऐसा माना जाता है कि उसकी सभी मनोकामनायें पूर्ण होती है।

## ग्रामीणों ने की पर्यटक स्थल बनाने की मांग


लापुंग का लतरातु डैम।

दोनों प्रखंड के ग्रामीणों ने कहा कि लोगों को एक ही बैनर के नीचे आना होगा। और दलगत राजनीति को छोड़कर सर्वदलीय मंच के नीचे आकर राज्य प्रशासन, जिला प्रशासन से मांग करना होगा घघारी बाबा धाम, सांई मंदिर व लतरातू डैम को पर्यटक स्थल के रूप में घोषित करें ताकि बाहर के पर्यटक क्षेत्र में पहुंचे और इनका लाभ ग्रामीणों को प्राप्त हो सके। डैम, सरोवर, झरने और आस्था के केंद्र सांई मंदिर के साथ प्रकृति गोद में ऐतेहासिक घघारी बाबा मंदिर होने के कारण पर्यटन की अपार संभावना है। वहीं घघारी धाम से लगभग ढाई किलोमीटर की दूरी पर सरसा ग्राम में प्रसिद्ध साईं मंदिर भी है। इस मंदिर में रोजाना ही श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। खासकर गुरुवार तथा रविवार को साईं मंदिर में काफी भीड़ होती है। जहां पूरे झारखंड के आसपास से सैकड़ों लोग यहां पूजा-अर्चना के लिए आते रहते हैं। साथ ही लतरातू डैम भी है। कुल मिलाकर देखा जाये तो इन तीनों स्थलों को विकसित कर झारखंड का एक बेहतर तथा मनोरम पर्यटन स्थल बनाया जा सकता है।


लापुंग के घघारी जलप्रपात का खूबसूरत दृश्य। फाइल फोटो।

# प्रयास जारी था जारी रहेगा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची की बढ़ती ठंड लोगों के रोजी रोजगार ओर जीवन पर अपना असर दिखना शुरू कर दिया हैं, सभी लोग कंबल और गर्म कपड़ों में अपने आप को समेत लिए हैं,इस कपकपाती ठंड में अपने वार्ड के लोगों के लिए लगातार 5वा दिन अपने वार्ड नं 04 के अंतर्गत ग्राम भरम टोली अटक क्लिनिक के समीप ओर नायक टोली, यीशु नगर, के सभी बूढ़े बुर्जुग जरुरतमंद ग्रामीणों के लिए अमित मुंडा (भावी पार्षद प्रत्याशी) के द्वारा लगभग 300 जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। उनका प्रयास है कि वे हर उस जरूरतमंद लोगों के बीच पहुंच सके जो इस कनकनाती ठंड में एक गर्म कपड़ा का आश उम्मीद करते हैं।



# बीमार भाजपा कार्यकर्ता से मिलने घर पहुंचे रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ

## रक्षा राज्यमंत्री अपने घर में देख कार्यकर्ता भावुक हुआ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**ओरमांझी।** जनसंघ काल के बीमार भाजपा कार्यकर्ता बालक पाहन से मिलने रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ उनके घर पहुचे। मंत्री ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। संजय सेठ ने बताया बालक पाहन को 1976 से जानते हैं।मंगलवार को ओरमांझी में आयोजित बलिदानी जीतराम बेदिया जयंती समारोह कार्यक्रम के दौरान उन्हें बालक पाहन के बीमार होने की जानकारी मिली। इसके बाद वे कार्यक्रम से निकलकर सीधे ओरमांझी के चकला स्थित उनके घर पहुंचे। उन्होने बीमार कार्यकर्ता के घर लगभग आधा घंटा बिताया। इस दौरान उन्होंने न केवल उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली, बल्कि पुराने राजनीतिक दिनों को भी याद किया। उन्होंने परिवारजनों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं रक्षा राज्य मंत्री के अचानक घर पहुंचने से बालक पाहन भावुक हो उठे और खुशी जाहिर करते हुए कहा यह मुलाकात उनके लिए बड़ी संजीवनी है। स्थानीय लोगों ने भी मंत्री की इस संवेदनशील पहल की सराहना की है। इस दौरान मंत्री के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष शंकर महतो सहित ओरमांझी के कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## चैनपुर की बेटी कंचन बनीं झारखंड सचिवालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर

**चैनपुर।** मंगलवार का दिन रांची के ऐतिहासिक मोराबादी मैदान के लिए एक नई उम्मीद और गर्व का साक्षी बना। झारखंड सरकार द्वारा आयोजित भव्य नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में सैकड़ों युवाओं के सपने सच हुए। इन्हीं चेहरों में एक चमकता हुआ चेहरा कंचन टोप्पो का था। जिनकी कहानी आज राज्य के लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। कंचन टोप्पो गुमला जिले के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत प्रेमनगर गांव की रहने वाली हैं। उनके जीवन का सबसे कठिन दौर साल 2014 में आया जब उनके पिता स्वर्गीय जेरोम टोप्पो (जो एक सरकारी शिक्षक थे) का निधन हो गया। पिता के जाने के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा लेकिन कंचन ने हिम्मत नहीं हारी।

## आदिवासी समाज की पदयात्रा घाघरा पहुंची

**घाघरा।** चान्हो प्रखंड के सोपरन नवाटोली गांव से आदिवासी समाज द्वारा सिरासिता धार्मिक स्थल को लेकर निकाली गई धार्मिक पदयात्रा घाघरा पहुंची। पदयात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए, जो उत्साह और श्रद्धा के साथ पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। पदयात्रियों के घाघरा पहुंचने पर लोगों ने उनका स्वागत करते हुए इस धार्मिक पहल की सराहना की। आदिवासी समाज के लोगों ने बताया कि विगत 28 दिसंबर को यह पदयात्रा अपने गंतव्य से सिरासिता धार्मिक स्थल की ओर प्रस्थान किया है। जो आगामी 1जनवरी नववर्ष के अवसर पर पहुंचकर उक्त धार्मिक स्थल पर सामूहिक पूजन-अर्चना का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के लोग अपने रीति-रिवाजों के अनुसार पारंपरिक पूजा संपन्न करेंगे तथा क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और आपसी भाईचारे की कामना करेंगे।

# शहीद जितराम बेदिया के बलिदान को घर- घर पहुंचाने की जरूरत : सुदेश महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**अनगड़ा।** आजसू पार्टी सुप्रीमों और पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश कुमार महतो ने प्रखंड के बरादाग पंचायत अन्तर्गत सीताडीह में मंगलवार को आयोजितअमर शहीद जितराम बेदिया के 223 वें जयन्ति समारोह उनके आदमकद प्रतीमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस मौके उन्होंने कहा कि शहीद जीतराम बेदिया देश के स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाते हुए शहीद हुए थे कहा कि हमें ऐसे क्रांतिकारी वीर की जीवनी को घर घर पहुंचाने की आवश्यकता है, कहा कि अमर शहीद जितराम बेदिया एवं उनके जैसे लाखों बलिदानियों के कारण हमारा देश स्वतंत्र हो सका। उन्होंने कहा कि देश के लिए संघर्ष करने, तथा देश के लिए बलिदान देनेवाले जीतराम बेदिया के बताये मार्ग पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि एनडीए सरकार ने स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल वीरों को सम्मानित करने का कार्य किया है। पूर्व में जिन्हें भुला दिया गया था, ऐसे स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी देशवासियों तक पहुंचाया है। मौके पर सिल्ली के प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, बुधराम बेदिया, सोहराई बेदिया, मुखिया सारथी देवी, दिलीप बेदिया, मो रिजवान अंसारी, मोहन महतो, पंचम भोगता, राजू महली, ग्राम प्रधान राजेश बेदिया, सीताराम साहू, शंभू साहू, राजेश साहू, डब्ल्यू महली, अमर सिंह मुंडा, शिवचरण मुंडा, सत्यनारायण मुंडा, संजय बेदिया, देवेंद्र मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे. वहीं प्रखंड के बीसा, सुरसू, टाटी एवं मुशंगु में भी अमर शहीद जितराम बेदिया की जयंती धूमधाम से मनाई गयी।

# फुटबॉल में गंझू ब्रदर्श व सिकिदिरी सेमीफाइनल में, 200 मीटर दौड़ का गोल्ड मायुति ने जीता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिकिदिरी।** सिकिदिरी मैदान में खेली जा रही जनकल्याण समर्पण संस्थान खेल महोत्सव में मंगलवार को खेले गये फुटबॉल मुकाबले में गंझू ब्रदर्श व सिकिदिरी की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। जबकी 200 मीटर सब जूनियर दौड़ में मायुति कुमारी ने गोल्ड, विद्या कुमारी सिल्वर, चंचल कुमारी ब्रॉन्ज, 100 मीटर पिछे दौड़ में गायत्री कुमारी गोल्ड, दीपिका कुमारी सिल्वर, मोनिका कुमारी ब्रॉन्ज, जूनियर रोहित मुंडा गोल्ड, गोवर्धन ठाकुर सिल्वर, रोहित मुंडा ब्रॉन्ज, स्किपिंग दौड़ गायत्री कुमारी गोल्ड, साक्षी कुमारी सिल्वर, रितिका सैनी ब्रॉन्ज, माइनर अनु कुमारी गोल्ड, राजनंदिनी कुमारी सिल्वर, रिद्धि कुमारी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। सभी विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि समाजसेवी सह भाजपा नेता देवराज सिंह, विशिष्ट अतिथि सत्यजीत सिंह ने मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुजीत कुमार, कोषाध्यक्ष रमन कुमार, उपाध्यक्ष बिरसा करमाली, कुंती देवी, किरण देवी, महासचिव सत्यपाल राउत, खेल प्रभारी अमन जायसवाल व पिंकी कुमारी उपस्थित थे।

# गुमला में आयोजित कार्यक्रम में हुईं शामिल राष्ट्रपति, स्व कार्तिक उरांव की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर दी श्रद्धांजलि

# मुझे बेटी और माता के रूप में जानें लोग : द्रौपदी मुर्मू





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**गुमला।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन गुमला में आयोजित अंतरराज्यीय जन सांस्कृतिक समागम सह कार्तिक जतरा कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान राष्ट्रपति को राष्ट्र माता की उपाधि देने पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण के दौरान कहा कि वे अभी राष्ट्र माता नहीं बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि लोग उन्हें अपनी बेटी और माता के रूप में जानें। इधर कार्यक्रम से पूर्व मांझाटोली स्थिति स्व. कार्तिक उरांव की आदमकद प्रतिमा पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, राज्यपाल झारखंड संतोष गंगवार, राज्यपाल छतीसगढ़ रमेन डेका, छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने श्रद्धांजलि अर्पित की। जहां से वे कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू छतीसगढ़ के जशपुर जिला में बने हवाई पट्टी पर अपने हेलीकॉप्टर से पहुंची। जहां से वे सीध्से कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना हुई। मांझाटोली पहुंचने पर डीसी प्रेरणा दीक्षित व एसपी हारिस बिन जमां ने राष्ट्रपति का बुके देकर स्वागत किया गया।

## कार्यक्रम को लेकर चप्पे-चप्पे पर था सुरक्षा व्यवस्था

राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर गुमला शहर से लेकर रायडीह व छतीसगढ़ मार्ग पर मंगलवार को वाहनों का परिचालन पूर्णता प्रतिबंधित कर दिया गया था। वहीं राष्ट्रपति के आगमन को लेकर शहर मुख्यालय से लेकर कार्यक्रम आयोजन स्थल तक चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा कर्मी तैनात किये गये थे। हर स्थान पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। वहीं कार्यक्रम स्थल में प्रवेश से पहले सभी लोगों की जांच की गई। जिसके बाद डनहें कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश करने दिया गया।

## कार्यक्रम में ये थे शामिल

कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, समीर उरांव, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, भाजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार लाल, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहु, विजय मिश्रा, सुरेश सिंह, विनोद कुमार, दामोदर कसेरा, कौशलेंद्र जमुवार, राजेश लोहानी, मंगल सिंह भोगता, श्याम सुंदर साहु, कलिंद्र साहु, प्रबल सिंह जुदेव, विमला प्रधान, महेंद्र भगत, रामावतार भगत, रामेश्वरी उरांव, छतीसगढ के मंत्री राम विचार नेताम, सांसद, गोमती साय, गंगोत्री कुजूर, देवेंद्र लाल उरांव, संजय वर्मा, शंभू सिंह, संतोष पंडा सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल थे। वहीं मंच का संचालन विंदेश्वर बेक ने की।

## छतीसगढ़ को पर्यटन का नया उद्योग बनाया जा रहा है: सीएम विष्णु देव

छतीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि छतीसगढ़ राज्य नक्सल प्रभावित रहा है। राज्य का बस्तर जिला धरती का स्वर्ग है लेकिन नक्सल प्रभावित होने के कारण विकास नहीं पहुंच पा रहा था। गृहमंत्री अमित शाह के प्रयास से शांति बहाली में कामयाबी मिली है। राज्य नक्सल मुक्त होने के कगार पर है। साय ने कहा कि छतीसगढ़ राज्य को पर्यटन का नया उद्योग बनाया जा रहा है।



**जतरा व कार्यक्रम का आयोजन कर विश्वविद्यालय निर्माण के संकल्प को दोहराया जाता है: शिव शंकर :** कार्यक्रम के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि वर्ष 2010 से पंखराज साहेब कार्तिक उरांव आदिवासी शक्ति स्वायतशासी विद्यालय निर्माण की दिशा में आयोजन समिति कार्य कर रही है। जतरा व कार्यक्रम का लगातार आयोजन कर विश्व विद्यालय निर्माण के संकल्प को दोहराया जाता है। उन्होंने राष्ट्रपिता के नाम से महात्मा गांधी को याद करने की बात कहते हुए कह कि क्षेत्र के लोग राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्र माता की उपाधि देना चाह रहे हैं। उन्होंने मंच के माध्यम से स्व. कार्तिक उरांव को भारत रत्न देने की मांग उठायी।

# भारत ने जीत के साथ किया साल का अंत, श्रीलंका को 5-0 से क्लीन स्वीप किया

एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पांचवां टी20 मुकाबला 15 रन से अपने नाम किया। भारत ने इसके साथ ही पांच मैचों की टी20 सीरीज 5-0 से अपने नाम की और श्रीलंका को क्लीन स्वीप कर दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 175 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम निर्धारित ओवर में सात विकेट पर 160 रन ही बना सकी। श्रीलंका के लिए हसिनी परेरा और इमिशा दुलानी ने अर्धशतक लगाए, लेकिन टीम जीत हासिल नहीं कर सकी। यह पहली बार है जब भारतीय महिला टीम ने घर में 5-0 से जीत दर्ज की है। भारत के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान चामरी अट्टापट्टू सस्ते में आउट हुईं। अरुंधति रेड्डी ने कप्तान चामरी अट्टापट्टू को आउट कर श्रीलंका को पहला झटका दिया। अट्टापट्टू पांच गेंदों पर दो रन बनाकर आउट हुईं। हालांकि, इसके बाद हसिनी और इमिशा ने पारी को संभाला और पावरप्ले तक कोई और विकेट नहीं गिरने दिया। पहला झटका लगने के बाद हसिनी परेरा और इमिशा ने श्रीलंकाई पारी को संभाले रखा। हसिनी और इमिशा के बीच दूसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी भी पूरी की। वहीं, इमिशा ने भी 38 गेंदों पर पचासा पूरा किया। इसके बाद अमनजोत ने इस साझेदारी को तोड़ा। अमनजोत कौर ने अपने पहले ओवर की पहली ही गेंद पर इमिशा दुलानी को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। इमिशा 39 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुईं। इमिशा और हसिनी के बीच दूसरे विकेट के लिए 79 रनों की साझेदारी हुई।




**दीप्ति शर्मा ने रचा इतिहास:** भारतीय महिला टीम की अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ पांचवें टी20 मैच के दौरान इतिहास रच दिया है। दीप्ति शर्मा महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। दीप्ति ने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट को पीछे छोड़ दिया है। दीप्ति के टी20 में अब 133 मैचों में 152 विकेट हो गए हैं।

## इस सीरीज में भारत का पावरप्ले में न्यूनतम स्कोर

भारत ने पावरप्ले समाप्त होने तक दो विकेट पर 40 रन बनाए थे। भारत का श्रीलंका के खिलाफ मौजूदा टी20 सीरीज में यह पावरप्ले में न्यूनतम स्कोर है। भारत ने इससे पहले शुरूआती चार मैचों में पावरप्ले में 55/1, 68/1, 55/1 और 61/0 रन बनाए थे। भारत ने पावरप्ले समाप्त होने के बाद तीसरा विकेट गंवाया। रश्मिका ने हरलीन देओल को बोल्ड किया। हरलीन 11 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 13 रन बनाकर आउट हुईं। फिर चामरी अट्टापट्टू ने ऋचा घोष को आउट किया जो छह गेंदों पर एक चौके की मदद से पांच रन बनाकर आउट हुईं। फिर चामरी ने दीप्ति शर्मा को आउट कर भारत को पांचवां झटका दिया। दीप्ति आठ गेंदों पर सात रन बनाकर आउट हुईं।

### कमालिनी ने किया डेब्यू

भारत के लिए जी कमालिनी ने इस मैच से टी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू किया है। भारत ने इस मैच के लिए प्लेइंग-11 में दो बदलाव किए। स्मृति मंधाना और रेणुका सिंह को आराम दिया गया है। कमालिनी के अलावा स्नेह राणा को भी मौका मिला। वहीं, श्रीलंका ने भी एकादश में दो बदलाव किए।

**शेफाली ने मंधाना को पीछे छोड़ा :** भारतीय महिला टीम की विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान एक खास उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है। शेफाली किसी द्विपक्षीय टी20 सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाली भारतीय महिला बल्लेबाज बन गई हैं। उन्होंने इस मामले में स्मृति मंधाना को पीछे छोड़ दिया है। शेफाली का बल्ला श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में जमकर चला।शेफाली भले ही पांचवें टी20 में बड़ी पारी नहीं खेल सकीं, लेकिन वह एक टी20 सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली भारतीय बन गईं। शेफाली ने श्रीलंका के खिलाफ इस सीरीज में 241 रन बनाए और उन्होंने मंधाना के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। मंधाना ने इस साल इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 221 रन बनाए थे, लेकिन अब शेफाली ने उन्हें पीछे छोड़ दिया है। श्रीलंका के खिलाफ सीरीज से पहले शेफाली ने नौ पारियों में 106.4 के स्ट्राइक रेट से 182 रन बनाए थे। लेकिन इस सीरीज में उन्होंने पांच पारियों में 80.3 के औसत और 181.2 के स्ट्राइक रेट से 241 रन बनाए। उन्होंने तीन मैचों में अर्धशतक भी लगाए।

# आइसीसी रैंकिंग में शेफाली-रेणुका की छलांग, दीप्ति शर्मा टॉप पर बरकरार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को आइसीसी महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शानदार फायदा मिला है। श्रीलंका के खिलाफ घरेलू मैदान पर चल रही पांच मैचों की टी-20 सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर शेफाली चार पायदान की छलांग लगाते हुए छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। मंगलवार को अपडेटेड रैंकिंग में यह उछाल शेफाली की लगातार विस्फोटक पारियों का नतीजा है। उन्होंने श्रीलंका के दूसरे टी-20 में 34 गेंदों पर नाबाद 69 रन, तीसरे मुकाबले में 42 गेंदों पर नाबाद 79 रन और चौथे मैच में 46 गेंदों पर 79 रन की शानदार पारियां खेलीं। सीरीज में अब तक वह कुल 236 रन बना चुकी हैं। इस दमदार प्रदर्शन के चलते शेफाली अब शीर्ष स्थान के करीब पहुंच गई हैं। उनके खाते में इस समय 736 रेटिंग अंक हैं, जबकि नंबर एक पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की बेथ



मूनी के 794 रेटिंग अंक हैं। मंधाना स्थिर, जेमिमा को नुकसानभारतीय टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ चौथे टी-20 मैच में शानदार 80 रन की पारी खेली थी। मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रॉड्रिग्स को एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह अब 10वें पायदान पर खिसक गई हैं। कप्तान हरमनप्रीत सिंह 15वें स्थान पर कायम हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष को बड़ी छलांग मिली है और वह सात स्थान ऊपर चढ़कर 20वें नंबर पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजी में दीप्ति शर्मा का दबदबामहिला टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत की अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। वह लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। उनके साथ तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर भी टॉप-10 में शामिल हो गई हैं। वह आठ स्थान ऊपर चढ़ते हुए संयुक्त रूप से छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। श्रीलंका के खिलाफ तीसरे मैच में टीम में वापसी करते हुए रेणुका ने 21 रन देकर चार विकेट लिए थे। भारत की युवा स्पिनर श्री चरणी को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। श्री चरणी 17 पायदान ऊपर चढ़कर 52वें स्थान पर पहुंच गई हैं। ऑलराउंडर में हेले मैथ्यूज शीर्ष परमहिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर रैंकिंग में वेस्टइंडीज की खिलाड़ी हेले मैथ्यूज 505 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद न्यूजीलैंड की अमेलिया केर 434 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। तीसरे स्थान पर दीप्ति शर्मा 387 रेटिंग अंकों के साथ हैं।

## मेलबर्न के बाद सिडनी में भी छाप छोड़ने को तैयार जैकब बेथेल

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही एशेज सीरीज अब समाप्ती की ओर पहुंच चुकी है। पांच टेस्ट मैचों की इस सीरीज में चार मुकाबले खेले जा चुके हैं, जहां ऑस्ट्रेलिया 3-1 की विजयी बढ़त के साथ आगे है। शुरूआती तीन टेस्ट अपने नाम करने के बाद मेजबान टीम का दबदबा दिखा, लेकिन मेलबर्न में खेले गए चौथे टेस्ट में इंग्लैंड ने महज दो दिनों में जीत दर्ज कर जोरदार वापसी की और मुकाबले में रोमांच भर दिया। अब सारी निगाहें 4 जनवरी से सिडनी में शुरू होने वाले पांचवें और आखिरी टेस्ट पर टिकी हैं। इस मैच को लेकर इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज जैकब बेथेल खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं। मेलबर्न में अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचने वाले बेथेल अब सिडनी में भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दमदार पारी खेलकर टेस्ट टीम में नंबर तीन की जगह पक्की करना चाहते हैं। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए बॉक्सिंग डे टेस्ट में इंग्लैंड की चार विकेट की ऐतिहासिक जीत में बेथेल की अहम भूमिका रही थी।

# 12 साल के बच्चे ने वर्ल्ड चैंपियन गुकेश को दी मात

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को फिड विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप में 12 साल के खिलाड़ी सर्गेई स्लोकिन से हार का सामना करना पड़ा। गुकेश को एक गलती भारी पड़ गई और वह इस युवा फिडे मास्टर के खिलाफ उलटफेर का शिकार हो गये। विश्व खिताब जीतने के बावजूद गुकेश को तीसरे दौर के तनावपूर्ण मुकाबले में युवा फिडे मास्टर के हाथों हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियन गुकेश की ब्लिट्ज रेटिंग 2628 है, जो स्लोकिन की लगभग 2400 की रेटिंग से 228 अंक ज्यादा है। दोनों खिलाड़ियों के स्तर में भी काफी बड़ा अंतर है। गुकेश एक सुपर ग्रैंडमास्टर हैं जिनकी क्लासिकल रेटिंग 2750 से ऊपर है। दूसरी तरफ स्लोकिन के पास फिडे मास्टर का टाइटल है, जो ग्रैंडमास्टर से दो स्तर नीचे है। इस बड़े अंतर के बावजूद स्लोकिन ने गुकेश का डटकर मुकाबला किया। स्लोकिन के



खिलाफ गुकेश अच्छी स्थिति में थे और मुकाबला अपने नाम करने के करीब थे। लेकिन 70वें चाल में मैच का रुख पूरी तरह बदल गया और गुकेश वापसी नहीं कर सके। काले मोहरों से खेल रहे भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश के पास सिर्फ आठ सेकेंड बचे थे, जबकि स्लोकिन के पास लगभग 13 सेकेंड थे। इस समय युवा प्रतिभा ने हाथी की अदला-बदली का प्रस्ताव दिया। गुकेश एक प्यादा पीछे थे, लेकिन यह अदला-बदली खेल को ड्रॉ करवा सकती थी। गुकेश ने हालांकि हाथी की अदला-बदली के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और जीतने की संभावना बनाए रखने के लिए 70Rf4 चला। यह फैसला महंगा साबित हुआ।

## एक नजर

### सूर्यकुमार यादव ने तिरुमला मंदिर में किये दर्शन



**नयी दिल्ली।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी वनडे और टी20 सीरीज से पहले आध्यात्मिक आशीर्वाद लेने के उद्देश्य से आंध्र प्रदेश के तिरुमला स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पत्नी देविशा शेट्टी के साथ दर्शन किए। वैकुंठ एकादशी के शुभ अवसर पर दोनों ने भगवान वेंकटेश्वर की पूजा-अर्चना की और वैकुंठ द्वारम से होकर दर्शन किए, जिसे अत्यंत पावन माना जाता है। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम प्रशासन की ओर से सूर्यकुमार यादव और उनकी पत्नी के लिए विशेष दर्शन की व्यवस्था की गई थी। सुबह के समय दोनों ने शांतिपूर्वक भगवान के दर्शन किए। दर्शन के बाद मंदिर के पुजारियों ने उन्हें रंगनायकुलावरी मंडपम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आशीर्वाद दिया। इसके पश्चात दोनों को तीर्थ प्रसाद प्रदान किया गया और उन्होंने भगवान को वस्त्र अर्पित किए।

### टी-20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड की 15 सदस्यीय अस्थायी टीम घोषित, जोश टंग को मिला मौका



**लंदन।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने आगामी टी-20 विश्व कप 2026 के लिए मंगलवार को अपनी 15 सदस्यीय अस्थायी टीम की घोषणा की। तेज गेंदबाज जोश टंग को पहली बार टी-20 टीम में शामिल किया गया है। टंग इंग्लैंड के लिए आठ टेस्ट मैच खेल चुके हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक अपने देश के लिए कोई टी-20 अंतरराष्ट्रीय या वनडे मैच नहीं खेला है। टी-20 विश्व कप के लिए टीम की घोषणा के साथ-साथ ईसीबी ने जनवरी-फरवरी में श्रीलंका के खिलाफ सफेद गेंद क्रिकेट दौरे के लिए भी टीम का ऐलान किया है। टी-20 विश्व कप और श्रीलंका दौरे के लिए वनडे और टी-20 टीमों का कप्तान हैरी ब्रूक को बनाया गया है। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को भी टी-20 विश्व कप टीम में शामिल किया गया है, लेकिन वह श्रीलंका दौरे की टीम से बाहर हैं। वह फिलहाल चोट से उबर रहे हैं।

### ओमान टीम की कप्तानी करेंगे जसविंदर सिंह

**मस्कट।** जसविंदर सिंह भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए ओमान की 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी करेंगे। जसविंदर को विनायक शुक्ला का साथ मिलेगा, जिन्हें टीम में उप-कप्तान बनाया गया है। ओमान आइसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप में अपनी चौथी भागीदारी में छाप छोड़ने की कोशिश करेगा।

### गेंदबाजी सलाहकार के तौर पर श्रीलंका के साथ जुड़े मलिंगा

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा को तेज गेंदबाजी सलाहकार के तौर पर टीम में शामिल किया है। मलिंगा 15 दिसंबर 2025 से 25 जनवरी 2026 तक के लिये ही टीम के साथ काम करेंगे। एसएलसी ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। बयान में कहा गया कि मलिंगा राष्ट्रीय टीम के तेज गेंदबाजों के साथ काम करेंगे ताकि उन्हें फरवरी में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए तैयार किया जा सके। श्रीलंका इस बार भारत के साथ मिलकर टी20 विश्व कप की मेजबानी कर रहा है। इसने इससे पहले 2012 में इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी।

## फीफा वर्ल्ड कप 2026 का क्रेज शिखर पर, 15 करोड़ से ज्यादा टिकट रिक्वेस्ट से बना रिकॉर्ड

एजेंसी

**जेनेवा।** फीफा ने सोमवार को बताया कि फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए अब तक 15 करोड़ से अधिक टिकट रिक्वेस्ट मिल चुकी हैं। यह आंकड़ा वर्ल्ड कप टिकटिंग के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है, जबकि रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ का मौजूदा चरण अभी आधा ही पूरा हुआ है। फीफा के अनुसार, 11 दिसंबर को रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ टिकटिंग फेज शुरू होने के बाद से 200 से अधिक देशों और क्षेत्रों के फैंस ने fifa.com/tickets प्लेटफॉर्म पर भारी संख्या में आवेदन किए हैं। यह चरण 13 जनवरी 2026 को समाप्त होगा। फीफा ने बताया कि 2026 वर्ल्ड कप के लिए हर टिकट आवेदन के साथ सबमिट किए गए वेरिफाइड व्यक्तिगत क्रेडिट कार्ड नंबरों के आधार पर 30 गुना से ज्यादा ओवर सब्सक्रिप्शन दर्ज




किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि यह मांग 1930 से अब तक खेले गए सभी 22 वर्ल्ड कप संस्करणों के 964 मैचों में मौजूद कुल दर्शकों की संख्या से 3.4 गुना अधिक है। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा, 'फीफा वर्ल्ड कप 2026 दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे अधिक समावेशी आयोजन होगा। फैंस की यह जबरदस्त प्रतिक्रिया इस बात का प्रमाण है कि हमारा खेल दुनिया भर में कितना लोकप्रिय है। उत्तरी अमेरिका में हम इतिहास रचने जा रहे हैं, जहां एकता और बेहतरीन फुटबॉल के जश्न में पूरी दुनिया पहले से कहीं ज्यादा एक साथ आएगी। फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आगाज 11 जून को होगा।

# रांची रॉयल्स ने श्राची बंगाल टाइगर्स को 5-0 से हराया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग 2025-26 के अपने दूसरे मुकाबले में रांची रॉयल्स ने दमदार प्रदर्शन करते हुए श्राची बंगाल टाइगर्स को 5-0 से पराजित किया। यह मैच मंगलवार को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम, रांची में खेला गया। रांची रॉयल्स की जीत में लुसीना वॉन डर हेडे का अहम योगदान रहा, जिन्होंने दो गोल (33वें और 57वें मिनट) किए। इसके अलावा हैना कॉटर (10वां मिनट), ब्यूटी डुंगडुंग (14वां मिनट) और संगीता कुमारी (44वां मिनट) ने एक-एक गोल दागा। मैच की शुरूआत से ही रांची रॉयल्स का दबदबा बना रहा। पहले हाफ में टीम ने 17 सर्किल एंट्री कर आक्रमण में अपनी बढ़त साबित की। 10वें मिनट में हैना कॉटर ने शानदार गोल कर रांची को बढ़त दिलाई। इसके बाद 14वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर ब्यूटी



डुंगडुंग ने रिबाउंड पर गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भी रांची रॉयल्स ने लगातार दबाव बनाए रखा, हालांकि श्राची बंगाल टाइगर्स की गोलकीपर जेनिफर रिजो ने कुछ बेहतरीन बचाव कर अंतर को बढ़ने से रोके रखा। तीसरे क्वार्टर में लुसीना वॉन डर हेडे ने 33वें मिनट में गोल कर बढ़त को 3-0 कर दिया। 44वें मिनट में संगीता कुमारी ने आसान गोल करते हुए टीम को चौथी सफलता दिलाई। अंतिम क्वार्टर में श्राची बंगाल टाइगर्स ने वापसी की कोशिश की, लेकिन रांची रॉयल्स की मजबूत रक्षा के सामने वे नाकाम रहीं। मैच समाप्ति से चार मिनट पहले पेनल्टी कॉर्नर पर लुसीना वॉन डर हेडे ने अपना दूसरा गोल कर टीम की 5-0 की शानदार जीत पर मुहर लगा दी। इस जीत के साथ रांची रॉयल्स ने टूर्नामेंट में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए वर्ष 2025 रहा शानदार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए साल 2025 अच्छा रहा। बिहार के राजगीर में खेले गए हीरो एशिया कप 2025 में शानदार जीत दर्ज कर भारतीय टीम ने न सिर्फ आठ साल बाद खिताब अपने नाम किया, बल्कि एशिया की नंबर-1 टीम का दर्जा भी बरकरार रखा। इस जीत के साथ टीम ने एफआइएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2026 के लिए सीधा क्वालिफिकेशन भी सुनिश्चित किया। कोच क्रेग फुल्टन के मार्गदर्शन में भारतीय टीम ने एशिया कप में कोरिया, चीन और मलेशिया जैसी मजबूत टीमों को करारी शिकस्त देकर अपने दबदबे का प्रदर्शन किया। यह खिताबी जीत साल 2025 की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक रही। प्रो लीग और एचआइएल से मिला फायदासाल की शुरूआत भारत के लिए सकारात्मक रही। एफआईएच प्रो लीग के घरेलु चरण में टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। इसके ठीक पहले हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) में कुछ ऐसे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया जो सीनियर टीम में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। भुवनेश्वर में शुरू हुए प्रो लीग चरण में कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारत ने स्पेन, जर्मनी, आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन किया। टीम ने आठ में से पांच मुकाबले जीते, जिसका श्रेय लंबे और प्रतिस्पर्धी एचआइएल सीजन को भी दिया गया। यूरोप में संघर्ष हालांकि, जून में प्रो लीग के यूरोपीय चरण के दौरान भारतीय टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। टीम को ऑस्ट्रेलिया,




नीदरलैंड्स और अर्जेंटीना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा और केवल बेल्जियम के खिलाफ एक जीत मिल सकी। टीम ने कटाया विश्व कप का टिकटइस वर्ष भारतीय हॉकी टीम की सबसे बड़ी उपलब्धि एशिया कप में जीत रही, जहां आठ साल बाद खिताब जीतकर उसने अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले एफआइएच विश्व कप के लिए टिकट कटाया। भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अपना दबदबा दिखाया। फाइनल में भारतीय टीम ने गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। खिताबी मुकाबले में दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह और अमित रोहिदास ने गोल किए। सुल्तान अजलन शाह कप 2025 इस टीम के लिए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि सुल्तान अजलन शाह कप 2025 में उनका प्रदर्शन था, जहां भारतीय टीम ने शानदार खेल दिखाया। इस टूर्नामेंट में हरमनप्रीत सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह जैसे अधिकांश स्टार खिलाड़ियों को आराम दिया गया था, इसके बावजूद टीम ने बेहतरीन खेल दिखाया। हालांकि वे बेल्जियम से 0-1 के मामूली अंतर से खिताब हार गये, लेकिन कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड और कनाडा को उन्होंने शानदार तरीके से हराया। कप्तान हरमनप्रीत का बयानहॉकी इंडिया की ओर से जारी बयान में टीम कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि एशिया कप जीतना भारतीय टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी, लेकिन मुझे लगता है कि अजलन शाह कप का प्रदर्शन इस साल की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक रहा। टीम के कई मुख्य खिलाड़ियों को आराम दिया गया था, इसके बावजूद टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। इससे हमें 2026 के व्यस्त वर्ष के लिए मजबूती मिली है, जहां एशियाई खेल और विश्व कप एक-दूसरे के करीब हैं। हमारे पास अब टीम संयोजन के लिए कई विकल्प हैं। 2026 की ओर मजबूती से कदमकुल मिलाकर, 2025 भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए आत्मविश्वास, गहराई और निरंतरता का साल रहा। एशिया में नंबर-1 की स्थिति, विश्व कप के लिए सीधा क्वालिफिकेशन और युवा खिलाड़ियों का उभार- ये सभी संकेत देते हैं कि भारतीय हॉकी आने वाले बड़े टूर्नामेंटों के लिए पूरी तरह तैयार है।

### टी-20 विश्व कप के लिए ओमान टीम का ऐलान



**नयी दिल्ली।** ओमान ने मंगलवार को आइसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कप्तानी अनुभवी बल्लेबाज जतिंदर सिंहको सौंपी गई है, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज विनायक शुक्ला को उपकप्तान बनाया गया है। टी20 विश्व कपका आयोजन 7 फरवरी से 8 मार्च तक भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में किया जाएगा। यह ओमान का चौथा टी-20 विश्व कप होगा। इससे पहले टीम 2016, 2021 और 2024 के संस्करणों में खेल चुकी है। इस बार ओमान को ग्रुप-बी में जगह मिली है, जहां उसका सामना ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, आयरलैंड और जिम्बाब्वे जैसी मजबूत टीमों से होगा। अपनी चौथी भागीदारी में ओमान की नजर एक प्रभावशाली प्रदर्शन कर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान और मजबूत करने पर होगी। ओमान ने आइसीसी एशिया-ईएपी क्वालीफायरके जरिए टी20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया था, जहां उसने नेपाल के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। टीम अपने अभियान की शुरूआत 9 फरवरी को कोलंबो में जिम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबले से करेगी।

## दुमका में पूर्व पीएम वाजपेयी का मना जयंती शताब्दी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**शिकारीपाड़ा।** शिकारीपाड़ा विवाह भवन में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जयंती शताब्दी वर्ष पर शिकारीपाड़ा विधानसभा स्तरीय अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित मंडल अध्यक्ष शुभाशीष चटर्जी के अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें मुख्य रूप से प्रभारी के रूप में पूर्व कृषि मंत्री रणधीर सिंह ने उपस्थित हुए। साथ में जिलाध्यक्ष गौरव कांत भी मौजूद थे। पूर्व मंत्री सिंह ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे व्यक्ति नहीं एक विचार थे। भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष थे। जिन्होंने सिद्धांत और संवेदना को महत्व दिया। उनका जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और सुशासन का प्रेरणास्रोत है और वे एक कुशल राजनेता होने के साथ-साथ एक संवेदनशील कवि, प्रखर वक्ता और दूरदर्शी नेता थे। जिन्होंने देश को दिशा दी और सुशासन का मंत्र दिया। उनके प्रधानमंत्री के कार्यकाल में झारखंड को अलग राज्य का दर्जा मिला वे झारखंड के जन्मदाता कर रूप में हमलोग जानते है। बाजपेयी जी ने देश के कई योजनाओं को धरातल पर उतार कर नई दिशा दी है। उनके जीवनी को हम सभी को आत्मसात करने की आवश्यकता है, कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष गौरवकांत, पारितोष सोरेन, सुरेश मुर्मू ने भी संबोधित किये। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष रघुनाथ दत्ता, बबलु मंडल, पिंटू साह, राम नारायण भगत, जिप सदस्य विमान सिंह, अविनाश सोरेन, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रूपेश मंडल, मंडल अध्यक्ष तरुण नन्दी, शुभाशीष चटर्जी, रुद्र गोराई, अजय सिंह, कामेश्वर गुप्ता, हेमंत साहा, सुचांद दास, नरेंद्र साह, नव घोष, निताई भंडारी, गद्दू कन्नानीय, बबलु दत्ता, नोनिगोपाल पाल, अजय मंडल, सामुएल मुर्मू, जितेन दास, बालेश्वर कानन मरांडी, पोलटू मंडल, अभिजीत, बुधन किस्कू, कृष्णेन्दु राय, संजीव दे, बाल कृष्ण व अन्य मौजूद थे।

## प्रथम दिशोम गुरु शिबू सोरेन मेमोरियल नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप पर झारखंड का कब्जा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** इस्पात नगरी बोकारो के सेक्टर- 5 बी स्थित जीजीपीएस में आयोजित प्रथम दिशोम गुरु शिबू सोरेन मेमोरियल ट्रॉफी वूमेंस नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 के खेल महाकुंभ में प्रतियोगिता के अंतिम दिन मेजबान झारखंड ने अपनी बादशाहत कायम रखते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया जबकि बिहार की टीम उपविजेता रही। क्योंकि स्पर्धा में झारखंड ने प्रथम बिहार ने द्वितीय और छत्तीसगढ़ ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं पूमसे विधा में बिहार ने पहला स्थान पाया जबकि झारखंड दूसरे और ओडिशा तीसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में 53 किलो भार वर्ग में झारखंड की लाडली पांडेय ने स्वर्ण पश्चिम बंगाल की सुमना महतो ने रजत और बिहार की तृप्ति आनंद व पिंकी ने कांस्य पदक जीता। 57 किलो वर्ग में झारखंड की टन्नू कुमारी ने स्वर्ण और किरण चौबे ने रजत पदक अपने नाम किया जबकि छत्तीसगढ़ की दिया और झारखंड की अमिषा कुमारी को कांस्य से संतोष करना पड़ा। वहीं 73 किलो से ऊपर के वर्ग में झारखंड की वंदना ने स्वर्णिम सफलता हासिल की। सब-जूनियर वर्ग में 16 किलो भार वर्ग में बिहार की रितिका राय ने स्वर्ण और झारखंड की मैत्री ने रजत पदक जीता। 22 किलो वर्ग में बिहार की अदिति राज प्रथम रहीं जबकि 29 किलो वर्ग में झारखंड की यश्वी प्रिया ने बाजी मारी। इसी वर्ग में ओडिशा की पायल पल्लवी ने रजत और झारखंड की आलिया व आर्या ने कांस्य पदक जीते। 35 किलो वर्ग में झारखंड की विधि खंडेलवाल ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की।

### एक नजर में

### रोजगार सेवक पर झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप लगा पत्रकार ने डीआइजी से जांच कर न्याय दिलाने का किया आग्रह

**दुमका।** पत्रकार शब्बीर अंसारी ने डीआईजी को आवेदन सौंपा। आवेदन देकर शब्बीर अंसारी ने झूठे केस में फंसाने का अरोप लगाते हुए जांच कर कार्रवाई का मांग किया है। जिसमें बताया कि रानेश्वर थाना कांड संख्या 45/ 25 की धारा 308 (2) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस केस के रानेश्वर प्रखंड के जीवनपुर मोड़ पर सूचक रोजगार सेवक मणिलाल मुर्मू के द्वारा 22 नवंबर को 5 हजार रुपए मांगने का आरोपों को गलत बताया है। जबकी उक्त तिथि को सूचक धनबाधा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मौजूद थे। सूचक से किसी प्रकार का नहीं कोई बातचीत और नहीं मुलाकात हुई है। आवेदन में बताया कि बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा से पुरानी रंजीश है। इससे पूर्व भी दो अन्य प्राथमिकी दर्ज बीडीओ के ईशारे पर कराया गया है। बीडीओ के कहने पर 22 नवंबर की घटना का उल्लेख करते हुए 7 दिसंबर को प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। मनरेगा योजना में अनियमितता की खबर प्रकाशन के बाद बीडीओ के इशारे पर सूचक रोजगार सेवक मणिलाल मुर्मू द्वारा झूठा केस में फंसाने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। आवेदन में पीड़ित पत्रकार शब्बीर अंसारी डीआईजी से सीसीटीवी फुटेज आदि की जांच करा न्याय दिलाने का आग्रह किया है।

### श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल,बोकारो में अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम संपन्न

**बोकारो।** श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल बोकारो में आयोजित अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य वास्तविक जीवन के अनुभवों के माध्यम से समग्र विकास को बढ़ावा देना था। इस पूरे कार्यक्रम की योजना और देखरेख माननीय प्रधानाचार्य पी शैलजा जयकुमार ने की जिनके दूरदर्शी नेतृत्व ने प्रत्येक बच्चे के लिए सार्थक शिक्षण परिणाम सुनिश्चित किए। कार्यक्रम का संचालन उप-प्रधानाचार्य राजलक्ष्मी के कुशल मार्गदर्शन में संबंधित कक्षा शिक्षकों और खेल शिक्षक की उत्साही भागीदारी के साथ किया गया। इस पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों ने आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व के विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया। श्री अय्यप्पा मंदिर के भ्रमण से बच्चों को दक्षिण भारतीय वास्तुकला भक्तिमय रीति-रिवाजों और पवित्र दीपों और मंदिरों द्वारा निर्मित शांत वातावरण का अनुभव हुआ। साईं मंदिर में विद्यार्थियों ने शांत और सौम्य वातावरण में साईं बाबा की शिक्षाओं के बारे में सीखते हुए करुणा स्वच्छता और सद्भाव के मूल्यों का अवलोकन किया। गुरुद्वारे के भ्रमण से सिख परंपराओं सामुदायिक सेवा और समानता एवं एकता की भावना का ज्ञान प्राप्त हुआ। एक अन्य महत्वपूर्ण अनुभव ब्रह्माकुमारी केंद्र का भ्रमण था जहां बच्चों को आंतरिक शांति और आत्म-जागरूकता की अवधारणा से धीरे-धीरे परिचित कराया गया। उन्होंने शांत वातावरण का अनुभव किया और राजयोग ध्यान के बारे में सीखा। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने सक्रिय रूप से अवलोकन किया संवाद किया और चिंतन किया।

### मुखिया पार्वती देवी ने की आंगनबाड़ी केन्द्रो के सभी बच्चो के बीच स्वेटर वितरण

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखंड अन्तर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत क्षेत्र मियाबांध आंगनबाड़ी और बगिया टोला आंगनबाड़ी केंद्र मे मंगलवार को सरकार द्वारा प्रदत स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंचायत की मुखिया मुखिया पार्वती देवी ने अपने हांथो दोनों केंद्रो के सभी बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। यहां कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पंचायत की मुखिया पार्वती देवी ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है। इन्हें बेहतर शिक्षा मिलना चाहिए। कहा कि बच्चों के नियमित केंद्र आने से अच्छी शिक्षा बेहतर भविष्य को अपना पाएंगे। इसलिए हर अभिभावकों से अपील है कि अपने बच्चो को प्रत्येक दिन आंगनबाड़ी केंद्र भेजे। वही उन्होंने उपस्थित सभी अभिभावकों को अपील करते हुए अपने संबोधन में कहा की बेटा हो या बेटी हर हाल में बच्चों को पढाये, ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके और गांव, क्षेत्र का नाम रौशन करें। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविका जयंती देवी एवं रेनू देवी, सहायिका रीमा देवी सहित दर्जनों बच्चे और अभिभावक उपस्थित थे।

### पेटरवार पुलिस का वाहन जांच अभियान, नियम उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई

**बेरमो।** बोकारो एसपी के निर्देश पर पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत स्व छत्रुराम महतो चौक पर पेटरवार पुलिस द्वारा विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराना था। जांच अभियान में थाना प्रभारी राजू मुंडा के साथ थाना के कई पुलिसकर्मी सक्रिय रूप से शामिल रहे। अभियान के दौरान पुलिस ने दोपहिया वाहनों की गहन जांच की। विशेष रूप से बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले, दो से अधिक सवारी लेकर चलने वाले तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा बीस वाहनों को मौके पर ही जब्त किया गया, वहीं नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन का ऑनलाइन चालान भी काटा गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी राजू मुंडा ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का पालन बेहद जरूरी है। विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनना अनिवार्य है, क्योंकि हेलमेट न पहनने से दुर्घटना की स्थिति में गंभीर चोट या जान जाने का खतरा बढ़ जाता है।

## स्पीड न्यूज

### कोइरी-कुशवाहा जाति को बीसी-1 में शामिल करे सरकार : सतीश



**बोकारो/कसमार।** झारखंड में अब पिछड़ा वर्ग-2 में शामिल कुशवाहा जाति अब पिछड़ा वर्ग -1 में शामिल होने के लिए सरकार से मांग कर रहा है। कुशवाहा अतिपिछड़ा संघर्ष अधिकार मोर्चा नामक बैनर तले हरेक जिले में संगठन को मजबूत कर कुशवाहा-कोइरी समाज को एकजुट करने में जुट गया है। इस क्रम में बोकारो जिले के जरीडीह प्रखंड की बाराडीह मुखिया व समाजसेवी पुष्पा देवी को प्रदेश महिला मोर्चा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष विजय महतो को केंद्रीय उपाध्यक्ष व नंदकिशोर महतो को केंद्रीय सचिव समेत अन्य पदाधिकारियों को मनोनीत किया है। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सतीश कुमार बब्लू ने इस संबंध में प्रेस वार्ता कर कुशवाहा समाज की मांग और आंदोलन की रणनीति की जानकारी देते बताया कोइरी कुशवाहा जाति कृषि कार्य करने वाला समाज अति पिछड़ा जाति है। जिसका सामाजिक राजनीतिक व आर्थिक पिछड़ापन आज भी बरकरार है। समाज बराबरी का हक पाने के लिए बीसी -1 में शामिल होना आवश्यक है। इस दौरान केंद्रीय सदस्य रंजीत कुमार कुशवाहा नरेंद्र कुमार महतो अमरलाल महतो रंजीत महतो वंशीलाल कुशवाहा बिनोद कश्यप बीएन महतो ललिता देवी वीणा देवी आदि मौजूद थे।

### चास नगर निगम ने प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रेता से वसूला जुर्माना



**बोकारो।** शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने और स्वच्छता रैंकिंग में सुधार के लिए चास नगर निगम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। नगर निगम के प्रशासक-सह-अपर नगर आयुक्त के निर्देश पर गठित एनफोर्समेंट टीम ने बाजार समिति और जोधाडीह मोड़ जैसे व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्रों में दर्जनों दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिबंधित सामग्री और प्लास्टिक का विक्रय करने वाले संस्थानों से कुल 48000 रुपये का आर्थिक दंड वसूला गया। इस अभियान का नेतृत्व सहायक नगर आयुक्त स्मिता किरण ने किया जिनके साथ नगर प्रबंधक और निगम कर्मी मौजूद थे। अपर नगर आयुक्त ने नागरिकों व व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक न केवल हमारी सेहत बल्कि शहर की ड्रेनेज व्यवस्था के लिए भी घातक है जिससे नालियां जाम होती हैं। उन्होंने बाजार में उपलब्ध पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को अपनाने पर जोर दिया।

### झिरकी में वॉलीबॉल टूर्नामेंट में मां चण्डी क्लब बना विजेता



**कथारा।** कथारा स्थित झिरकी यादव टोला के मैदान में वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबला मां चण्डी क्लब कथारा बस्ती और चौधरी टोला क्लब के बीच हुआ। इसमें चण्डी क्लब ने चौधरी टोला क्लब टीम को पराजित किया। पुरस्कार का वितरण थाना प्रभारी कथारा ओपी राजेश प्रजापति, कपिल देव यादव, नेमचंद यादव, रविंद्र यादव, कैलाश यादव ने किया। इस मुकाबले को देखने के लिए खेल प्रेमियों की भीड़ उमड़ पड़ी। थानाध्यक्ष राजेश ने कहा कि खेल के माध्यम से प्रशासन लोगों से जुड़कर उनकी समस्याओं के समाधान में सहायक बन सकता है।

# पुलिसिया बर्बरता के खिलाफ पत्रकारों ने दिया धरना मारपीट मामले में हंसडीहा थाना प्रभारी निलंबित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** वरिष्ठ पत्रकार मृत्युंजय पांडेय के साथ हंसडीहा थाना प्रभारी एवं उसके निजी चालक द्वारा की गई बेरहमी से मारपीट, दुर्व्यवहार तथा पत्रकार नितेश वर्मा के साथ हुई बदसलूकी के विरोध में मंगलवार को दुमका पत्रकार परिषद के तत्वावधान में एकदिवसीय धरना एवं प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार सुमन सिंह ने की। धरना में जिला मुख्यालय सहित विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे पत्रकारों ने घटना की कड़ी निंदा की। इस दौरान पत्रकारों ने मामले में एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी थाना प्रभारी के निलंबन एवं विभागीय कार्रवाई का स्वागत करते हुए आभार भी प्रकट किया। धरना-प्रदर्शन के बाद पत्रकारों ने डीसी एवं एसपी के नाम से संबोधित एक ज्ञापन मौके पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से घटना की प्रकृति और गंभीरता को रेखांकित करते हुए आरोपी थाना प्रभारी ताराचंद एवं उसके निजी चालक के आपराधिक कृत्य के मद्देनजर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। पत्रकारों ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास, मारपीट एवं गाली-गलौज के आरोप में गैर-जमानती धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अविलंब गिरफ्तारी, मामले की उच्चस्तरीय जांच एवं आरोपियों की संपत्ति की जांच कराने की मांग की। साथ ही भविष्य में किसी भी पत्रकार के साथ ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो, इसके लिए सभी पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की भी मांग किया गया। धरना को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार सुमन सिंह ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है और दिन-रात मेहनत कर सरकार के सकारात्मक कार्यों के साथ-साथ जनहित से जुड़ी समस्याओं को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी पत्रकार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है, लेकिन जब किसी पत्रकार पर संकट आता है तो वह खुद को अकेला महसूस करता है। उन्होंने कहा कि मृत्युंजय पांडेय के साथ हुई घटना के बाद पत्रकारों को अपनी एकजुटता और मजबूत करनी होगी। इस घटना के बाद पत्रकारों की एकजुटता की वजह से पुलिस ने तत्परता दिखाई। आरोपी थाना प्रभारी का निलंबन स्वागत योग्य है, लेकिन पत्रकारों की सुरक्षा और हित को लेकर सरकार व प्रशासन को ठोस नीति और कदम उठाने होंगे। वहीं पीड़ित पत्रकार मृत्युंजय पांडेय ने 27 दिसंबर की रात थाना प्रभारी ताराचंद एवं उसके निजी चालक द्वारा की गई शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना की आपबीती साझा करते हुए कहा कि यदि एसपी द्वारा समय रहते कार्रवाई नहीं की गई होती, तो उनकी जान को भी खतरा हो सकता था। सभा को राजेश पांडेय, पंचम झा, कुमार प्रभात, विजय तिवारी, राहुल गुप्ता, अमरेंद्र सुमन, मणि चयन मिश्र, राकेश चंदन, साबिर अंसारी आदि ने संबोधित किया। मंच संचालन वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन विकास साह ने किया। मौके पर राजकुमार उपाध्याय, पवन घोष, अनूप श्रीवास्तव, रविकांत सुमन, बिक्रमादित्य पाण्डेय, सुबीर चटर्जी, राकेश कुमार मुन्ना, पंकज भंडारी, दिलदार अंसारी, रामजी साह, अशोक राउत, विनोद शाश्वत, बसंत भालोटिया, मो मारूफ, मो हारून, सद्दाम हुसैन, भानु प्रताप सिंह, नित्यानंद बक्शी, सुशील झा, राकेश चन्दन, अमित बरियार, शैलेन्द्र राय, संदीप कुमार राम, मनोज कुमार, विजय कुमार समेत अन्य पत्रकार उपस्थित थे।

### ताराचंद के कृत्य से धुमिल हुई पुलिस की छवि : एसपी

पत्रकार मृत्युंजय कुमार पांडेय के साथ मारपीट एवं अभद्र व्यवहार करने के आरोप में एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने हंसडीहा थाना के प्रभारी ताराचंद को निलंबित कर उनके विरूद्ध विभागीय कार्रवाई प्रारंभ करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में 29 दिसम्बर को जारी आदेश पत्र में एसपी ने कहा है कि एसआई ताराचंद द्वारा किये गये कृत्य से पुलिस की छवि धुमिल हुई है। पत्र में लिखा है कि ताराचंद के कृत्य उनकी कर्तव्यहीनता, अनुशासनहीनता और मनमानेपन आचरण को परिलक्षित करता है।

## ई सी एल परियोजना में दहशत फैलाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** विगत दिनों ललमटिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत ईसीएल परियोजना में दहशत फैलाने के उद्देश्य से ललघुटवा डम्प साईड में लगी मशीन (डोजर) पर फायरिंग एवं आगजनी की घटना को दो अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा किया गया था। जिस सन्दर्भ ललमटिया थाना में मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी के द्वारा एसडीपीओ महागामा के नेतृत्व में तत्काल एक एसआईटी टीम का गठन किया गया था। एसआईटी टीम के द्वारा तकनीकी अनुसंधान के आधार पर घटना में संलिप्त दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद किया गया। दोनों अभियुक्तों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। एसआईटी घटना में अन्य अभियुक्तों संलिप्तता की संभावना के बिन्दू पर भी गहराई से अनुसंधान कर रही है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियो मो आरिफ उम्र 20 वर्ष पिता जमाल अंसारी, सा-ललघुटवा, थाना ललमटिया तथा मे इम्तियाज अंसारी उम्र 33 वर्ष पिता मो यासिन अंसारी, सा-बडा भोड़ाय, थाना ललमटिय से घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा-दो, खोखा-एक घटनास्थल से गोली का अग्र भाग (पिलेट) दो मोबाईल फोन कांड में प्रयुक्त बिना रजिस्ट्रेशन का पल्सर बाइक बरामद किया गया है। छापामारी दल में पुनि बिरेंद्र पासवान, बोआरीजोर प्रभाग, पुअनि रौशन कुमार, थाना प्रभारी, ललमटिया थाना, प्रभाष दास, गन्दुर उरांव, जगनारायण राम, सअनि शंकर प्रसाद यादव, सुरेन्द्र कुमार यादव शामिल थे।

## अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन भाजपा कार्यकर्त्ता के लिये आदर्श : अमर बाउरी


**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** भाजपा झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर बोकारो जिला अंतर्गत बेरमो विधानसभा क्षेत्र के करगली कल्याण मंडप में भव्य रूप से अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित की गई। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अमर बाउरी ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों, सुशासन एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को समर्पित रहा। अटल जी न केवल भारतीय राजनीति के युगपुरुष थे, बल्कि वे एक संवेदनशील कवि, ओजस्वी वक्ता औरदूरदर्शी राजनेता के रूप में सदैव स्मरणीय रहेंगे। वाजपेयी का जीवन एक आदर्श है जिसको करोड़ो भाजपा कार्यकर्त्ता को आत्मसर करने की आवश्यकता है। पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के संघर्ष के परिणामस्वरूप भाजपा बनी विश्व कि सबसे बड़ी पार्टी है। अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन आदर्श मूल्यों का एक सार्थक उदाहरण है। मौके पर जिला अध्यक्ष जयदेव राय, महिला जिलाध्यक्ष गिरजा देवी, मधुसूदन प्रसाद सिंह व विनय सिंह, जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष जगरनाथ राम सहित सी पी सिंह, ईश्वर प्रजापति, विक्रम गोस्वामी, चन्द्रशेखर महथा, रमेश स्वर्णकार, रवीन्द्र मिश्रा, वासुदेव मिश्रा, दिनेश पांडेय, टुनटुन तिवारी, भाई प्रमोद सिंह, बैजनाथ सिंह, अशोक मिश्रा, अर्जुन सिंह, सचिन मिश्रा, सुरेंद्र गिरि, वैभव चौरसिया, नवल किशोर सिंह, संजय सिंह, शंकर रजक, रीना पांडेय, सीमा महतो, राघा देवी, गीता चौधरी, सरोजनी देवी, वीणा देवी, शिव पूजन चौहान, घनेश्वर महतो, दीपक गिरि, भरत वर्मा, श्रीकांत यादव, चंदन राम, अशोक रविदास, कन्हैया तिवारी, संजय पांडेय, अनिल गुप्ता, रामू तांती, दिनेश यादव, मनोज तिवारी, सुभाष चंद्र महतो, प्रशांत सिंह, बबलू सिंह,मदन गुप्ता, मूलचंद खुराना, मनोज चंद्रवंशी, राजेश सिंह, अंजनी सिंह, शंकर भदानी, कांति सिंह, शिव प्रकाश पांडेय, शिव लाल, मृत्युंजय, महेन्द्र सिंह, बिरेंद्र ठाकुर, मदन श्रीवास्तव, प्रणेश गिरि, अशोक रविदास, लाल मोहन महतो, तपन चक्रवती व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## गोड्डा जिला में जोगनी स्थान पर्यटन के क्षेत्र में प्रमुख आकर्षण का केंद्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** जिला स्थित जोगनी स्थान धार्मिक, प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से पर्यटन का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। यह स्थल स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए विशेष आस्था और आकर्षण का केंद्र है।

जोगनी स्थान अपनी प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और धार्मिक मान्यताओं के लिए प्रसिद्ध है। यहां स्थित देवी जोगनी का मंदिर श्रद्धालुओं की गहरी आस्था से जुड़ा हुआ है। वर्ष भर पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का आगमन होता रहता है, जबकि नवरात्रि, मेला एवं विशेष पर्वों के अवसर पर यहां बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। पर्यटन की दृष्टि से जोगनी स्थान का क्षेत्र हरियाली, पहाड़ी परिवेश और शांत माहौल से युक्त है, जो इसे एक आदर्श धार्मिक-पर्यटन एवं प्रकृति-पर्यटन स्थल बनाता है। जिला प्रशासन द्वारा आधारभूत सुविधाओं के विकास, स्वच्छता, सड़क संपर्क एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिल सके। जोगनी स्थान न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह गोड्डा जिले की पर्यटन संभावनाओं को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भविष्य में इसके समुचित विकास से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलने के साथ-साथ जिले की पहचान पर्यटन मानचित्र पर और अधिक सशक्त होगी। नव वर्ष के मौके पर जोगनी स्थान में पूजा अर्चना करने के लिए अवश्य पधारे एवं अपनी मनोकामना करें।

## बोकारो : ईएसएल स्टील ने पारटांड़ में खोला कॉमन रिसोर्स सेंटर




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** ईएसएल स्टील लिमिटेड ने किसान दिवस 2025 के अवसर पर अपने प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम प्रोजेक्ट वाड़ी के तहत पारटांड़ में कॉमन रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन किया। केंद्र का उद्घाटन ईएसएल स्टील लिमिटेड के मुख्य वित्त अधिकारी आनंद दुबे ने हेड-सीएसआर कुणाल दरिपा सीएसआर टीम- नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक फिलमून बिलुंग एवं स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। यह केंद्र किसानों के लिए प्रशिक्षण आधुनिक खेती की तकनीकों का प्रदर्शन कृषि विस्तार सेवाएं और कृषि यंत्रों के लिए कस्टम हायरिंग सर्विस की सुविधा उपलब्ध कराएगा। उद्घाटन कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक आदिवासी स्वागत से हुई। मौके पर किसानों ने मॉडल फार्म का भ्रमण कर उन्नत नर्सरी और सतत वृक्षारोपण पद्धतियों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन देखा। वाड़ी लाभार्थी किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे वैज्ञानिक खेती से उनकी आय और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है। कार्यक्रम का समापन सामुदायिक भोजन के साथ हुआ।

## पेज एक का शेष...

**भारत ने 2025 में पकड़ी सुधारों की तेज रफ्तार, रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार हुआ देश :** प्रधानमंत्री ने प्रमुख सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में दो स्लैब—5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की साफ-सुथरी संरचना लागू की गई है। मध्य वर्ग को ऐतिहासिक राहत देते हुए सरकार ने 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय को पूरी तरह आयकर से मुक्त कर दिया है। वर्ष 1961 के पुराने आयकर अधिनियम को हटाकर सरल और आधुनिक आयकर अधिनियम, 2025 लागू किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि छोटे और मध्यम व्यवसायों को प्रोत्साहन देते हुए छोटी कंपनियों की परिभाषा का विस्तार कर 100 करोड़ रुपये तक के टर्नओवर वाली कंपनियों को शामिल किया गया है, जिससे हजारों कंपनियों का अनुपालन बोझ और लागत कम होगी। बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति से बीमा कवरेज बढ़ेगा, प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।

प्रधानमंत्री ने बताया कि प्रतिभूति बाजार सुधारों के तहत संसद में प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक पेश किया गया है, जिससे सेबी में सुशासन मजबूत होगा, निवेशकों का संरक्षण बढ़ेगा और अनुपालन बोझ घटेगा। समुद्री और ब्लू इकॉनमी सुधारों के तहत मानसून सत्र में पांच महत्वपूर्ण समुद्री कानून पारित किए गए, जिनसे दस्तावेजीकरण सरल हुआ और लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए कई गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों को रद्द या निलंबित किया गया, जिससे निर्यात बढ़ेगा और घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ते उत्पाद मिलेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 29 श्रम कानूनों को चार आधुनिक संहिताओं में समाहित किया गया है, जिससे श्रमिकों के हित सुरक्षित होंगे और व्यवसायिक वातावरण मजबूत होगा। इन सुधारों से महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी बढ़ेगी और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा का दायरा मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने बताया कि विदेश नीति और विदेश व्यापार समझौतों का भी जिक्र किया। ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्यदिवसों को 100 से बढ़ाकर 125 किए जाने को ऐतिहासिक सुधार बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे गांवों में बुनियादी ढांचे और आजीविका को मजबूती मिलेगी। अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2025 के सुधार नियंत्रण की जगह सहयोग और नियमन की जगह सुविधा की सोच पर आधारित हैं। ये सुधार समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में निर्णायक हैं। उन्होंने देश और विदेश के निवेशकों से भारत की विकास यात्रा पर भरोसा बनाए रखने और भारत की प्रगति में भागीदार बनने का आह्वान किया।





# वर्ष 2025 : झारखंड की शिक्षा व्यवस्था के लिए रहा मिलाजुला वर्ष



सुधीर

**रांची।** साल 2025 में झारखंड शिक्षा विभाग की प्रमुख उपलब्धियों में छात्रों के बीच ड्रॉपआउट दर में भारी कमी (विशेषकर माध्यमिक स्तर पर), नए शैक्षणिक कैलेंडर (2025-26) का जारी होना, जिसमें परीक्षाओं और ओलंपियाड की तिथियां तय हैं। ई-विद्या वाहिनी जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग, 'ज्ञान सेतु' और 'आकांक्षा' जैसी पहलें, और शिक्षकों के प्रशिक्षण व स्कूलों के पुनर्गठन पर जोर शामिल है। हालांकि कुछ क्षेत्रों (भाषा/गणित) में सीखने के स्तर में सुधार की गुंजाइश है। इस विदाई और स्वागत की बेला में आपका अपना अखबार दैनिक खबर मन्त्र यह बताने का प्रयास कर रहा है कि आम लोगों के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण शिक्षा के लिए वर्ष 2025 कैसा रहा? झारखंड में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और वर्षों से चली आ रही मैनपावर की कमी को दूर करने के उद्देश्य से वर्ष 2025 में राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण और दूरगामी कदम उठाए हैं। इसका उद्देश्य केवल शिक्षकों की संख्या बढ़ाना ही नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना, छात्रों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ना और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को समान अवसर उपलब्ध कराना भी है। हालांकि, इन सकारात्मक प्रयासों के बावजूद यह सच्चाई भी सामने है कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था अब भी गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है। खासकर उच्च शिक्षा और माध्यमिक स्तर पर शिक्षकों और कर्मचारियों की भारी कमी है। इन्हीं तमाम बिंदुओं पर फोकस करते हुए प्रस्तुत है यह विशेष रिपोर्ट.......

## मैन पावर की कमी पाटने को सरकार ने उढाये कई महत्वपूर्ण और दूरगामी कदम

## शिक्षा व्यवस्था में सुधार की कोशिश हुई, पर अभी भी सामने हैं कई चुनौतियां

### उच्च शिक्षा राज्य की सबसे कमजोर कड़ी

झारखंड की उच्च शिक्षा व्यवस्था इस समय सबसे गंभीर संकट से गुजर रही है। राज्य के लगभग सभी विश्वविद्यालयों में शिक्षकों और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की भारी कमी है। कई विभाग वर्षों से अतिथि शिक्षकों के भरोसे चल रहे हैं। नियमित नियुक्तियां लंबे समय से नहीं हुई हैं। जिससे शोध, अकादमिक गुणवत्ता और छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। सरकार ने मुक्त विश्वविद्यालय और जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव जरूर दिया है, लेकिन मौजूदा विश्वविद्यालयों में मैनपावर की कमी को दूर किए बिना उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार संभव नहीं माना जा रहा।



### हाई स्कूल और मिडिल स्कूल में सबसे गंभीर स्थिति

राज्य के कई जिलों में हाई स्कूल और मिडिल स्कूलों में विषयवार शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। गणित, विज्ञान, अंग्रेजी जैसे विषयों के शिक्षक वर्षों से पदस्थापित नहीं हुए हैं। कई स्कूलों में एक ही शिक्षक को कई कक्षाओं और विषयों की जिम्मेदारी निभानी पड़ रही है। इसका असर बच्चों की बुनियादी समझ और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर साफ दिख रहा है।

### डिजिटल शिक्षा विकल्प बना, पर समाधान नहीं

डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड एजुकेशन ग्रिड के तहत सरकार ने सराहनीय पहल की है। स्मार्ट क्लास, ऑनलाइन कंटेंट और ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म के जरिए छात्रों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ा जा रहा है। खासकर ग्रामीण और दूर-दराज इलाकों के छात्रों को इससे लाभ भी मिल रहा है। हालांकि, यह भी सच है कि डिजिटल शिक्षा शिक्षक का विकल्प नहीं बन सकती। जहां प्रशिक्षित शिक्षक ही नहीं हैं, वहां केवल डिजिटल माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।








### शिक्षा सुधार की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहल

स्थानीय भाषाओं में शिक्षा को बढ़ावा और समग्र शिक्षा योजना के तहत शिक्षक प्रशिक्षण सराहनीय कदम है, लेकिन प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या सीमित होने से इन योजनाओं का पूरा लाभ अभी नहीं मिल पा रहा है। कुल मिलाकर झारखंड सरकार ने 2025-26 में शिक्षा सुधार की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहल की है, लेकिन सच्चाई यह भी है कि स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालयों तक शिक्षकों और कर्मचारियों की कमी अब भी सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। जब तक नियमित नियुक्तियां, विश्वविद्यालयों में फैकल्टी बहाली और स्कूलों में विषयवार शिक्षक उपलब्ध नहीं कराए जाते, तब तक शिक्षा सुधार का लक्ष्य अधूरा रहेगा। अब जरूरत है कि नीतियों के साथ-साथ जमीनी स्तर पर ठोस पहल करने की, ताकि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था वास्तव में मजबूत बन सके।




### बढ़ता बजट, लेकिन जमीनी चुनौतियां

वर्ष 2025-26 में शिक्षा बजट को बढ़ाकर 17,607 रुपये करोड़ से अधिक किया गया है, जो सरकार की प्राथमिकता को दशार्ता है। यह बजट बुनियादी ढांचे, डिजिटल संसाधनों और छात्र कल्याण योजनाओं पर खर्च किया जा रहा है, लेकिन शिक्षाविदों का कहना है कि जब तक इस बजट का बड़ा हिस्सा नियमित शिक्षक नियुक्ति, विश्वविद्यालयों में फैकल्टी और स्कूलों में सपोर्ट स्टाफ पर खर्च नहीं होगा, तब तक सुधार अधूरा रहेगा। छात्रों के लिए वित्तीय सहायता गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 15 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण छात्रों के लिए एक बड़ी राहत है। छात्रवृत्ति योजनाओं के विस्तार से भी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को सहारा मिला है, लेकिन बिना पर्याप्त शिक्षक और मजबूत संस्थागत ढांचे के केवल वित्तीय सहायता से शिक्षा की गुणवत्ता सुनि>ित नहीं की जा सकती।

### शिक्षक भर्ती से राहत जरूर, पर कमी बरकरार



झारखंड की शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी और पुरानी समस्या शिक्षकों की कमी रही है। सरकारी स्कूलों में वर्षों से हजारों पद खाली पड़े हैं, जिसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई, परीक्षा परिणाम और शैक्षणिक गुणवत्ता पर पड़ा है। इस चुनौती को देखते हुए सरकार ने वर्ष 2025 में लगभग 11,000 शिक्षकों की नियुक्ति की। जिससे प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में कुछ हद तक राहत मिली है। इसके साथ ही 2026 में 40,000 सहायक आचार्यों की भर्ती की घोषणा की गई है, जिसमें 26,001 सहायक आचार्य शामिल हैं। यह फैसला निश्चित रूप से ऐतिहासिक माना जा रहा है, लेकिन शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह संख्या भी राज्य की वास्तविक जरूरतों के मुकाबले कम है, क्योंकि हाई स्कूल से लेकर मिडिल स्कूल तक अब भी सैकड़ों विद्यालय एकल शिक्षक या सीमित स्टाफ के सहारे चल रहे हैं।



### फैक्ट फाईल

#### विभाग की प्रमुख उपलब्धियां और पहल

- **ड्रॉपआउट दर में कमी:** यू डायस +2024-25 डेटा के अनुसार, प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर स्कूल छोड़ने की दर में उल्लेखनीय कमी आई है, जो पिछले वर्षों की तुलना में काफी बेहतर है।
- **शैक्षणिक कैलेंडर 2025-26:** जेसीईआरटी ने नया कैलेंडर जारी किया, जिसमें सत्र जुलाई 2025 से शुरू होकर मार्च 2026 तक चलेगा, और परीक्षाओं (हाफ-ईयरली, समेटिव) व ओलंपियाड की तिथियां तय की गईं।
- **डिजिटल प्लेटफॉर्म:** ई-विद्या वाहिनी जैसे एकीकृत एमआईएस प्लेटफॉर्म का उपयोग, जिससे शिक्षा प्रबंधन बेहतर हो रहा है।
- **सीखने के स्तर में सुधार:** 'ज्ञान सेतु' जैसी पहलें, जो छात्रों के सीखने के स्तर को बढ़ाना चाहती हैं, और 'आकांक्षा' जैसी योजनाये।
- **शिक्षक प्रशिक्षण:** दीर्घकालिक शिक्षक प्रशिक्षण और प्रबंधन अधिकारियों की क्षमता निर्माण पर जोर दिया जा रहा है।
- **स्कूल पुनर्गठन:** स्कूलों के पुनर्गठन और बेहतर निगरानी के माध्यम से जवाबदेही बढ़ाई जा रही है।
- नामांकन अभियान: जून 2025 से नामांकन अभियान शुरू हुआ, जिससे अधिक बच्चों को स्कूल लाया जा सके।

#### विभाग की चुनौतियां

- **सीखने के परिणाम:** परख रिपोर्ट (2025) के अनुसार, सरकारी स्कूलों के छात्रों का भाषा और गणित में प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से कम है, खासकर एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों के लिए।
- **बुनियादी ढांचा और शिक्षक:** शिक्षकों की भर्ती और बुनियादी ढांचे में अभी भी चुनौतियां हैं, हालांकि इस दिशा में काम जारी है।

संक्षेप में, 2025 में झारखंड शिक्षा विभाग ने नामांकन और ड्रॉपआउट को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन सीखने की गुणवत्ता में सुधार के लिए अतिरिक्त प्रयास की आवश्यकता है, जिसके लिए नए कैलेंडर और डिजिटल साधनों का उपयोग किया जा रहा है।